# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 16 मार्च 2026



inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दिवंगत अजित पवार की सीट पर 23 अप्रैल को मतदान



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। गोवा, कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए वोटिंग 9 अप्रैल को होगी। गुजरात और महाराष्ट्र की तीन विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे। महाराष्ट्र की बारामती सीट भी शामिल हैं, जहां से डिप्टी सीएम अजित पवार विधायक थे, जिनका प्लेन हादसे में निधन हो गया। जिन आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं, उनमें गोवा में पोंडा, कर्नाटक में बागलकोट और दक्षिण दावणगेरे, नगालैंड में कोरिडांग, त्रिपुरा में धर्मनगर, गुजरात में उमरेठ और महाराष्ट्र में राहुरी और बारामती शामिल हैं।

### ओसवाल डेनिम ग्रुप की फैक्ट्री में आग



**राजगढ़।** जिले के औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम ग्रुप की कपड़ा फैक्ट्री में रविवार दोपहर तकनीकी कारणों से आग लग गई। सूचना मिलते ही प्रशासन एलर्ट मोड पर आया और तुरंत समीप की कुरावर नगर परिषद की दमकल आग बुझाने पहुंचाई गई। गनीमत रही की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई हैं। जानकारी के अनुसार ओसवाल डेनिम ग्रुप एक वैश्विक कंपनी है जो अलग-2 व्यवसायों से जुड़ी है।

इसी ग्रुप की एक कपड़ा फैक्ट्री राजगढ़ जिले के पीलूखेड़ी में है। यहां कपड़ा, धागा इत्यादि आटोमेटिक मशीनों से तैयार किया जाता है। इस फैक्ट्री की एक विंग में रविवार दोपहर करीब 12 बजे आग की बड़ी-बड़ी लपटें और धुआं उठने लगा। पहले तो फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई।

### एक अप्रैल से फास्ट टैग एनुअल पास होगा महंगा




**नई दिल्ली।** पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुरू किए गए 3000 रुपए के फास्टैग एनुअल पास जारी हुआ था। अब फास्टैग का एनुअल पास खरीदने के लिए आपको थोड़ी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। एनएचएआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए फास्टैग की एनुअल फीस में बदलाव किया है। अब 3000 की जगह 3075 रु.देने होंगे। यह 1 अप्रैल से लागू हो जाएगी। जिन गाड़ियों में एनुअल पास एक्टिव होता है, उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित टोल प्लाजा से 200 बार तक गुजरने की अनुमति होती है। यह पास एक साल के लिए वैलिड होता है। इनमें से जो भी शर्त पहले पूरी हो जाए।

### प्रवासी भारतीयों ने डीएलएफ की 5250 करोड़ की संपत्तियां खरीदीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) को 5,250 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं। यह कंपनी की कुल बिक्री बुकिंग का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, डीएलएफ लिमिटेड की वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कुल बिक्री बुकिंग 16,176 करोड़ रुपये रही।



राज्य **पश्चिम बंगाल**

| चरण | दो चरण |
|---|---|
| मतदान की तारीख | 23 अप्रैल, 29 अप्रैल |
| नतीजे | 4 मई 2026 |



राज्य **असम**

| चरण | एक चरण |
|---|---|
| मतदान की तारीख | 9 अप्रैल |
| नतीजे | 4 मई 2026 |



राज्य **केरल**

| चरण | एक चरण |
|---|---|
| मतदान की तारीख | 9 अप्रैल |
| नतीजे | 4 मई 2026 |



राज्य **पुदुचेरी**

| चरण | एक चरण |
|---|---|
| मतदान की तारीख | 9 अप्रैल |
| नतीजे | 4 मई 2026 |



राज्य **तमिलनाडु**

| चरण | एक चरण |
|---|---|
| मतदान की तारीख | 23 अप्रैल |
| नतीजे | 4 मई 2026 |

## पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुदुचेरी में चुनावी तारीखों का ऐलान

# 4 मई...को पता चल जाएगा कि किसकी सरकार बची, किसकी आई, किसकी गई

*मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई राज्य नई घोषणाओं का ऐलान नहीं कर सकता*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। बंगाल में दो फेज 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में सिंगल फेज में चुनाव होंगे। तमिलनाडु में 23 अप्रैल, केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान होगा।

पांचों राज्यों का रिजल्ट 4 मई को आएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों-यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 सीटों पर चुनाव होने हैं। इन राज्यों में रविवार से ही आचार संहिता लागू हो गई है। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। पिछली बार बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे। असम में 3 और तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में सिंगल फेज में वोटिंग हुई थी। पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून में खत्म हो रहा है।

- बंगाल में 23-29 अप्रैल, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान
- बाकी राज्यों में 9 अप्रैल को वोटिंग, सभी के नतीजे 4 मई को



बीच में सीईसी ज्ञानेश कुमार, बाएं चुनाव आयुक्त संधू और दाएं विवेक जोशी चर्चा करते हुए

1. पांच राज्यों-यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 सीटों पर चुनाव
2. इन राज्यों में रविवार से ही आचार संहिता लागू हो गई
3. पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून में खत्म हो रहा
4. पिछली बार बंगाल में 8 व असम में 3 चरणों में हुए थे चुनाव

### 4 राज्यों में एसआईआर, तमिलनाडु में सबसे ज्यादा नाम कटे

जिन पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें एसआईआर के बाद तमिलनाडु से सबसे ज्यादा वोटर्स के नाम कटे हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के दौरान राज्य में कुल 6,41,14,587 वोटर थे। करीब चार महीने चली एसआईआर में 74,07,207 लोगों के नाम हटाए गए हैं। राज्य में अब 5,67,07,380 मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल दूसरे नंबर पर है जहां करीब 58 लाख लोगों के नाम कटे हैं।


दिल्ली में घरेलू गैस सिलेंडर को व्यवस्थित करता कर्मचारी

### देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, इसलिए घबराकर खरीदारी न करें

## केंद्र ने कहा-ऑनलाइन बुकिंग 87 फीसदी हुई 30 राज्यों में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई

- रिफाइनरियां पूरी क्षमता से कार्यरत
- कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार
- हर पेट्रोल पंप पर पर्याप्त तेल
- गैर एजेंसी पर सिलेंडरों की कमी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने देश में ईंधन की स्थिति को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल, गैस और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है और देश में इनकी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार भी रखा गया है। भारत पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग को पूरा करने के लिए इन दोनों ईंधनों का आयात करने की जरूरत नहीं है। अब तक किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराकर पेट्रोल या डीजल की ज्यादा खरीदारी न करें, क्योंकि देशभर में इनकी पर्याप्त उपलब्धता है। सरकार के अनुसार पहले सिलेंडर की करीब 84 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन होती थीं, जो अब बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गई हैं। बिहार, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान समेत कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार गैर-घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के आवंटन के आदेश जारी किए हैं।

### प्राकृतिक गैस की भी हो रही पूरी आपूर्ति

प्राकृतिक गैस के मामले में सरकार ने कहा कि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को पूरी आपूर्ति दी जा रही है। घरेलू पाइप गैस और सीएनजी के लिए 100 प्रतिशत गैस आपूर्ति जारी है, जबकि औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए गैस आपूर्ति लगभग 80 प्रतिशत तक नियंत्रित की गई है। बड़े शहरों और शहरी इलाकों में एलपीजी का इस्तेमाल करने वाले व्यावसायिक उपभोक्ताओं को पाइप गैस कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

#### पाइप गैस कनेक्शन पर समीक्षा

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड और शहर गैस वितरण कंपनियों के साथ बैठक की। इस बैठक में पाइप गैस कनेक्शन की स्थिति और एलपीजी से पाइप गैस में बदलाव की प्रक्रिया की समीक्षा की गई।देश में किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के यहां गैस खत्म होने की कोई सूचना नहीं है।

### घरेलू सिलेंडर की उपलब्धता के लिए कलेक्टर जरूरी कदम उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


रश्मि अरूण शमी

मप्र खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव (एसीएस) श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने तथा एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी तरह के जरूरी कदम उठाने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि कही से भी पैनिक स्थिति उत्पन्न नहीं होना चाहिए। कलेक्टर खुद इसकी सघन मानिटरिंग करें।




जबलपुर
सोमवार 16 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-13
वर्ष : 20, अंक : 314
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 18


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## ऑस्कर अवॉर्ड-2026 सेरेमनी आज

### प्रियंका चोपड़ा फिर प्रेजेंट करेंगी ऑस्कर अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** 98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी 16 मार्च को लॉस एंजिल्स के




डॉल्बी थिएटर में होगी। भारतीय समयानुसार इसे सुबह साढ़े 4 बजे से टेलीकास्ट किया जाएगा। इस साल भारत की कोई फिल्म ऑस्कर नॉमिनेशनल हासिल नहीं कर सकी है, हालांकि भारतीय मूल की फिल्ममेकर गीता गंदभीर की 2 डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला है। प्रियंका चोपड़ा 2016 के बाद फिर एक बार ऑस्कर अवॉर्ड प्रेजेंट करने वाली हैं।

## मुख्यमंत्री नेपानगर में जनजातीय सम्मेलन में हुए शामिल

### ये भी बड़े ऐलान

- वनाधिकार पट्टों को संपत्ति रजिस्ट्री के रूप में बदला जाएगा, रजिस्ट्री शुल्क सरकार भरेगी
- नेपानगर क्षेत्र में वनाधिकार पट्टे देने के लिए कराएंगे सर्वे
- निमाड़ क्षेत्र में जल्द ही होगी रीजनल इन्वेस्टर्स समिट

### सीएम डॉ. यादव ने नेपानगर विधानसभा क्षेत्र को दी 363.82 करोड़ के 127 विकास कार्यों की सौगात

# नेपा मिल चलाने की व्यवस्था होगी, मिल का कागज भी खरीदेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेपा नगर के नेपा पेपर मिल को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि नेपानगर पेपर मिल इस क्षेत्र की पहचान है। यह मिल हमेशा की तरह चलती रहेगी। इस चलाए रखने के लिए सभी तरह की व्यवस्थाएं और समुचित प्रबंधन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस मिल के कागज भी खरीदेगी और श्रमिक को उसके रोजगार से जोड़े रखेगी।

उन्होंने जनजातियों को दिए गए वनाधिकार पट्टे को लेकर कहा कि सरकार वनाधिकार पट्टों को संपत्ति रजिस्ट्री के रूप में बदलेगी। इसकी रजिस्ट्री शुल्क भी सरकार भरेगी। क्षेत्रीय जनजातीय बंधुओं को वनाधिकार पट्टों का लाभ देने के लिए जल्द ही पुनः सर्वे कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कृषि, बागवानी और मसाला उत्पादन के लिए मशहूर निमाड़ क्षेत्र में सभी प्रकार की फसलों का बीमा कराने और इस क्षेत्र में शीघ्र ही रीजनल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करने की बात कही।



नेपानगर में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में सीएम को तीर-कमान भेंट कर स्वागत किया गया

### नेपानगर को मप्र के विकास का प्रमुख द्वार बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास के पन्नों में नेपानगर दक्षिण के द्वार के रूप में अंकित है। कभी खानदेश और दक्षिण की काशी के रूप में पहचाने जाने वाले नेपानगर को हमारी सरकार महाराष्ट्र के छोर पर मप्र के विकास के प्रमुख द्वार के रूप में विकसित करेगी।

### डॉ. हेगड़ेवार की स्मृति में आकर्षक उद्यान बनेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक माह के दौरान ही दो कार्यक्रमों में बुरहानपुर जिले को करीब 1100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं। उन्होंने बुरहानपुर के शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय की पढ़ाई शुरू कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नेपानगर में डॉ. हेगड़ेवार की स्मृति में एक आकर्षक उद्यान बनाया जाएगा। धूलकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल-सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद



केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को केजरीवाल, सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को रिहा किया था। सीबीआई ने हाईकोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी। अब 16 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई है। इसी बीच आप नेता ने सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए।

### बादशाह के 'टटीरी' गीत पर आयोग का नोटिस

**चंडीगढ़।** 'टटीरी' गीत के आपत्तिजनक बोल पर छिड़े विवाद में रैपर बादशाह की मुश्किलें और



बढ़ गई हैं। महिला आयोग जहां बादशाह की गिरफ्तारी के लिए पानीपत व पंचकूला पुलिस को आदेश जारी कर चुका है। वहीं, हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी बालीवुड गायक को नोटिस भेजकर तलब किया है। बादशाह के साथ निर्देशकों को भी आयोग ने सात दिन में अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं।

### देर रात हमले में पिता की हत्या, बेटा गंभीर

**सागर।** शादी में विवाद के बाद 5 लोगों ने मिलकर बाप-बेटे पर हमला कर दिया। आरोपियों ने



साइकिल की चेन से पिटाई की। पत्थर से कुचलकर पिता की हत्या कर दी, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बम्होरी तिगड्डा का है। मृतक की पहचान बाग खैजरा निवासी प्रदीप पांडेय (40) के रूप में की गई है, जबकि घायल बेटे का नाम रचित पांडेय (21) है।

### तीन दिन की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक समाप्त

### संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले पानीपत में पत्रकारों से बोले

## एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी

# ईरान युद्ध पर भारत का रुख सही दुनियाभर में शांति चाहता है संघ

*अगले दो वर्षों में संघ का मुख्य ध्यान चार राज्यों- केरल, तमिलनाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल पर केंद्रित रहेगा। इन राज्यों में संघ अपने कार्य विस्तार के लिए माइक्रो-मैनेजमेंट और नए सांगठनिक स्ट्रक्चर पर जोर दे रहा है*

एजेंसी ▶▶ पानीपत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के आखिरी दिन रविवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के बीच ईरान को लेकर भारत के स्टैंड पर कहा कि भारत हित में सरकार सही कर रही है, ऐसा विश्वास है कि सरकार का स्टैंड सही है। संघ पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों पर जोर देता है।

बांग्लादेश और नेपाल में सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद नई सरकारें बनी हैं। दोनों देशों में शांति-स्थिरता और उनका भारत के साथ अच्छा संबंध पूरे एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी है। हालांकि, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर भी चिंता जताई। होसबाले ने कहा कि भारतीयता क्या है, हिंदुत्व क्या है, इसकी एक स्पष्ट अवधारणा होनी चाहिए। यह केवल एक मानसिकता नहीं बल्कि एक जीवनशैली है।

**होसबाले बोले-** भारतीयता-हिंदुत्व मानसिकता नहीं, जीवनशैली

- ***बांग्लादेश और नेपाल का भारत से संबंध एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी***
- ***बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर चिंता जताई गई***



दत्तात्रेय होसबाले और सुनील अंबेकर संबोधित करते हुए

### संघ में संगठनात्मक बदलाव, प्रांत की जगह बनेंगे संभाग

संघ में व्यापक स्तर पर संगठनात्मक संरचना में बदलाव किया जाएगा। प्रांत की बजाए अब संभाग होंगे। इसके साथ प्रांत प्रचारक का पद भी खत्म किया जाएगा। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पास कर दिया है। अब अगले छह महीने इस पर विस्तार से काम किया जाएगा। संघ 2027 की प्रतिनिधि सभा की बैठक नई संगठनात्मक संरचना के आधार बुलाई जाएगी। पानीपत के पट्टीकल्याणा स्थित माधव सृष्टि केंद्र पर आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक संपन्न हो गई। बैठक के अंतिम दिन सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का वक्तव्य रहा। उन्होंने प्रतिनिधियों को शताब्दी वर्ष और अगले वर्ष के कार्य धरातल पर करने के सुझाव दिए।

### संघ की 3 दिवसीय सभा की अहम बातें

- आखिरी दिन कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव और सुझाव रखे। इनमें आरएसएस के दायित्व परिवर्तन भी शामिल रहा।
- आरएसएस के शताब्दी वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट पेश की गई। यहां केरल और तमिलनाडु समेत दक्षिण के राज्यों और पूर्वोत्तर में संघ की गतिविधियों और सामने आई चुनौतियों का जिक्र किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि एक वर्ष में देश में संघ की 88,949 शाखाएं लगाई गईं। जो पिछले साल से 5,820 ज्यादा हैं।
- संघ के शताब्दी वर्ष में सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर कई कार्यक्रम किए गए। संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती पर इस साल कार्यक्रम हो रहे हैं। यह समरता का संदेश है।



भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार अपने साथियों के साथ

### विश्वकप विजेताओं को बीसीसीआई का सम्मान

# गिल-मंधाना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सूर्यकुमार व टीम भी सम्मानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड 2026 का ओायजन नई दिल्ली में हुआ। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवॉर्ड दिया गया है। वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का सम्मान हुआ। इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता टीम को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत में सबसे पहले जूनियर क्रिकेटर आहिरा जाधव और महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा को जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी गई। फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीमें (मेंस, विमेंस) सम्मानित हुईं।

- द्रविड़-मिताली को लाइफटाइम अचीवमेंट
- आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड

### इनका सम्मान

1. **शुभमन गिलः** सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।
2. **स्मृति मंधाना :** पिछले साल 36 मैचों में 1800 रन बनाए। इनमें 7 शतक शामिल रहे।
3. **राहुल द्रविड़ः** भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई।

### इंडिगो एयरलाइन का बड़ा फैसला

# मिडिल ईस्ट में तनावः दोहा,कुवैत समेत 7 शहरों के लिए उड़ानें रद

## उड़ानों को 28 मार्च तक निलंबित कर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

इंडिगो एयरलाइन ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण दोहा, कुवैत और शारजाह सहित क्षेत्र के 7 स्थानों के लिए अपनी उड़ानों को 28 मार्च तक निलंबित कर दिया है। यह एयरलाइन की संचालन योजनाओं में समायोजन का हिस्सा है, जिसके तहत यह 16 से 28 मार्च के बीच क्षेत्र के लिए 252 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी। बयान में एयरलाइन ने कहा कि वह भू-राजनीतिक जोखिम, हवाई क्षेत्र की पाबंदियों, हवाई अड्डे की सीमाओं, बढ़ते ईंधन व बीमा लागत और अन्य अनिश्चितताओं को देखते हुए स्थिति की निगरानी जारी रखेगी।

### दो दिन बाद बदलेगा मौसम का मिजाज

# 17 और 18 मार्च तक आंधी और हल्की बारिश- बौछारों का अलर्ट

## करीब 12 जिलों में बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश में कई जिलों में दो दिन बाद मौसम का मिजाज बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ और वातावरण में बनी ट्रफ लाइन के कारण प्रदेश में बादल सक्रिय हो गए है। मौसम विभाग ने 17-18 मार्च तक कई जिलों में आंधी, गरज-चमक और हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक ग्वालियर, भिंड, मुरैना, मंडला, बालाघाट समेत करीब 12 जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने खासतौर पर उत्तर और दक्षिण-पूर्वी जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। इससे जहां कुछ इलाकों में गर्मी से राहत मिल सकती है, वहीं भोपाल, इंदौर और उज्जैन जैसे शहरों में फिलहाल गर्मी का असर बना रहेगा।

### एम्स में इच्छामृत्यु की प्रक्रिया शुरू

# हरीश के दो लाइफ सपोर्ट के प्रमुख पाइप हटाए गए

***मां रो रही- उसे डांटती थी तो छिप जाता था, फिर गले लग जाता था***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया के तहत एम्स में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को धीरे-धीरे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एम्स के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की पैलिएटिव केयर यूनिट में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट से जुड़े दो प्रमुख पाइप हटा दिए गए हैं। डॉक्टरों की निगरानी में यह प्रक्रिया बेहद सावधानी के साथ चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। यह पूरी प्रक्रिया मेडिकल प्रोटोकॉल और कानूनी दिशा-निर्देशों के तहत ही आगे बढ़ाई जा रही है।

### मंत्री ने सुझाया गैस बचाने का तरीका

# 500, 1000 या 5000 लोगों के बड़े भोज या कार्यक्रम करने से 'बचिए'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने एक ऐसा


गोविंद सिंह राजपूत

तरीका बताया, जिससे गैस की ज्यादा से ज्यादा बचत की जा सकती हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता से सहयोग की अपील करते हुए सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों को लेकर एक विशेष सुझाव दिया है। मीडिया से चर्चा के दौरान मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे फिलहाल बड़े सार्वजनिक आयोजनों से परहेज करें। उन्होंने कहा कि जनता 500, 1000 या 5000 लोगों के बड़े भोज या कार्यक्रम करने से बचें। आयोजनों में मेहमानों की संख्या सीमित रखें, ताकि रसोई गैस का कम से कम उपयोग हो और ईंधन की बचत की जा सके। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गैस की कमी की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए आश्वस्त किया कि प्रदेश में गैस आपूर्ति की कोई वास्तविक किल्लत नहीं है। ईरान से गैस की खेप भारत पहुंच चुकी है, जिससे आने वाले दिनों में वितरण सामान्य रहेगा। राजपूत ने कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे ईंधन संकट के दावों का नकारा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के पर जनता के बीच भ्रम फैलाने को आरोप लगाया।

***आयोजनों में मेहमानों की संख्या सीमित रखें***

## सियासत तेज... राज्यसभा की 11 सीटों के लिए मतदान आज

राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव, इनमें से 26 सीटों पर उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुन लिए गए

# संभावित क्रॉस-वोटिंग, विधायकों की टूट रोकने रिसॉर्ट पॉलिटिक्स, विधायकों की घेराबंदी की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा की 11 सीटों के लिए सोमवार को होने वाले मतदान से ठीक पहले बिहार, हरियाणा और ओडिशा में सियासी हलचल तेज हो गई है। संभावित क्रॉस-वोटिंग और विधायकों की टूट-फूट को रोकने के लिए राजनीतिक दलों ने अपने-अपने विधायकों की घेराबंदी शुरू हो गई है। कई जगहों पर विधायकों को रिसॉर्ट में ठहराया गया है तो कहीं उन्हें रोजाना पार्टी नेतृत्व के सामने उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**बिहार की 5 ओडिशा की 4 और हरियाणा की दो सीटों पर होगा मतदान**



### बिहार में पांचवीं सीट पर नजर

बिहार में पांच सीटों के लिए चुनाव हो रहा है, जहां संख्याबल के आधार पर एनडीए चार सीटें आसानी से जीत सकता है। एनडीए के पास विधानसभा में कुल 202 विधायक हैं, जबकि एक उम्मीदवार को जीत के लिए 41 वोट की जरूरत है। एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी राज्यसभा के लिए नामांकन किया है।

**ओडिशा में चौथी सीट पर दिलचस्प मुकाबला**

चौथी सीट को लेकर मुकाबला सबसे दिलचस्प माना जा रहा है। इस सीट के लिए भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप रे को समर्थन दिया है, जबकि बीजेडी ने कांग्रेस के साथ मिलकर प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. दत्तेश्वर होता को समर्थन देने का फैसला किया है। संभावित क्रॉस-वोटिंग को देखते हुए भाजपा ने अपने सभी विधायकों और मंत्रियों को पारादीप के एक रिसॉर्ट में ठहराया है।

# आईसीएसआई ने 2047 तक 1.5 लाख सीएस बनाने का रखा लक्ष्य, बनाया जा रहा रोडमैप

## आईसीएसआई भोपाल चैप्टर के विशेषज्ञों ने दी लोन, निवेश, संबंधित पक्ष लेनदेन पर जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसीएसआई ने 2047 तक देशभर में 1.5 लाख सीएस बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। यह बात आईसीएसआई के प्रेसिडेंट पवन चांडक ने शनिवार को भोपाल चैप्टर के ज्ञानोदय विषय पर होटल मोटल शिराज में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि फिलहाल 12000 सक्रिय सीएस हैं। देश की आर्थिक तरक्की के लिए ज्यादा से ज्यादा सीएस बनाने होंगे।

कार्यक्रम में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के कंपनी के प्रेसिडेंट, पदाधिकारी, सदस्य, छात्र एवं कॉरपोरेट जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने आईसीएसआई से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। प्रथम सत्र में सीएस वेंकटरामन कृष्णन ने प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी ने लोन, निवेश, संबंधित पक्ष लेनदेन विषय पर जानकारी दी। द्वितीय सत्र में डॉ. प्रिया सोनपर ने समग्र स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल पर तनाव विषय पर प्रतिभागियों को मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय साझा किए। प्रेसिडेंट पवन चांडक ने संस्थान से जुडे.मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में कंपनी सेक्रेटरी न केवल अनुपालन सुनिश्चित करने में बल्कि संगठनों के रणनीतिक निर्णयों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान (आईसीएसआई) के सीएस अंकुर चौकसे, सीएस मनीष पाटीदार, सीएस सीएस अमन जैन, सीएस प्रदीप मुटरेजा, सीएस प्रवेश धवन, सीएस आशीष करोडिया, सीएस राजेश तरपारा, सीएस अंकित रोहित भी उपस्थिति थे।


आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

### आईसीएसआई के देशभर में हैं 35 सेंटर

आईसीएसआई के प्रेसिडेंट पवन चांडक ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आईसीएसआई के पूरे देश में 35 सेंटर है। देश की बड़ी मल्टीनेश्नल कंपनियों में सीएस के बिना कार्य करना नामुमकिन है। कंपनियों के टर्नओवर व विकास में सीएस का महत्वपूर्ण योगदान है। सीएस के बिना कंपनियां डूब सकती है। सीएस देश की अर्थवयव्स्था का अभिन्न अंग है। भोपाल चैप्टर में 5400 स्टूडेंटस सीएस की तैयारी कर रहे है। 60 प्रतिशत लड़कियां सीएस की तैयारी कर रहीं है। आईसीएसआई ने देश की नामी सेंट्रल, स्टेट व प्राईवेट यूनिवर्सिटीयों के साथ 186 एमओयू साइन किए है।

### शहीद सैनिक की बेटी की सीएस तैयारी के लिए निःशुल्क शिक्षा

चांडक ने बताया कि अगर कोई शहीद सैनिक की बेटी सीएस की तैयारी करती है तो उनके लिए आईसीएसआई ने निःशुल्क शिक्षा देने का निर्णय भी लिया है। प्रेसिडेंट चांडक के मुताबिक सीए बनने से कहीं ज्यादा कठिन सीएस बनना है। सीए की मार्केटिंग सीएस के मुकाबलें ज्यादा है, इसलिए बच्चे सीए की तैयारी ज्यादा करते हैं।

## खबर संक्षेप

### चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे एनएमडीसी के कर्मचारी

**जगदलपुर।** जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे पर रविवार को एक चलती कार में आग लग गई। घटना में चालक और एक अन्य युवक वाहन से बाहर निकल गए, जिससे दोनों की जान बाल-बाल बच गई। कार बचेली की बताई जा रही है और सवार दोनों शख्स एनएमडीसी के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। वे कार की सर्विसिंग के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बास्तानार घाट में अचानक कार के इंजन हिस्से से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते वाहन में आग लग गई।

### शादी समारोह में पहुंची नाबालिग से छेड़छाड़, किशोरी ने लगाई फांसी

**कोरबा।** जिले के कोरबी चौकी इलाके में शादी समारोह एक परिवार के लिए मातम में बदल गया। यहां एक युवक ने शादी में आई पंद्रह वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ की। इस घटना से आहत होकर नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना बीते आठ तारीख को गांव में एक शादी समारोह के दौरान हुई थी।

## शुजालपुर में हुआ सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन

# सामूहिक विवाह सामाजिक सद्भाव बढ़ाने का सशक्त माध्यमः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### 162 बेटियों का विवाह और 38 बेटियों का हुआ निकाह

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति के मूल में सामाजिकता है, सद्भाव है और इस सद्भाव को बढ़ाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन एक बड़ा ही मजबूत और कारगर माध्यम है। उन्होंने कहा कि पहले बेटी के जन्म होने के साथ ही उसके परिवार को बेटी की शादी की चिंता सताती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार बेटियों का कन्यादान और विदाई कर रही है। इस योजना से प्रदेश के गरीब-वंचित और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का घर बस रहा है। डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से शाजापुर जिले के शुजालपुर में हुए सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में 200 बेटियों का सामूहिक विवाह-निकाह सम्पन्न हुआ। इसमें 162 बेटियों का विधि-विधान से विवाह और 38 बेटियों का कबूलियत निकाह कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नवविवाहित जोड़े को मंगलाशीष के तौर पर सरकार की ओर से गृहस्थी के लिए 49-49 हजार रूपए दिए जा रहे हैं।


कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन।

### शादी-ब्याह में होने वाले फिजूलखर्चों से बचें: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मितव्ययिता बेहद जरूरी है। इसलिए शादी-ब्याह में होने वाले फिजूलखर्चों से बचें। अपने बेटे-बेटियों का विवाह, निकाह सामान्य समारोह या सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही करें। इससे जो धन बचे, वह अपने बच्चों के बेहतर जीवन के लिए बचाकर रखें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र का विवाह भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही कराया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन आगे और भी अधिक विशाल बनेगा।

### योजना ने बनाई अपनी एक अलग ही पहचान

उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विवाह सम्मेलन में कहा कि हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं। सामाजिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना ने अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। आज के दौर में विवाह आयोजनों में फिजूलखर्ची बढ़ रही है। यह समाज के हित में नहीं है। इसलिए सभी को अपने पुत्र-पुत्रियों का विवाह सामूहिक विवाह और ऐसे आयोजनों में ही कराने की ओर बढ़ना होगा। परमार ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी का जीवन प्रेम, विश्वास, सम्मान और संस्कारों से परिपूर्ण रहे।

## श्रवण बाधित पेशेवरों एवं सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए देश का प्रथम भौतिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से श्रवण बाधित पेशेवरों तथा सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए भारत का प्रथम भौतिक 40-घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। पांच दिवसीय यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के सहयोग से तथा उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) नई दिल्ली के तत्वावधान में किया जा रहा है।

न्याय तक समावेशी पहुंच को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह पहल न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरदर्शी नेतृत्व में तथा न्यायमूर्ति विवेक रूसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शुरू की गई है।



### सहमति आधारित समाधान को सुगम बनाने की विधि

*कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को भारत में मध्यस्थता के विधिक ढांचे से भी परिचित कराया जा रहा है, जिसमें सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 89 के तहत निहित सिद्धांतों तथा मध्यस्थों से अपेक्षित व्यावसायिक मानकों की जानकारी शामिल है। इस पहल को आनंद सर्विस सोसाइटी व ज्ञानेंद्र पुरोहित ने श्रवण बाधित समुदाय के साथ समन्वय स्थापित करने और प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुप कुमार त्रिपाठी, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार मप्र हाईकोर्ट खंडपीठ इंदौर, शिवराज सिंह गवली, सचिव उपस्थित रहे।*



# खासियतों से भरे होर्मुज द्वीप हैं स्वर्ग का टुकड़ा और रेनबो आइलैंड, यहां की मिट्टी खाते हैं

**नमक के और रंग भरे पहाड़ बढ़ाते हैं खूबसूरती**

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका इजराइल और ईरान की जंग के चलते चर्चा में आए होर्मुज स्वर्ग का टुकड़ा और रेनबो आइलैंड भी कहा जाता है। इसकी खूबसूरती और खासियतों के कारण ही इसे अलग अलग नाम दिए गए है। यहां की लाल मिट्टी, जिसे स्थानीय रूप से गेलक कहा जाता है, न केवल पेंट और कला के काम आती है, बल्कि इसका उपयोग मसाले के रूप में भी किया जाता है। स्थानीय लोग इसे तौमाशी नामक चटनी या सॉस बनाने और ब्रेड में स्वाद जोड़ने के लिए इस्तेमाल करते हैं। यहां की चट्टानों और मिट्टी में 70 से अधिक विभिन्न रंगों के शेड्स मिलते हैं, जिनमें पीला, सफेद, नीला और नारंगी शामिल हैं। यह सब खनिजों और ज्वालामुखी राख के मिश्रण का परिणाम है। होर्मुज में परिवहन के लिए निजी कारें लगभग न के बराबर हैं। पर्यटक और स्थानीय लोग घूमने के लिए रंगीन टुक-टुक (ऑटो रिक्शा), मोटरबाइक या साइकिल का उपयोग करते हैं। द्वीप पर एक विशाल नमक का गुंबद है। यहां साल्ट गॉडेस नामक एक गुफा है जिसकी दीवारें और छत पूरी तरह से चमकते हुए नमक के क्रिस्टल से बनी हैं।



**डिज्नीलैंड की तरह दिखता है**
दक्षिणी ईरान में बसे होर्मुज द्वीप जिसे रैनबो आईलैंड भी कहा जाता है। गेरू रंग की जलधाराओं, लाल रंग के समुद्र तटों और मनमोहक नमक की गुफाओं वाला यह द्वीप एक डिज्नीलैंड की तरह दिखता है।

## आंसुओं की बूंद का आकार



रूबी-लाल पहाड़ वाला यह आइलैंड आंसुओं के बूंद के आकार का यह आइलैंड नमक का गुंबद है, जो शेल, मिट्टी और लौह युक्त ज्वालामुखीय चट्टानों की परतों से बना है। दूर से यह लाल, पीले और नारंगी रंग में चमकता नजर आता है।

## बेहद खास है मजारा



मजारा (जिसका फारसी में अर्थ साहसिक कार्य है) एक समुद्रतटीय आवास परिसर है। इसकी विशिष्ट गुंबदनुमा संरचनाएं चमकीले रंगों में रंगी हुई हैं, जो गांव का आभास कराती हैं और द्वीप के समृद्ध और प्राकृतिक रंगों के साथ पूरी तरह से मेल खाती हैं।

## सांस्कृतिक प्रतीक और पहचान



ईरान के कलाकार हर साल नॉरूज (ईरानी नव वर्ष) और पर्सियन गल्फ डे जैसे विशेष अवसरों पर द्वीप के तट पर इन कालीनों को बनाते हैं। ये कारपेट स्थानीय लोककथाओं, कहानियों, महिलाओं के कपड़ों के पैटर्न और समुद्री जीवों (जैसे कछुए) को दर्शाते हैं।

## खबर संक्षेप

### 25 साल का हो गया विकिपीडियाः ज्ञान भंडार



**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन एनसाइक्लोपीडिया, विकिपीडिया ने 25 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर इसे चलाने वाली संस्था विकिमीडिया फाउंडेशन ने खास अभियान शुरू किया है, जिसमें विकिपीडिया की 25 साल का सफर और इसे बनाने वाले लाखों वॉलंटियर्स के योगदान को याद किया जा रहा है। विकिपीडिया से पहले जिमी वेल्स और लैरी सेंगर ने न्यूपीडिया नाम का एक प्रोजेक्ट शुरू किया था। इसमें केवल एक्सपर्ट्स ही लेख लिख सकते थे और रिव्यू प्रक्रिया इतनी जटिल थी कि एक साल में केवल 12 लेख ही तैयार हो पाए।

### 11 हार्डकोर माओवादियों ने किया सरेंडर



**संबलपुर।** ओडिशा में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ जारी अभियान को, बड़ी कामयाबी मिली, जब डिवीजनल कमेटी मेंबर नकुल समेत 11 हार्डकोर माओवादियों ने कालाहांडी जिला में पुलिस और सुरक्षा बलों के सामने अपने हथियार डाल दिए। एक विशेष कार्यक्रम में डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया, एडीजी संजीव पंडा, दक्षिण- पश्चिमांचल आईजी डॉ. कंवर विशाल सिंह, स्पेशल इंटलीजेंस विंग के डीआईजी अखिलेश्वर सिंह, कालाहांडी जिला एसपी नागराज देवरकोंडा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में इन माओवादियों ने मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया।

### अफवाहों और हकीकत के बीच छिड़ी जंग

# नेतन्याहू की मौत की खबर तो कहीं मोजतबा की रूस भाग जाने की बात

**खबरें हैं खबरों का क्या...**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल,अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग अब अफवाहों की जंग में बदलती नजर आ रही है। हवा हवाई खबरों और हकीकत के बीच चल रहे इस संग्राम में सच क्या है इसका कहीं कोई अता-पता नहीं है। हाल ही में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत को लेकर सोशल मीडिया पर तेजी से फैली। अफवाहों के बीच ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने एक बार फिर सख्त धमकी दी है। आईआरजीसी ने कहा है- अगर अपराधी नेतन्याहू अभी भी जिंदा हैं, तो वह उनका पीछा और हत्या जारी रहेगी। हालांकि इन अफवाहों को इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

तुर्की स्थित अनादोलु एजेंसी के सवाल पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने साफ किया कि ये फेक न्यूज हैं और प्रधानमंत्री पूरी तरह ठीक हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर अफवाहें फैलीं, जिसमें नेतन्याहू के हाथ में अतिरिक्त उंगली दिखाई देने का दावा किया गया। यूजर्स ने इसे एआई जनरेटेड या डीपफेक बताया। हालांकि यह वीडियो 13 मार्च को नेतन्याहू के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया गया था। इसमें उन्होंने कहा था कि इजराइल ईरान और हिजबुल्लाह को कुचल रहा है और क्षेत्रीय संघर्ष तेज हो रहा है। यह वीडियो ही नेतन्याहू के जिंदा होने का सबसे ताजा सबूत है। इसके अलावा इजराली पीएम नेतन्याहू के बेटे बेटे यायर नेतन्याह के बारे में भी अफवाहें उड़ी की वो लापता हो गए है। इसको लेकर भी सफाई दी गई है।

**ईरानी सुप्रीम मॉस्को में पहुंचे वहां करा रहे इलाज**

**नेतन्याहू के बेटे की लापता होने की उड़ी खबर वायर हुई**

**प्रधानमंत्री कार्यालय ने साफ किया कि ये फेक न्यूज है**



### वायरलः खामेनेई को उठा ले गया रूस



इसी बीच एक और खबर चली चली ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को रूस उठा ले गया। वहां उनका इलाज चल रहा है और एक पैर भी उन्होंने खो दिया है। इजराइली हमले में उनके गंभीर रूप से घायल होने की खबर आई थी लेकिन पुष्टि नहीं हुई थी। जिस मोजतबा खामनेई पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इनाम रखे बैठे हैं, वो इस वक्त रूस में है। कतर के एक अरेबिक अखबार अल जरीदा रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा को स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणों से एक बेहद गुप्त अभियान में रूस ले जाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें रूसी सैन्य विमान से मॉस्को पहुंचाया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ये काम गुरुवार को ही हो गया था और मोजतबा खामेनेई को क्रेमलिन में रखा गया है। बमबारी और हवाई हमलों के बीच रूसी मिलिट्री प्लेन उन्हें ले गए और सुरक्षित मॉस्को पहुंचा दिया। रूस का ये कदम सीधे-सीधे इस युद्ध में उसे पार्टी बनाने वाला है।

### लॉस एंजिल्स पर ईरानी ड्रोन हमले की आशंका

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका में आयोजित होने जा रहे ऑस्कर समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार संभावित खतरे की चेतावनी के बाद आयोजकों ने अतिरिक्त एहतियाती कदम उठाए हैं। अंतरराष्ट्रीय मनोरंजन पत्रिका 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी जांच एजेंसी 'फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन' (एफबीआई) के एक कथित मेमो में लॉस एंजिलिस प्रशासन को चेतावनी दी गई कि ईरान की ओर से ड्रोन के जरिए कैलिफोर्निया में किसी लक्ष्य पर अचानक हमला किए जाने की आशंका हो सकती है। हालांकि संभावित लक्ष्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।

### *दुबई और अबू धाबी की कई उड़ानें रद्द*

*पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण भारतीय विमानन कंपनियों ने बड़ा फैसला लिया है। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और इंडिगो ने रविवार को दुबई और अबू धाबी जाने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं। यह फैसला ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष और हवाई क्षेत्र पर लगी पाबंदियों की वजह से लिया गया है। एयर इंडिया समूह ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एयरपोर्ट अधिकारियों ने नए निर्देश जारी किए हैं। इस कारण 15 मार्च की उड़ानों में कटौती करनी पड़ी है। एयर इंडिया ने दिल्ली से दुबई के बीच सिर्फ एक वापसी उड़ान चलाने का फैसला किया है। दुबई के लिए तय पांच उड़ानों में से चार को रद्द कर दिया गया है।*

### *नॉर्थ कोरिया ने किया मल्टीपल रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम का परीक्षण*

*नॉर्थ कोरिया ने परमाणु क्षमता वाले रॉकेट लॉन्चर का परीक्षण किया है। सरकारी मीडिया के अनुसार यह परीक्षण शनिवार को किया गया और इसकी निगरानी खुद देश के नेता किम जोंग उन ने की। रिपोर्ट के मुताबिक यह परीक्षण मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम का था। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि इस अभ्यास में 600 मिमी के अल्ट्रा-प्रिसिजन रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल किया गया। इस ड्रिल में कई रॉकेट लॉन्चर और दो तोपखाना यूनिट शामिल थीं। बताया गया कि इन रॉकेटों ने पूर्वी सागर में मौजूद एक द्वीप को निशाना बनाया, जो लगभग 360 किमी दूर था। इस हथियार की मारक दूरी करीब 420 किलोमीटर बताई गई है।*

### ईरानी विदेश मंत्री अराघची का बड़ा ऐलान

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज सबके लिए खुला यूएस-इजराइल व दोस्तों के लिए बंद

**स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को ईरान ने 4 मार्च को बंद किया था**

**80 फीसदी बल्क कैरियर होर्मुज़ जलडमरूमध्य में**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से पूरी दुनिया में तेल संकट पैदा हो गया है। ईरान की दक्षिणी समुद्री सीमा के पास इस संकरे इलाके से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस पास होता है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान की ओर से बड़ा ऐलान किया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बार अराघची ने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान के खार्ग आइलैंड तेल केंद्र पर किए गए हवाई हमलों के बावजूद होर्मुज सभी देशों के लिए खुला है।

हालांकि, यह सिर्फ उन टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है जो हमारे दुश्मनों अमेरिका और इजराइल या उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। बाकी सभी जहाज यहां से गुजर सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि सुरक्षा चिंताओं के कारण कई जहाज इस रास्ते से गुजरने से बच रहे हैं, लेकिन इसका ईरान से कोई संबंध नहीं है। गौर हो कि 28 फरवरी को जब अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच युद्ध छिड़ा, तब 25,000 टन से अधिक क्षमता वाले लगभग 240 बल्क कैरियर होर्मुज़ जलडमरूमध्य के भीतर ही फंस गए थे। 14 मार्च तक इनमें से केवल 36 कैरियर ही अब तक बाहर आ पाए हैं, यानी अब भी 80 प्रतिशत इसी संकरे जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं।

### *भारत पहुंचेंगे दो शिपमेंट*

*हालांकि, भारत के लिए राहत की बात है कि 4 मार्च के बाद से अब तक एक जहाज मुंबई में आ चुका है, बाकी दो जहाज अगले 1-2 दिन में आ सकते हैं। आईएनएस शिवालिक और नंदा देवी गैस और एलपीजी लेकर आ रहे हैं। भारत में ईरान के राजदूत ने कहा कि भारत हमारा मित्र है, ऐसे में उसके जहाज यहां से गुजर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे दोनों देशों की पुरानी दोस्ती और साझा हित हैं। अराघची ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जिस अमेरिकी सुरक्षा छाते की बात की जाती थी, वह अब कमजोर साबित हो रहा है और शांति लाने के बजाय समस्याएं बढ़ा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका अब दूसरे देशों, यहां तक कि चीन से भी होर्मुज को सुरक्षित बनाने में मदद मांग रहा है।*

### मनकामना मंदिर गए थे भक्तगण

# नेपाल में भीषण बस हादसा, 7 भारतीयों की दर्दनाक हुई मौत

एजेंसी ▶▶ काठमांडु



नेपाल में एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। हादसा गोरखा जिला में शनिवार को उस समय हुआ जब मनकामना मंदिर के दर्शन कर लौट रही एक माइक्रो बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।

जानकारी के मुताबिक, बस में चालक और सह-चालक समेत कुल 16 लोग सवार थे। पुलिस निरीक्षक राजन लम्साल के अनुसार, हादसे में मौके पर ही पांच महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हो गई। सभी मृतक दक्षिण भारतीय नागरिक बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान मुतु कुमार, अनामलिक, मिनाक्षी, शिवगामी, विजयाल, मीणा और तमिलारेशी के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। हादसे में घायल हुए सात अन्य भारतीय श्रद्धालुओं को रेस्क्यू कर इलाज के लिए पुराना भरतपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में सोरनम (62), मंगदा जलम, सुभद्रा, मायला, सरोजा, भाग्यलक्ष्मी और मीनाक्षी शामिल हैं। वहीं बस के चालक और सह-चालक, जो नेपाली नागरिक हैं, वे भी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं और आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है।

### समीक्षा के बाद बोर्ड ने लिया फैसला

# पश्चिम एशिया में छठी बार रद्द हुई सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पश्चिम एशिया के कुछ देशों में होने वाली कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध के मद्देनजर बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के स्कूलों के लिए निर्धारित परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की है। यह निर्णय संबंधित देशों के स्कूलों और अधिकारियों से मिले सुझावों तथा परिस्थितियों की समीक्षा के बाद लिया गया है।

सीबीएसई के अनुसार 16 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 के बीच होने वाली कक्षा 12वीं की सभी बोर्ड परीक्षाएं इन सात देशों में रद्द कर दी गई हैं। यह फैसला उन स्कूलों के लिए लागू होगा जो इन देशों में सीबीएसई से संबद्ध हैं। सीबीएसई द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार इन परीक्षाओं को अब तक पांच बार (1, 3, 5, 7 और 9 मार्च 2026) स्थगित किया जा चुका था। अब बोर्ड ने इन सभी परीक्षाओं को पूरी तरह रद्द करने का फैसला लिया है। परिणाम को लेकर बाद में मिलेगी इन देशों के कक्षा 12वीं के छात्रों का परिणाम किस आधार पर घोषित किया जाएगा।

### यूएनएससी के महासचिव गुटेरेस ने उठाए सवाल, बोले-

# सुरक्षा परिषद आज भी 1945 के समय में फंसी है, निकलना भी नहीं चाह रही

**गुटेरेस ने बताया कि 15 देशों वाली इस परिषद में पांच स्थायी सदस्य हैं**

**वीटो पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती**

एजेंसी ▶▶ बेरूत

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमें यह मानना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक बड़ी समस्या है। उनके अनुसार, आज की सुरक्षा परिषद दुनिया के मौजूदा हालात को नहीं दर्शाती। यह आज भी 1945 के समय की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही है जब इसे बनाया गया था। बेरूत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुटेरेस ने बताया कि 15 देशों वाली इस परिषद में पांच स्थायी सदस्य हैं। इनमें से तीन देश यूरोप से हैं, एक एशिया से है और एक अमेरिका है। हैरानी की बात यह है कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे बड़े क्षेत्रों का कोई भी देश इसका



स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एशिया की आबादी और दौलत दुनिया में बहुत ज्यादा है, फिर भी यहां से सिर्फ चीन ही स्थायी सदस्य के तौर पर शामिल है। गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की काम के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वीटो पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती। जब भी किसी युद्ध को रोकने की जरूरत होती है, कोई न कोई स्थायी सदस्य वीटो का इस्तेमाल कर देता है। इससे शांति की कोशिशें बीच में ही रुक जाती हैं। गुटेरेस को फिलहाल ऐसी उम्मीद नहीं है कि आने वाले कम समय में इन हालातों में कोई बदलाव होगा। सुरक्षा परिषद के ढांचे की बात करें तो चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास वीटो की ताकत है। बाकी 10 अस्थाई सदस्यों को दो साल के लिए चुना जाता है, लेकिन उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता।

### *भारत कर रहा स्थायी सदस्यता की मांग*

*भारत पिछले कई दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। भारत का कहना है कि 1945 में बनी यह व्यवस्था 21वीं सदी की जमीनी हकीकत और राजनीति से मेल नहीं खाती। भारत ने कई बार जोर दिया है कि वह सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का पूरा हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में अस्थाई सदस्य के तौर पर परिषद का हिस्सा था। आज की सुरक्षा परिषद दुनिया में शांति बनाए रखने में नाकाम साबित हो रही है। यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष और ईरान के खिलाफ चल रहे तनाव जैसे बड़े मुद्दों पर परिषद के सदस्य आपस में बुरी तरह बंटे हुए हैं।*

### 1 अप्रैल से बकाया करों की राशि पर लगेगा डबल अधिभार

# आज से 31 मार्च तक वसूली के लिए मैदान में उतरेगा निगम का पूरा अमला : निगमायुक्त

हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की लोक अदालत में सफलता का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राजस्व वसूली के मामले में निगम ने इस बार अपने पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। जहाँ मार्च 2025 की लोक अदालत में 7 करोड़ 22 लाख रुपये की वसूली हुई थी, वहीं मार्च 2026 में यह आंकड़ा 15 करोड़ 96 लाख रुपये के पार पहुँच गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 220 प्रतिशत से भी अधिक की शानदार वृद्धि है।

### टीम वर्क और जनता का सहयोग लाया रंग

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने निगम की पूरी टीम को बधाई दी है। महापौर ने कहा कि शहर के विकास के प्रति नागरिकों की जागरूकता और निगम कर्मचारियों की मेहनत का ही परिणाम है कि आज हम इस मुकाम पर पहुँचे हैं। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि लोक अदालत की सफलता के बाद अब निगम प्रशासन का लक्ष्य शत-प्रतिशत वसूली पर है। आज 15 मार्च से 31 मार्च तक निगम का पूरा अमला वसूली के लिए मैदान में सक्रिय रहेगा। करदाताओं के पास अधिभार से बचने के लिए अब केवल 15 दिनों का समय शेष है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने कहा कि 1 अप्रैल से बकाया करों पर डबल अधिभार लगना शुरू हो जाएगा।

### निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचने, समय पर करें टैक्स जमा

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार से करदाताओं से अपील की है कि वे निगम की अप्रिय वैधानिक कार्यवाही से बचने के लिए 31 मार्च के पूर्व अपने बकाया करों का भुगतान करें। समय पर कर चुकाकर आप न केवल अतिरिक्त जुर्माने से बच सकते हैं, बल्कि शहर के विकास में भी भागीदार बन सकते हैं।

**लोक अदालत में वसूली का रिकॉर्ड तोड़ नगर निगम ने रचा नया कीर्तिमान**

**पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष की लोक अदालत में दुगना ऑकडा 220 प्रतिशत के पार पहुंचा**



**जबलपुर।** मार्च 2025 की लोक अदालत में हुई थी 7 करोड़ 22 लाख की वसूली, और मार्च 2026 की लोक अदालत में 15 करोड़ 96 लाख का ऑंकड़ा प्राप्त कर नगर निगम ने पिछले साल का अपने रिकार्ड को ही किया ध्वस्त।



## रहवासी क्षेत्र में संचालित डेयरी पर कार्यवाही करने पहुंचे निगम अमले को भगाया

**जबलपुर।** सत्यदेव तिवारी मकान नम्बर-HIG185 सुभाषनगर हाऊसिंग बोर्ड महाराजपुर जबलपुर के द्वारा अवैध रूप से रहवासी क्षेत्र में कई दिनों से डेयरी का संचालन किया जा रहा है, डेयरी से निकलने वाला गोबर और अपशिष्ट खुले में डाला जाता है। नालियों में गंदा पानी बहने से बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। सुबह-शाम पशुओं की आवाजाही और वाहनों के निकलने पर यातायात भी बाधित हो रहा है, वहीं छोटे बच्चों और बुजुर्गों को भी निकलने में असुविधा का सामना करना पड़ता है। मनीष गणेशकर, प्रकाश रजक, नारायण विश्वकर्मा, सत्येंद्र पटेल, आरके पटेल, एड. ओपी त्रिपाठी, कमल कुशवाहा आदि ने इसकी शिकायत नगर निगम एवं कलेक्टर जबलपुर से की थी। शिकायत पर कार्यवाही करने पहुंची नगर निगम की टीम को अतिक्रमणकारी सत्यदेव तिवारी का परिवार जो मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, के द्वारा भगा दिया गया। कहा जाता है कि सत्यदेव तिवारी क्षेत्रवासियों से मारपीट, गाली-गलौज करने पर उतारू हो जाता है जिससे कभी भी क्षेत्र में अप्रिय गंभीर घटना घटित हो सकती है। सत्यदेव तिवारी द्वारा घर के सामने भी दो से तीन फुट रोड पर लोहे की जाली लगाकर अवैध निर्माण कर रखा गया है जिससे क्षेत्रवासियों को निकलने में बहुत परेशानी होती है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि अवैधानिक डेयरी को तत्काल हटाने की कार्यवाही की जाए, ताकि क्षेत्रवासी सुरक्षित रह सकें।



## एक्सपायरी डेट की सामग्री मिलने पर पटेल फास्ट फूड का पंजीयन निलंबित

**जबलपुर।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा शनिवार को किये गये आकस्मिक निरीक्षण में विजयनगर में साईं हॉस्पिटल के पास स्थित पटेल फास्ट फूड में एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक्स तथा मसालों का विक्रय हेतु संग्रहण पाये जाने पर इसका खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया पटेल फास्ट फूड में अत्यंत अस्वास्थ्यकर तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण होते हुए भी पाया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम की धारा 31 के अन्तर्गत खाद्य पंजीयन निलंबन अवधि के दौरान इस प्रतिष्ठान से खाद्य कारोबार के संचालन को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम

**जबलपुर।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष नागरिक उपभोक्ता दर्शन मंच पीजी. नाजपांडे, प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन मती जानकी देवी, अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के संभागीय अध्यक्ष मती भगवती भारद्वाज, आशीष विश्वकर्मा एवं राजेंद्र कुमार जैन, राष्ट्रीय कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति एक उपभोक्ता है और उसे कई महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त हैं, जैसे – सुरक्षा का अधिकार, जानकारी पाने का अधिकार, अपनी पसंद से वस्तु चुनने का अधिकार तथा उनके साथ कोई धोखाधड़ी होने पर शिकायत निवारण का अधिकार। कार्यक्रम में मती सीमा बोरासिया प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे एलपीजी की कमी से संबंधित किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है उन्हें किसी प्रकार की पैनिक बुकिंग कराने की आवश्यकता नहीं है। नागरिकों को पीएनजी तथा अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने उपभोक्ताओं से अपील की कि, वे वस्तु खरीदते समय बिल अवश्य लें। उत्पाद की गुणवत्ता तथा एक्सपायरी डेट की जाँच करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित उपभोक्ता मंच में शिकायत दर्ज कराएँ। इस अवसर पर बताया गया कि भारत में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कन्जूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 लागू है, जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को न्याय प्राप्त करने का अधिकार मिलता है। इस अवसर पर सहायक आपूर्ति अधिकारी राजधार साकेत प्रमोद मिश्रा एवं समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी , खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नापतौल नियंत्रक, एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

## गरीब नवाज कमेटी के सदस्यों ने रैन बसेरे में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव का किया अंतिम संस्कार



**जबलपुर।** मेडिकल अस्पताल परिसर स्थित रैन बसेरे में एक करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर गरीब नवाज कमेटी के सदस्यों ने आगे बढ़कर मानवीय पहल करते हुए लावारिस शव का तिलवारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कराया। मामले की जानकारी मिलते ही गढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर आसपास मौजूद लोगों से मृतक की शिनाख्त के लिए पूछताछ की गई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। बाद में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने शव समिति को सौंप दिया। इसके बाद कमेटी के सदस्यों ने पूरे सम्मान के साथ तिलवारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया। इस दौरान रियाज अली, बाबू खान, दीपक निगम, बछ्छु नांकनी, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद नदीम, अब्दुल बारी, मोहम्मद अमीर और इसुफ मालगुजार मौजूद रहे। समिति के सदस्यों ने बताया कि लावारिस शवों को सम्मानजनक विदाई देना उनका मानवीय दायित्व है और वे समय-समय पर इस तरह की सेवा करते रहे हैं।

**कलेक्ट्रेट का घेराव कर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन**

## टीईटी की अनिवार्यता पर पुनर्विचार की मांग

**जबलपुर।** शासकीय शिक्षक संगठन मप्र के प्रांतीय आव्हान पर कल शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी ई टी) की अनिवार्यता के प्रदेश शासन के फैसले के विरोध में कलेक्ट्रेट का घेराव कर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में टीईटी की अनिवार्यता पर पुनर्विचार की मांग की गई है। इसके पूर्व जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षक जबलपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने टीईटी को अनिवार्य किए जाने के फैसले का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टीईटी लागू करना उनके साथ अन्याय है। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष जगत पटेल ने कहा कि सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए और कार्यरत शिक्षकों को इससे छूट दी जानी चाहिए। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष राकेश उपाध्याय ने कहा कि संगठन जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी मांग रखेगा। अपर कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी ने कहा कि शिक्षकों द्वारा टीईटी अनिवार्यता के फैसले को वापस लेने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है, जिसे शासन तक भेजकर समस्या से अवगत कराया जाएगा। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन कार्यक्रम में मुकेश सिंह ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर, शालिकराम पटेल, प्रदीप पटेल, उमाकांत पटेल, अखिलेश कुमार मांझी, दीपक सोनी, मनीष प्रधान, शिवराम पटेल, किशोर दुबे, प्रकाश सेन, सुधीर विश्वकमारू मौजूद रहे।

### होली के चंदे को लेकर मारपीट में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में होलिका पर्व पर मोहल्ले में चंदा वसूलने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट में बुरी तरह घायल युवक की अस्पताल में उपचार दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर रांझी थाना पुसिल ने उक्त प्रकरण में हत्या की धारा बढाते हुए फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। रांझी पुलिस ने बताया कि गत 1 मार्च को मनीष रैकवार 19 साल अपने दोस्तों के साथ होली के लिए चंदा एकत्र कर रहा था, इसी दौरान क्षेत्र में रहने वाले कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। विवाद के दौरान मनीष पर कड़े से हमला किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई थी। घायल मनीष की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में युवक का उपचार किया जा रहा था कि दपचार के दौरान ही मनीष की मौत हो गई।

## बेटे के जन्मदिन में डीजे के विवाद पर बेटे ने लगा ली फांसी

**जबलपुर।** बच्चे का पहला जन्मदिन मना रहे पिता का परिवार के सदस्यों से देर रात डीजे बजाने पर विवाद हुआ उसके बाद युवक घर से गया शराब पीकर आया और रात में फांसी लगा ली. घटना मझगवां थाना क्षेत्र के कन्या स्कूल के पीछे की बताई गई है. घटना के संबंध में मझगवां पुलिस ने बताया कि मझगवां कन्याशाला के पीछे रहने वाले प्रिंस रजक के बेटे का कल पहला जन्म दिन था परिवार के सभी लोग जन्मदिन मना रहे थे। इसी बीच रात लगभग ११ बजे प्रिंस के पिता राजेन्द्र रजक ने रात ज्यादा होने पर डीजे बंद करने कहा जिस पर हुए विवाद के बाद वह बिना कुछ बताये बस स्टेण्ड की ओर चला गया और दो घंटे बाद शराब पीकर घर लौटा और घर वालों से विवाद करने के बाद अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। राजेन्द्र रजक के छोटे बेटे ने अनहोनी की आशंका को देखते हुए कमरे का दरवाजा हाथ डालकर खोला तो देखा कि उसका बड़ा भाई प्रिंस रजक चुनरी के फंदे पर मृत हालत में लटका था। मर्ग कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया ।

**हैदराबाद हिन्दू विधायक टी. राजा सिंह रहेंगे मुख्य वक्ता**

## गदा यात्रा को लेकर हिन्दू सेवा परिषद की हुई वृहद बैठक

**जबलपुर।** नवसंवत्सर एवम् हिन्दू सेवा परिषद् के चतुर्दश स्थापना दिवस पर 31 मार्च 2026 को प्रतिवर्ष अनुसार गदा यात्रा को लेकर वृहद बैठक संपन्न हुई जिसमें यात्रा को पुनः ऐतिहासिक बनाने हेतु गदा यात्रा से संबंधित कार्यों को प्रखंड स्तर एवं महानगर स्तर पर जिम्मेदारियां तय की गई। पुनः हिन्दू राष्ट्र की संकलपना को बुलंद करने हेतु गदा यात्रा एवं सनातन सभा संपन्न होगी। बैठक में कार्य समितियों का निर्माण कर कार्य योजना बना कर सभी कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया। अतुल जेसवानी ने बताया कि इस वर्ष गदा यात्रा में मुख्यरूप से मुख्य वक्ता हैदराबाद के हिन्दू विधायक टी. राजा सिंह जी शामिल होंगे। बैठक के दौरान अतुल जेसवानी, गौरव साहू, सौरभ जैन, उत्कर्ष रावत, दीपक विश्वकर्मा, अभिषेक अहिरवार, संदीप कुशवाहा, रवि कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, सागर पटेल, राज बेन, विनय राजपूत, मनोज तिवारी, महेन्द्र बुंदेला, आदि उपस्थित थे।

### पावर मैनेजमेंट कंपनी में प्रशासनिक फेरबदल

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर ने 5 वरिष्ठ अधिकारियों के स्थानांतरण और नवीन पदस्थापना की है। जारी आदेश के अनुसार कार्यपालक निदेशकों एवं मुख्य महाप्रबंधकों के मौजूदा दायित्वों में फेरबदल किया गया है। जबलपुर में कार्यरत कार्यपालक निदेशक फिरोज कुमार मेश्राम को अब कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं राजीव कुमार गुप्ता को कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन के पद से हटाकर कार्यपालक निदेशक पावर मैनेजमेंट के पद पर तैनात किया गया है। प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक स्तर पर भी बदलाव करते हुए प्रवीण कुमार जैन को पावर मैनेजमेंट विभाग से स्थानांतरित कर मुख्य महाप्रबंधक रणनीतिक योजना एवं परियोजना के पद पर नियुक्त किया है। भोपाल कार्यालय में पदस्थ राकेश कुमार ठुकराल जो अब तक मुख्य महाप्रबंधक वाणिज्य एवं गैर पारंपरिक ऊर्जा का कार्य देख रहे थे उन्हें अब मुख्य महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल बनाया गया है। इसी तरह गुरदीप सिंह खनूजा को मुख्य महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय से स्थानांतरित कर मुख्य महाप्रबंधक वाणिज्य एवं गैर पारंपरिक ऊर्जा का प्रभार दिया गया है।

### जेल के बंदी की संदिग्ध स्थिति में मौत

**जबलपुर।** जिला जेल कटनी में निरुद्ध एक बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की गहन जाँच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रमेश पटेल 56 वर्ष पिता रामलाल पटेल के रूप में हुई है, जो जिला जेल कटनी में निरुद्ध थे। बताया जा रहा है कि शनिवार की दरमियानी रात बंदी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जेल प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए शासकीय जिला अस्पताल कटनी ले जाया गया। जब बंदी को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**5 वर्षीय कार्ययोजना के लिए 60 करोड़ का प्रावधान**

## प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में बनेंगे "गीताभवन"

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाएँ जा रहे हैं। गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है। इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए 'गीता भवन' परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में भारतीय दर्शन, कला और साहित्यिक विमर्श के लिए एक आधुनिक अवसंरचना तैयार करना है। इंदौर और जबलपुर में निर्मित गीता भवन की सफलता को आधार मानते हुए अब इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है।

योजना के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए विभाग ने चार प्रमुख शहरों में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें रीवा (5 करोड़ रुपये), छिंदवाड़ा (2.5 करोड़ रुपये), कटनी (2.4 करोड़ रुपये) तथा खंडवा (2 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 6 नगर निगमों सहित 100 नगर पालिकाओं में 'ग्रीनफील्ड' प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है, जिनकी डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

शेष 313 नगरीय निकायों में भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है और जिला कलेक्टरों के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया प्रचलन में है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे सांस्कृतिक केंद्रप्रत्येक 'गीता भवन' को एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## अब कचरा नहीं, खाद बनेंगे पतझड़ के पत्ते

**जबलपुर।** नगर निगम ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' के तहत एक बेहद सकारात्मक अभियान की शुरुआत की है, जिसका मंत्र है पतझड़ के पत्ते कचरा नहीं हैं। इस मुहिम का उद्देश्य सड़कों पर बिखरे सूखे पत्तों को जलाकर प्रदूषण फैलाने के बजाय, उन्हें मूल्यवान जैविक खाद में बदलना है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि पतझड़ के मौसम में लोग सूखे पत्तों को कूड़ा समझकर जला देते हैं, जिससे वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और हानिकारक कणों का स्तर बढ़ जाता है। नगर निगम की इस योजना से अब इन पत्तों को गौरीघाट, बलदेवबाग, गढ़ा, गोरखपुर, अधारताल और कठोंदा जैसे कम्पोस्ट प्लांट्स में ले जाया जाएगा। यहाँ वैज्ञानिक विधि से तैयार की गई उच्च गुणवत्ता वाली खाद वापस नागरिकों को उनके बगीचों और पौधों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। पत्तों को जलाने पर पूर्ण रोक से वायु प्रदूषण में भारी कमी आएगी। रासायनिक खादों की निर्भरता कम होगी और मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी। निगम ने नागरिकों से सीधे जुड़ने के लिए टोल-फ्री नंबर 0761-2637503 जारी किया है। सूखे पत्ते प्रकृति की संपदा हैं। इन्हें जलाएं नहीं, बल्कि संग्रहित कर निगम की टीम को सौंपें। आपके सहयोग से जबलपुर न केवल स्वच्छ बनेगा, बल्कि सांस लेने के लिए और भी शुद्ध होगा। यदि आपके घर या आस-पास सूखे पत्तों का ढेर है, तो उन्हें कचरा गाड़ी में डालने या जलाने के बजाय आप निगम के टोल-फ्री नंबर 0761-2637503 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सिहोरा तहसील में वेयर हाउस सील

## अवैध एलपीजी सिलेंडर और रेत पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**जबलपुर। जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने शनिवार को सख्त कदम उठाए। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशों के परिपालन में शहपुरा और सिहोरा क्षेत्रों में अलग-अलग कार्रवाइयाँ की गईं। इन कार्रवाइयों में अवैध एलपीजी गैस सिलेंडर जब्ती, अवैध रेत परिवहन पर रोक तथा भू-राजस्व बकाया होने पर वेयरहाउस सील करने जैसी अहम कार्रवाई शामिल रही।**



अनुभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शहपुरा क्षेत्र में एलपीजी गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग की जांच की। जांच के दौरान 10 अलग-अलग प्रतिष्ठानों से 10 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। प्राथमिक जांच में सामने आया कि इन सिलेंडरों का उपयोग निर्धारित नियमों के विपरीत किया जा रहा था।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व और पुलिस विभाग के सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध रेत से भरा डम्फर जब्त

इसी क्रम में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा के मार्गदर्शन में तहसील शहपुरा क्षेत्र में एक रेत से भरा डम्फर पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान ड्राइवर द्वारा दिए गए कथन और दस्तावेजों में तथ्यों का मिलान नहीं हुआ। संदेहास्पद स्थिति को देखते हुए डम्फर को जब्त कर थाना चरगवां भेज दिया गया, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### वेयर हाउस सील

दूसरी ओर सिहोरा तहसील में राजस्व टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भू-राजस्व बकाया होने पर 'मां अन्नपूर्णा वेयर हाउस' को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार भूमि स्वामी जुगल किशोर पटेल द्वारा भू-राजस्व एवं पंचायत उपकर की 2 लाख 05 हजार 200 रुपये की राशि जमा नहीं की गई थी।14 मार्च को राजस्व निरीक्षक गोसलपुर, हल्का पटवारी एवं ग्राम कोटवार की उपस्थिति में खसरा नंबर 530, रकबा 2.04 हेक्टेयर की भूमि के कॉलम नंबर 12 में बकाया राशि दर्ज की गई। इसके बाद मौके पर मौजूद वेयरहाउस को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राजस्व वसूली और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



जबलपुर। कायस्थ वूमेंस क्लब ने किया कार्यशाला का आयोजन

# रेत का अवैध उत्खनन रोकने की कार्यवाही

**जबलपुर।** रेत के अवैध उत्खनन पर सख्ती से रोक लगाने के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार शहपुरा, पाटन और सिहोरा तहसील में रविवार को राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त दल द्वारा कई स्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा मदन सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में घुघरी चरगंवा में रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर एक डंपर को जप्त किया गया। वहीं, पाटन तहसील के अंतर्गत कटंगी में हिरन नदी घाट क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार जय सिंह धुर्वे के नेतृत्व में राजस्व और खनिज विभाग के अमले ने ग्राम पौड़ीकला के पास पुल के नीचे नदी की गहराई से रेत खनन करते पाये जाने पर डोंगी में भरी करीब एक ट्राली रेत को नदी में डूबोने की कार्यवाही की।तहसीलदार जय सिंह धुर्वे के मुताबिक कार्यवाही के लिये पहुँची टीम को देखकर रेत निकलने वाले तैराक नाव को बीच जलधारा में आंशिक रूप से डूबाकर तट के दूसरी ओर भाग गये। सिहोरा तहसील में खिरहनी कला, देवरी कन्हाई और मढ़ा परसवाड़ा के रेत घाटों का राजस्व और खनिज विभाग के अमले ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन स्थानों पर रेत का उत्खनन नहीं पाया गया।

# भक्त शिरोमणि कर्मा बाई जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई



**मझौली।** नगर मझौली में भक्त शिरोमणि कर्मा बाई की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने कर्मा बाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कर्मा बाई ने अपनी भक्ति, सेवा और समर्पण से समाज को सच्चे मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। जयंती कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने कर्मा बाई के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। मां कर्मा बाई मंदिर से साहु समाज के द्वारा शाम 4:00 बजे शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बाजार प्लांट शनि आश्रम जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं शोभा यात्रा में अद्भुत झांकिया की प्रस्तुति की गई। इसके बाद बुजुर्गों वरिष्टों का सम्मान देवी जगरण युवक युवतियों के द्वारा झाकीया प्रस्तुत की गई एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, नगर के गणमान्य नागरिक और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने कर्मा बाई के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने की बात कही।

# श्रीमद्भागवत कथा का समापन 18 को



**जबलपुर।** झामनदास चौक स्थित छोटी खेरमाई मंदिर के पास 11 मार्च से 18 मार्च तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित दिनेश कृष्ण महाराज द्वारा सुनाई जा रहे है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर कथा का श्रवण करने और धर्म लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है। कथा के समापन के उपरांत 18 मार्च को भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

# शासकीय कॉलोनियों में गहराया जल संकट

## अधिकारी कर रहे समस्या को नजरअंदाज

जबलपुर।

गर्मी की आहट के साथ ही जल संकट के मामले सामने आने लगे हैं, जबलपुर के शासकीय कर्मचारियों की कालोनियों में जल संकट गहराने लगा है. मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि विभाग के संबंधित अधिकारी इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हें. उन्होंने कहा कि शासकीय कर्मचारियों के मासिक देयकों से इन आवासों का किराया तो काट लिया जाता है लेकिन समस्याओं का निदान नहीं किया जाता है। लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ, वन, राजस्व, लोक स्वास्थ यांत्रिकी बरगी हिल्स, हिरण जल संसाधन, आई टी आई, रोजगार निर्माण,एवं नगर निगम के शासकीय आवास की कालोनियों में टयूबवेल से कम पानी आ रहा है, पानी की टंकियों की लम्बे समय से सफाई नहीं हुई है। कर्मचारियों को पेयजल की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ रही है जबकि यह संबंधित विभाग को करवाना चाहिए।मेडिकल के पीछे की कालोनी , पुलिस विभाग केंट थाने के सामने टपरिया नुमा आवासों में, गढ़ा थाने के आगे के आवासों में रखी पानी की टंकियों खराब हो गई है, अंदर काई लग गई है। बरगी हिल्स के आवासों के रहवासी दूर से पानी ला रहे है, राजस्व, पी डब्ल्यू डी के कर्मचारी ब्यौहार बाग के क्वाट्रो में रहने वाले भारी परेशान है, वन विभाग के एस एफ आर आई, आई टी आई के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ विभाग के आवासों में लगी पानी की लाइनों की दुर्गति है, विक्टोरिया कैंपस के आवास में बने आवास में स्वच्छ पीने के पानी की समस्या बनी हुई है।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिलाशाखा अध्यक्ष अटल उपाध्याय, जिला सचिव देवेंद्र पचौरी, कोषाध्यक्ष आलोक अग्निहोत्री, राजाराम डेहरिया, योगेंद्र मिश्रा,अजय दुबे, विनय नामदेव, राहुल पांडेय,सतीश उपाध्याय, राकेश उपाध्याय,अंशुल शाहू, सुशील गुप्ता, अर्जुन सोमवंशी, रवि बांगड़, राजू मस्के, जी पी द्वेदी ने शासकीय आवासों में पीने के पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।

# प्रस्फुटन समितियां परिषद की आधार स्तंभ, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**सिहोरा।** योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के योजनांतर्गत जन अभियान परिषद विकासखंड सिहोरा की नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक एक द्वारा जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया के मार्गदर्शन में सेक्टर अंतर्गत आठ समितियो के सदस्य,नवांकुर सखी एवं सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वालों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समन्वयक ने ग्राम एवं नगर की समितियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रस्फुटन समितियां जन अभियान परिषद के आधार स्तंभ है नवांकुर संस्था के संचालक सुषमा सिंह कर्चुली द्वारा परिचय एवं अवधारणा स्पष्ट की गई। समिति की सचिव सारिका साहू ने समितियों के सामाजिक कार्य में भूमिका के विषय में प्रकाश डाला। सुरभी कोरी परामर्शदाता द्वारा एमपीजेएपी ऐप के माध्यम से समितियों के कार्यों की जानकारी अपडेट करने, परामर्शदाता प्रवीण गौतम ने संचालन हेतु आवश्यक दस्तावेजीकरण,रजनीश उपाध्याय लक्ष्मीकांत परोहा,आयूष कुररिया ने समिति से सम्बधित विषयों पर प्रकाश डाला।स्व सेवा संयोजन समिति की प्रेरणा से नवाचार के तहत देहदान संकल्प पत्र भरने जामुना प्रसाद लोधी, बबीता कुशवाहा, नीतू साहू, सुमन नामदेव, आरती दीवान, अमीषा चौधरी, उर्मिला नामदेव, आकांक्षा गर्ग,अंजना मिश्रा, गौरा बाई, पार्वती लोधी, कंचन नामदेव, अंबिका पटेल, रोहित पटेल ,दुर्गेश कुशवाहा, जितेन्द्र पांडेय, पंचम ठाकुर, सह सचिव भावना गौतम, अन्नपूर्णा, कल्पना कुशवाहा, कोषाध्यक्ष सुषमा गौतम के साथ समितियों के अध्यक्ष सचिव आदि उपस्थित थे।

# बाबाताल में महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति आज



**सिहोरा।** नगर के सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में विश्व शांति मानव कल्याणार्थ आयोजित दस दिवसीय हवनात्मक तथा अभिषेकात्मक महारुद्र यज्ञ का आज सोमवार को पूर्णाहुति के साथ ही समापन हो जायेगा। यज्ञ में प्रतिदिन सिहोरा खितौला के साथ इससे लगे दर्जनों ग्रामों के भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है जो भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के साथ यज्ञ भगवान की परिक्रमा लगा रही हैं साथ ही भव्य एंव विशाल मेले में लगे बड़े झूलों के साथ अनेक प्रकार के विभिन्न घरेलू सामग्रियों की दुकानों के स्टाल के साथ खाद्याय सामग्री के स्टाल का आनंद लें रहे हैं। आज सोसल मिडिया के युग में भी लोग रोज रामलीला देखने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। लगातार 37 वर्ष से आयोजित हो रहे महारुद्र यज्ञ में आज यज्ञाचार्य पंडित केशव प्रसाद त्रिपाठी यज्ञ की पूर्णाहुति करायेंगे। यज्ञ समिति के पंडित राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज, हनुमान बिल्हा ,ललित दुबे, इन्द्रकुमार पांडे, मुंडी बर्मन,मोहित बर्मन, भूरा पटेल, बिंदेश्वरी काछी आदि ने पूर्णाहुति में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# उल्लास' परीक्षा में 85 वर्षीया वृद्धा ने पेश की मिसाल





**सिहोरा।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'नवभारत साक्षरता मिशन' के अंतर्गत रविवार को विकासखंड सिहोरा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर मूल्यांकन परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के उन वयस्कों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश पूर्व में साक्षर नहीं हो सके थे। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पिछले एक सप्ताह से जारी युद्ध स्तर की तैयारियों का परिणाम परीक्षा केंद्रों पर उमड़ी परीक्षार्थियों की भीड़ के रूप में देखने को मिला।

### डिजिटल पंजीकरण और व्यापक सर्वे से मिली सफलता

साक्षरता मिशन के निर्देशों के अनुपालन में शिक्षकों और 'अक्षर साथियों' ने बीते एक सप्ताह से क्षेत्र में सघन सर्वे अभियान चलाया था। इस दौरान घर-घर जाकर निरक्षरों की पहचान की गई और सरकार के 'उल्लास' ऐप पर उनका विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित किया गया।

### माता-पिता के साथ स्कूल पहुँचे नौनिहाल

शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में एक भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला जहाँ नन्हे बच्चे अपने माता-पिता को साक्षर बनाने का संकल्प लेकर उन्हें परीक्षा केंद्र तक छोड़ने आए। इस अवसर पर शाला प्रभारी तहमीना बानो अंसारी एवं नवभारत साक्षरता प्रभारी योगेन्द्र मिश्रा ने उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

### 85 वर्षीया शिमला बाई बनीं प्रेरणा का केंद्र

इस परीक्षा के दौरान सबसे आकर्षक केंद्र 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला शिमला बाई रहीं। शारदा प्रसाद गड़ारी की पत्नी शिमला बाई ने अदम्य उत्साह के साथ परीक्षा दी। उनकी जीवटता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परीक्षा देते समय भी उन्हें अपने घरेलू उत्तरदायित्वों का पूरा ध्यान था। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "जल्दी-जल्दी परीक्षा देनी है घर में बहुत काम है और मवेशियों को पानी भी पिलाना है। उनकी इस प्रेरणादायी भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

## निधन

**श्रीमती शांताबाई पत्रे-** पुरानी पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री एसएल पत्रे की धर्मपत्नी श्रीमती शांता बाई पत्रे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र चौबे-** दक्षिण मिलोनीगंज छोटा फुहारा निवासी श्री राजेंद्र चौबे (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रमा देवी-** कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री उमा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती रमा देवी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गुलाबचंद रजक-** कछियाना द्वारका नगर निवासी श्री गुलाब चंद रजक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय श्रीवास-** जीसीएफ क्वार्टर्स निवासी श्री अजय श्रीवास (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश कुमार चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री गंगादीन चौधरी के पुत्र श्री राकेश कुमार चौधरी का निधन हो गया । अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती देवकली यादव-** नर्मदा नगर गोहलपुर नई बस्ती निवासी श्री रामाधार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती देवकली यादव (50) का निधन हो गया अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रेमलता दुबे-** राज्य वन अनुसंधान केंद्र पोलीपाथर निवासी श्री राम नारायण दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता दुबे का (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**कु. सुनीता दहिया-** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री श्याम किशोर दहिया की पुत्री कु. सुनीता दहिया (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बुधिया बाई बैरागी-** छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री अमर दास बैरागी की धर्मपत्नी श्रीमती बुधिया बाई बैरागी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री धन्नू लाल झरिया-** राजा इमलई कुंडम रोड निवासी श्री धन्नू लाल झरिया (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष चंद्र झा-** अप्सरा अपार्टमेंट सिविल लाइन निवासी श्री सुभाष चंद्र झा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## खबर संक्षेप



### चिंता बढ़ने से बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन में सुधार

नई दिल्ली। ईरान तथा अमेरिका एवं इजराइल के बीच युद्ध जारी रहने तथा खाड़ी देशों से मालवाहक पोतों की आवाजाही लगभग ठप होने के चलते कच्चे तेल एवं खाद्य तेलों की आपूर्ति घटने की आशंकाएं बढ़ने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में पिछले सप्ताह बाजार मजबूत होने तथा खाद्य तेल एवं रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित रहने की आशंकाओं के बीच मांग में अचानक उछाल आया है।

### वेदांता एनसीडी जारी कर 2,575 करोड़ रुपए जुटाएगी

नई दिल्ली। वेदांता लिमिटेड संस्थागत निवेशकों की ओर से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के बाद गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर



(एनसीडी) निर्गम के जरिये करीब 2,575 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, कोटक म्यूचुअल फंड और आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड जैसे संस्थागत निवेशकों की ओर से इस निर्गम जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी का निर्गम पिछले सप्ताह खुला था।

### कोल इंडिया उचित कीमत पर करेगा बिजली आपूर्ति सुनिश्चित

**नई दिल्ली**। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में बिजली की आपूर्ति को



उचित कीमत पर सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संकट वैश्विक पोत परिवहन मार्गों और आयातित कोयले की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन का 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन का 75 प्रतिशत योगदान देती है।

### पेप्सी ने अहान और अनीत को ब्रांड एम्बैसडर बनाया

नई दिल्ली। गर्मियों के मौसम से पहले शीतल पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी पेप्सिको की भारतीय इकाई ने युवाओं, खासकर नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए फिल्म 'सैयारा' के अभिनेता अहान पांडेय और अभिनेत्री अनीत पड्डा को अपने नए प्रचार अभियानों का चेहरा बनाया है। कंपनी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य युवाओं के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत करना है। कंपनी के अनुसार, दोनों कलाकार अपने स्वाभाविक अंदाज और लोकप्रियता के कारण नई पीढ़ी के बीच तेजी से पहचान बना रहे हैं।

# फेरारी ने लांच की 10.37 करोड़ की सुपरकार, पलक झपकते होगी हवा-हवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेरारी ने अपनी नई फ्लैगशिप सुपरकार 849 टेस्टारोसा को इंडियन मार्केट में लॉन्च कर दिया है। ये क्लासिक 1980 टेस्टारोसा नाम के साथ आने एसएफ90 स्ट्राडेल का सक्सेसर है। प्लग-इन हाइब्रिड तकनीक के साथ ये भारतीय सुपरकार बाजार में लैंबोर्गिनी रेवुएल्टो की कड़ी टक्कर देगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 10.37 करोड़ रुपए से शुरू होती है, जो ऑप्शन्स जोड़ने पर 11-12 करोड़ तक पहुंच सकती है। दिल्ली में ऑन-रोड प्राइस लगभग 12 करोड़ रुपए से शुरू होगा। फेरारी 849 टेस्टारोसा की बुकिंग भी शुरू होने वाली है। इसे दो वेरिएंट ऑप्शन-स्टैंडर्ड और असेटो में खरीदा जा सकेगा।

## कंपनी ने नई क्लासिक 849 टेस्टारोसा की लांच

### डिजाइन और डायमेंशन

फेरारी 849 टेस्टारोसा का डिज़ाइन बोल्ड और एग्रेसिव है, जो 1970sएंड्योरेंस प्रोटोटाइप्स (जैसे 512एस) और क्लासिक टेस्टारोसा से इंस्पायर्ड है। लो-स्लंग सिल्हूट (ऊंचाई मात्र 1225 एमएम), लंबाई 4718 एमएम और चौड़ाई 2304 एमएम के साथ ये सड़क पर दबदबा जमाएगी। फ्रंट में एल-शेप्ड एलईडी हेडलैंप्स ब्लैक ग्लॉसी ट्रिम से जुड़े हैं, बड़ा एयर इंटेक और फ्रंट लिप स्पॉइलर इसे स्पोर्टी बनाते हैं।




### फेरारी की सबसे एक्टिव एयरो डायनामिक्स कार

साइड प्रोफाइल में बड़े अलॉय व्हील्स, ब्लैक रूफ और ए-पिलर,बड़े साइड एयर इंटेक्स और स्कल्प्टेड डोर पैनल्स हैं। रियर में स्लिम एलईडी टेललाइट बार, हाई-माउंटेड डुअल एग्जॉस्ट, स्प्लिट स्पॉइलर और बड़ा डिफ्यूज़र है। ग्लास इंजन बे और एक्टिव एयरोडायनामिक्स हाई-स्पीड स्टेबिलिटी बढ़ाते हैं। कुल मिलाकर ये फेरारी की सबसे स्कल्प्टेड और एयरोडायनामिक कारों में से एक है।

### केबिन और कंफर्ट

केबिन पूरी तरह ड्राइवर-फोकस्ड है। स्प्लिट कॉकपिट लेआउट में कोई सेंट्रल इंफोटेनमेंट स्क्रीन नहीं है। इसके बजाय 16-इंच का बड़ा डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले और 9-इंच पैसेंजर स्क्रीन दिए गए हैं। रेसिंग-स्टाइल स्पोर्ट सीट्स प्रीमियम लेदर और कार्बन फाइबर से बनी हैं। थ्री-स्पोक फ्लैट-बॉटम स्टीयरिंग व्हील पर फिजिकल बटन्स दिए गए हैं, जो रेसिंग फील देते हैं।

### फीचर्स और सेफ्टी

फीचर लिस्ट में वायरलेस एपल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो, वायरलेस फोन चार्जिंग, 7-स्पीकर हाई-फाई ऑडियो सिस्टम, स्टीयरिंग-माउंटेड फोन कंट्रोल्स, एडवांस्ड एचएमआई शामिल हैं। असेटो फियोरेनो पैकेज में बेहतर सस्पेंशन, लाइटवेट कंपोनेंट्स और एयरो पार्ट्स मिलते हैं। ईड्राइव मोड में साइलेंट इलेक्ट्रिक ड्राइविंग, ट्रैक मोड और लॉन्च कंट्रोल जैसी रेस-रेडी फीचर्स हैं। इसमें एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, ब्रेक असिस्ट (बीए), इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन (ईबीडी), इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक और वेंटिलेटेड डिस्क ब्रेक्स स्टैंडर्ड हैं।

## वित्त मंत्रालय ने 13 मार्च को किया अधिसूचित

# आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए सार्वजनिक निर्गम नियमों में संशोधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों के न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम से संबंधित नियमों में संशोधन किया है और इसे निर्गम के बाद की पूंजी से जोड़ दिया है।

**हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी**

इस महीने की 13 तारीख को अधिसूचित प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) संशोधन नियम, 2026 के अनुसार, जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक और 5,000 करोड़ रुपये से कम है, उन्हें सूचीबद्ध होने के तीन साल के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी।

## तीन साल के भीतर सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ानी होगी

### हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश करना होगा

ऐसा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा तय तरीके से किया जाएगा। नियमों में आगे कहा गया है कि निर्गम के बाद की सीमा चाहे कुछ भी हो, सूचीबद्ध होने के समय प्रतिभूतियों के प्रत्येक वर्ग का कम से कम 2.5 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश किया जाना चाहिए।




### ऋण पत्र कम से कम 25 फीसदी होना अनिवार्य

संशोधन के अनुसार, यदि किसी कंपनी के निर्गम के बाद उसकी पूंजी 1,600 करोड़ रुपये तक है, तो कंपनी द्वारा जारी किए गए प्रत्येक वर्ग के इक्विटी शेयरों या परिवर्तनीय ऋण पत्र का कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश करना अनिवार्य होगा।

### पूंजी कम होने पर शेयर जारी करने होंगे

अगर यह पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 4,000 करोड़ रुपये से कम है, तो कंपनी को 4,000 करोड़ रुपये के बराबर शेयर पेश करने होंगे। जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 4,000 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 5,000 करोड़ रुपये के बराबर या उससे कम है, उनके लिए सार्वजनिक पेशकश कंपनी द्वारा जारी इक्विटी शेयरों या परिवर्तनीय ऋण पत्र के प्रत्येक वर्ग का कम से कम 10 करोड़ होना चाहिए।

### आठ प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे

वहीं, 5,000 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन एक लाख करोड़ रुपये से कम या उसके बराबर की पूंजी वाली कंपनियों को 1,000 करोड़ रुपये के बराबर शेयर और प्रत्येक वर्ग के कम से कम आठ प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे। इन कंपनियों को सूचीबद्ध होने के पांच साल के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी।

### एक फीसदी के बराबर शेयर जारी करने होंगे

इसी तरह निर्गम के बाद पांच लाख रुपये से अधिक की पूंजी वाली कंपनी को कम से कम 1,500 करोड़ रुपये के शेयरों के बराबर और उनके द्वारा जारी किए जाने वाले प्रत्येक वर्ग के शेयरों या परिवर्तनीय डिबेंचर के कम से कम एक प्रतिशत बराबर शेयर जारी करने होंगे।

### जुर्माना लगाने की अनुमति

ये नियम पंजीकृत शेयर बाजारों को संशोधित नियमों के लागू होने से पहले के सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों के गैर-अनुपालन के लिए जुर्माना लगाने की अनुमति देते हैं।

# फरवरी में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात बढ़ा

## 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर (24,340.05 करोड़ रुपये) हो गया। उद्योग संगठन रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार अन्य बाजारों में विस्तार के कारण निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई।

परिषद के आंकड़ों के अनुसार, एक वर्ष पहले इसी महीने में कुल निर्यात 258.10 करोड़ डॉलर (22,460.13 करोड़ रुपये) रहा था। अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात लगभग स्थिर रहा और यह 2,593.37 करोड़ डॉलर (2,28,230.06 करोड़ रुपये) रहा, जबकि इससे एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 2,591.58 करोड़



डॉलर (2,18,737.62 करोड़ रुपये) था।

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा कि बीता वर्ष वैश्विक रत्न एवं आभूषण उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इस दौरान अमेरिका की शुल्क नीतियों में बदलाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और प्रमुख बाजारों में उपभोक्ताओं की बदलती पसंद जैसे कारकों का प्रभाव रहा।

### चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूत

भंसाली ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। भंसाली ने कहा कि निर्यातकों ने सक्रिय रूप से नए बाजारों में विस्तार किया है और संयुक्त अरब अमीरात तथा ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अपनी मौजूदगी मजबूत की है, जहां मुक्त व्यापार समझौतों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## 4,000 से अधिक कर्मियों पर कार्रवाई

# एयर इंडिया के कर्मचारियों ने किया यात्रा नीति का दुरुपयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर विसंगतियां पाई हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारी शामिल हैं और एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने सहित सुधारात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके द्वारा नामित व्यक्तियों (जैसे जीवनसाथी और माता-पिता) को एक निश्चित संख्या में मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है।

सूत्रों ने बताया कि कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया के लिए एयर इंडिया को भेजे गए विस्तृत सवालों का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है।

एक सूत्र ने बताया कि 4,000 से अधिक कर्मचारियों को ईएलटी नीति का दुरुपयोग करते पाया गया है। उल्लंघन के ये मामले पिछले वित्त वर्ष से जुड़े हुए हैं। हालांकि, इस दुरुपयोग के कारण हुए कुल वित्तीय नुकसान और सटीक समय अवधि का पता नहीं चल सका है।




### दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना

एयर इंडिया ने इस दिशा में सुधारात्मक कदम उठाते हुए संबंधित कर्मचारियों से धोखाधड़ी के जरिये ली गई राशि वापस करने को कहा है। इसके साथ ही कई दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है।

# नई श्रम संहिताओं से रोजगार में आएगी तेजी : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगभग 75 प्रतिशत कंपनियों को उम्मीद है कि नई श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद निश्चित अवधि वाले रोजगार में वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट में कहा गया कि यह बदलाव कार्यबल के औपचारिककरण की दिशा में एक बड़ा संकेत है। मानव संसाधन समाधान प्रदाता जीनियस एचआरटेक की रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यबल के औपचारिककरण की ओर झुकाव स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है। लगभग 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि नई श्रम संहिताओं के बाद कंपनियां रणनीतिक रूप से निश्चित अवधि वाले रोजगार को अपनाएंगी। यह अधिक संगठित, अनुपालन वाले और दस्तावेजी रोजगार व्यवस्था की ओर एक निर्णायक कदम है। उल्लेखनीय है कि नवंबर, 2025 में सरकार ने 29 केंद्रीय श्रम कानूनों की जगह चार व्यापक संहिताओं - मजदूरी, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा - को लागू किया था।

### कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली**। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। उन्होंने बताया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है।

**मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता**
**रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)**

ज्ञाप क्र.11/P/सा-2/2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)** — दिनांक 10/03/2026

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मे जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है-

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | धरोहर राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 27/सा./मु.अ./2025-26 दिनांक 10/03/2026 (प्रथम आमंत्रण) | वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिये सिंचाई के दौरान वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 81.30 कि. मी. से 130.67 कि.मी. भदगवां शाखा नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से 16.32 कि.मी. सिवनी वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से 13.50 कि.मी., गुंदरई वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से 5.43 कि.मी. मगरधा वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से 17.60 कि.मी., बम्हनी वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से 9.06 कि.मी. मचवारा वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से 7.90 कि. मी., अंडिया वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. 14.00 कि मी. कंदेली वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से 19.86 कि.मी., सुरगी वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि. मी. से 12.00 कि.मी. एवं रहली वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से 11.80 कि.मी. का कार्य। | रू. 45.42 लाख (रू. पैतालीस लाख बयालीस हजार मात्र)(एम. पी., डब्ल्यू.आर. डी., यू. सी.एस. आर. दिनांक 15/07/2024 पर लागू)(जी. एस.टी. के बिना) | रू.46000/- (रू. छियालीस हजार मात्र) | रु.5000/- (रू. पांच हजार मात्र) | 12 माह वर्षाकाल छोड़कर |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें। 2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है। 3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनाँक एवं समय दिनांक 25.03.2026, 17.30 बजे तक। 4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दशाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा) मुख्य अभियंता
G-27366/25 "स्वच्छता ही सेवा" रानी अवती बाई लोधी सागर परियोजना, बरगी हिल्स, जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग, जबलपुर**
**अम्बेडकर भवन के सामने हाईकोर्ट चौराहे के पास, जबलपुर**

पत्र.क्र.4113/निविदा/ग्रा.यां.से./2025 — **संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. -07/2025-26** — जबलपुर, दिनांक 11.03.2026

कार्यालय अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ. क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | विकास खण्ड/ स्थल | निविदत्त राशि रू. (रुपए में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण की क्रम | लागू एस. ओ. आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_RES _479727_2 | अतिरिक्त निर्माण कार्य सामुदायिक भवन में चौपडा कुंआ के पास राधाकृष्णन वार्ड जबलपुर | जबलपुर पूर्व क्षेत्र | 424000.00 | 8480 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 2 | 2025_RES _479729_2 | अतिरिक्त निर्माण कार्य सामुदायिक भवन में खटीक समाज के पास खेरमाई वार्ड जबलपुर | जबलपुर पूर्व क्षेत्र | 388000.00 | 7760 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 3 | 2025_RES _479730_2 | अतिरिक्त निर्माण कार्य सामुदायिक भवन में बेलबाग टोरिया महर्षि अरविंद वार्ड जबलपुर | जबलपुर पूर्व क्षेत्र | 389000.00 | 7780 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 4 | 2025_RES _479732_1 | कार्यालय जिला पंचायत भवन जबलपुर में सुचारू बैठक व्यवस्था हेतु पार्टीशन का निर्माण कार्य | जबलपुर पूर्व क्षेत्र | 1234000.00 | 24680 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 5 | 2025_RES _479733_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य सर्वभौम ब्राम्हण सेवा आश्रम न्यास रांझी केन्ट क्षेत्र | जबलपुर केन्ट क्षेत्र | 391000.00 | 7820 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 6 | 2025_RES _479734_1 | शासकीय कन्या माध्यमिक शाला कुण्डम में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | कुण्डम | 128000.00 | 25600 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |

नोट :-उपरोक्त सभी निर्माण कार्यों की समयावधि वर्षाकाल सहित है। उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाईन प्रपत्र क्रय करने, बिड सममिशन, बिड क्लोजिंग व बिड ओपनिंग का विवरण निम्नानुसार है- 1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का प्रारम्भ तिथि- 20.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे से। 2. ऑनलाईन बिड सबमिशन तिथि-20.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे से। 3. ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि-06.04.2026 को सांय 06:00 बजे तक। 4. ऑनलाईन बिड खोले जाने की तिथि 08.04.2026 को प्रातः 10:00 बजे तक। निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा यद्यपि उक्त वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर दर्शित किया जावेगा।

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"
(सुमित शुक्ला) कार्यपालन यंत्री
G-27310/25 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर संभाग, जबलपुर, दूरभाष नं.- 0761-2625268 मो.नं.-9131414293

## ऑर्डर में हो रहा है सुधारः मैजिकपिन सीईओ

# एलपीजी की कमी से वैकल्पिक रास्ता अपना रहे रेस्तरां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन ऑर्डर पर डिलिवरी करने वाले मंच मैजिकपिन ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से प्रभावित रेस्तरांओं के ऑर्डर में अब सुधार देखने को मिल रहा है। मैजिकपिन के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशू शर्मा ने कहा कि रेस्तरांओं ने अपने 'मेन्यू' में समायोजन किया है और साथ ही वे खाना पकाने के वैकल्पिक तरीके अपना रहे हैं। शर्मा ने कहा कि एलपीजी आपूर्ति में संकट का ज्यादातर असर छोटे रेस्तरांओं पर पड़ा है जो खाना पकाने के लिए सिलेंडर पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं और जिनके पास वित्तीय संसाधनों की कमी है।

### शुरूआत में 10 प्रतिशत तक की आई थी गिरावट

शर्मा ने कहा कि खाना पकाने के लिए एलपीजी पर काफी ज्यादा निर्भर रेस्तरांओं के ऑर्डर में शुरुआत में पांच-10 प्रतिशत की गिरावट आई थी, लेकिन अब मांग में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेस्तरांओं ने एलपीजी की आपूर्ति की दिक्कतों के बीच अपने मेन्यू में कुछ बदलाव किया है और इंडक्शन, लकड़ी से जलने वाले चूल्हों और इलेक्ट्रिक ओवन जैसे दूसरे तरीके अपनाएं हैं।



### ईवी ओवन व इंडक्शन जैसा विकल्प अपना रहे

रेस्तरां मालिकों का कहना है कि वे इस संकट से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक ओवन और इंडक्शन कुकर जैसे विकल्प अपना रहे हैं, साथ ही उन व्यंजनों को प्राथमिकता दे रहे हैं जिन्हें पकने में कम समय लगता है।

### इंडक्शन कुकिंग स्टोव बांटने की योजना

शर्मा ने कहा कि मैजिकपिन अगले कुछ दिन में सबसे प्रभावित लगभग 10,000 रेस्तरां भागीदारों को इंडक्शन कुकिंग स्टोव बांटने की योजना बना रही है ताकि उन्हें अपना कारोबारी परिचालन जारी रखने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि रेस्तरां क्षेत्र ने इन व्यवधानों के दौरान मजबूती दिखाई है, और उद्योग पर मौजूदा संकट थोड़े समय के लिए ही रहने की उम्मीद है।

## चिंतन

# अब होगी नेताओं के दावों की परीक्षा

देश के पांच राज्यों असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी शंखनाद हो चुका है। चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखों का ऐलान कर दिया है और इसके साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सत्ता की दौड़ तेज होगी। नेताओं के बड़े-बड़े दावे जनता की कसौटी पर परखे जाएंगे। करीब 17.4 करोड़ मतदाताओं और 824 विधानसभा सीटों पर होने वाला यह चुनाव केवल सरकार बदलने का सवाल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता और जनता की उम्मीदों की भी बड़ी परीक्षा है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। पांचों राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही सियासी गतिविधियां तेज हो चुकी हैं और राजनीतिक दलों ने अपने-अपने एजेंडे, वादों और रणनीतियों को धार देना शुरू कर दिया है। इन चुनावों की खास बात यह है कि यहां राष्ट्रीय दलों और क्षेत्रीय दलों के बीच सीधी और कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। खासकर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा हमेशा तीखी रही है, जहां क्षेत्रीय दलों की मजबूत पकड़ है। ऐसे में राष्ट्रीय दल भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंकते नजर आएंगे। चुनावों के दौरान अक्सर नेताओं द्वारा विकास, रोजगार, महंगाई और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। मुफ्त योजनाओं और जनहित के नाम पर नई-नई घोषणाएं मतदाताओं को प्रभावित करने का एक प्रमुख माध्यम बन जाती हैं, लेकिन समय के साथ मतदाताओं की समझ भी परिपक्व हुई है। अब मतदाता केवल वादों और नारों से प्रभावित नहीं होते, बल्कि वे यह भी देखते हैं कि पिछले कार्यकाल में सरकारों ने वास्तव में क्या काम किया है और जनता के जीवन में कितना बदलाव आया है। यही वजह है कि यह चुनाव नेताओं के दावों की असली परीक्षा बनकर सामने आएगा। चुनाव आयोग ने भी साफ कर दिया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई भी सरकार नई योजनाओं या घोषणाओं का ऐलान नहीं कर सकेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में होती है। चुनाव केवल नेताओं या राजनीतिक दलों की परीक्षा नहीं होते, बल्कि यह मतदाताओं की जिम्मेदारी और जागरूकता की भी कसौटी होते हैं। जब मतदाता अपने अधिकार का ईमानदारी से प्रयोग करते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए जरूरी है कि हर मतदाता इस लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और अपने वोट का प्रयोग जरूर करे। आखिरकार, चुनाव केवल सत्ता हासिल करने की दौड़ नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को जीतने की प्रक्रिया भी है। नेताओं के लिए यह अवसर है कि वे केवल वादे करने तक सीमित न रहें, बल्कि जनता के भरोसे को निभाने का संकल्प भी दिखाएं क्योंकि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास ही होता है। मई में आने वाला जनादेश किसे सत्ता की जिम्मेदारी सौंपता है। जनता के लिए भी यह जिम्मेदारी के साथ चुनाव करने का मौका है। लोकतंत्र का यह उत्सव आखिर जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का आईना बनकर सामने आएगा।



विश्लेषण
महेन्द्र तिवारी

# डोनाल्ड ट्रंप के दावे और टूटता तिलिस्म

ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। ट्रंप का यह सोचना कि प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है।

डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, इस दावे और भारत पर दबाव बनाने की उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं।

ट्रंप का यह सोचना कि टैरिफ युद्ध या प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा, चाहे वह व्यापारिक नीतियां हों या रूस जैसे देशों के साथ ऊर्जा संबंध। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर टैरिफ हमलों की श्रृंखला तब शुरू हुई, जब अमेरिका ने भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया और हार्ले-डेविडसन जैसी मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जवाब में, अमेरिका ने भारत को मिलने वाले 'जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेस' (जीएसपी) के लाभ को समाप्त कर दिया, जिसका उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को चोट पहुंचाना था, लेकिन इसके परिणाम ट्रंप की उम्मीदों के विपरीत रहे। भारत ने न केवल अमेरिकी कृषि उत्पादों और बादाम जैसे आयातों पर जवाबी शुल्क लगाकर अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा की, बल्कि अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण भी शुरू कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बावजूद, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी गई, जो यह दर्शाता है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर इस कदर निर्भर हैं कि केवल टैरिफ के जरिए इन्हें अलग करना या भारत को दबाना संभव नहीं है।

अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक अपरिहार्य बाजार और विनिर्माण केंद्र बना हुआ है, जिसे नजरअंदाज करना खुद अमेरिका के लिए आर्थिक आत्मघात जैसा होगा। दबाव की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान देखने को मिला, जब अमेरिका ने भारत पर रूस से कच्चा तेल न खरीदने और प्रतिबंधों का पालन करने के लिए भारी राजनयिक दबाव डाला। ट्रंप और उनके समर्थक गुट का मानना था कि भारत को अमेरिकी छत्रछाया में लाने के लिए यह सही समय है। हालांकि, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए न केवल रूस से तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था के लिए एक रणनीतिक अवसर में बदल दिया।

अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और 'प्राइस कैप' जैसी नीतियों को दरकिनार करते हुए भारत ने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप फैसले लिए। यह अमेरिकी कूटनीति की एक बड़ी विफलता मानी जा सकती है क्योंकि वह एक प्रमुख लोकतांत्रिक साझेदार को अपनी मर्जी के अनुसार झुकने पर मजबूर नहीं कर सका। भारत के इस कड़े रुख



ने स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली की विदेश नीति अब वाशिंगटन के निर्देशों पर नहीं, बल्कि अपने 140 करोड़ नागरिकों की जरूरतों और वैश्विक स्थिरता के अपने दृष्टिकोण पर आधारित है।

भारत की तुलना चीन से करना और उसे 'अगला चीन' न बनने देने की बात करना ट्रंप की एक रणनीतिक भूल को दर्शाता है। चीन का उदय एक सत्तावादी ढांचे के तहत हुआ, जिसने वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन किया, जबकि भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है जो कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करती है। ट्रंप का यह डर कि भारत अमेरिकी विनिर्माण को निगल जाएगा, तथ्यात्मक रूप से कमजोर है क्योंकि भारत का विकास मॉडल निर्यात-आधारित होने के साथ-साथ उपभोग-आधारित भी है। भारत आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रहा है, जिसे अमेरिका खुद 'फ्रेंड-शोरिंग' के नाम से बढ़ावा देता रहा है। ऐसे में एक तरफ भारत को विनिर्माण का विकल्प बनाना और दूसरी तरफ उसकी प्रगति को रोकने की बात करना ट्रंप की नीतियों में गहरे अंतर्विरोध को उजागर करता है। ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यह भी देखा गया कि रक्षा सौदों के मामले में भी अमेरिका का दबाव काम नहीं आया। भारत ने रूस के साथ S-400 मिसाइल प्रणाली का सौदा किया, जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। भारत का अडिग रहना और अंततः अमेरिका का प्रतिबंधों से पीछे हटना यह साबित करता है कि वाशिंगटन को भारत की सैन्य और सामरिक महत्ता का भली-भांति आभास है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका को भारत की जितनी आवश्यकता है, उतनी भारत को अमेरिका की नहीं।

यह शक्ति संतुलन ट्रंप के उन दावों को खोखला कर देता है, जिनमें वे भारत को नियंत्रित करने की बात करते हैं। भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि अपनी क्षमता विस्तार के लिए हैं और ट्रंप के टैरिफ या धमकियां इसे रोकने में अक्षम साबित हुई हैं। अंततः ट्रंप की रणनीति में एक बुनियादी कमी यह है कि वे भारत को केवल एक व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं, जबकि भारत एक सभ्यतागत शक्ति और उभरता हुआ वैश्विक ध्रुव है। भारत की डिजिटल क्रांति, उसका विशाल युवा कार्यबल और उसकी रणनीतिक स्थिति उसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर ले जा रही है। ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' के मुकाबले भारत का 'सबका साथ, सबका विकास' और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का संकल्प अधिक समावेशी और प्रभावी है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप द्वारा भारत पर बनाए गए दबाव के हर प्रयास ने भारत को अधिक आत्मनिर्भर बनने और अपने विकल्पों को तलाशने के लिए प्रेरित किया है। भारत को दबाव में रखकर सफल होने का सपना देखने वाले नेताओं को यह समझना होगा कि 21वीं सदी का भारत अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ जुड़ने की क्षमता रखता है और किसी भी महाशक्ति का कनिष्ठ भागीदार बनने के बजाय एक समान और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ट्रंप के दावे महज चुनावी बयानबाजी या दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक विश्व व्यवस्था में भारत की गति को रोकना अब किसी भी एक शक्ति के बस की बात नहीं रह गई है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

श्वेता गोयल



# मानवता का सबसे सशक्त सुरक्षा कवच है टीकाकरण

मानव सभ्यता के इतिहास में अदृश्य सूक्ष्मजीवों, वायरसों और जीवाणुओं ने समय-समय पर अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौतियां पेश की हैं। इन प्राणघातक संकटों के विरुद्ध मानवता के पास सबसे सशक्त और अचूक अस्त्र 'टीकाकरण' ही रहा है। भारत में प्रतिवर्ष 16 मार्च को मनाया जाने वाला 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक चेतना और लाखों जिंदगियों को अकाल मृत्यु से बचाने के संकल्प का उत्सव है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि कैसे विज्ञान ने प्रकृति के प्रकोप को नियंत्रित कर एक स्वस्थ समाज की नींव रखी है। टीकाकरण की महत्ता को समझना आज इसलिए भी अनिवार्य है क्योंकि यह न केवल व्यक्ति विशेष की रक्षा करता है बल्कि एक अभेद्य सामुदायिक सुरक्षा तंत्र (हर्ड इम्यूनिटी) का निर्माण भी करता है। टीकाकरण की प्रक्रिया वास्तव में शरीर की आंतरिक रक्षा प्रणाली को प्रशिक्षित करने की एक कला है। हमारे वातावरण में अनगिनत रोगजनक तत्व विचरण करते हैं, जो किसी भी क्षण हमें अपनी चपेट में ले सकते हैं। वैक्सीन इन खतरों के विरुद्ध शरीर में एक कृत्रिम प्रतिरक्षा जागृत करती है, जिससे हमारा शरीर वास्तविक संक्रमण होने पर उससे लड़ने के लिए पहले ही तैयार रहता है। यह चिकित्सा विज्ञान की वह अद्भुत उपलब्धि है, जिसने चेचक जैसी भयावह बीमारियों का नामोनिशान मिटा दिया और पोलियो जैसे अभिशाप को इतिहास के पन्नों तक सीमित कर दिया। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का मूल ध्येय समाज के हर वर्ग, विशेषकर नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इस अभियान की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। यह उन अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं, डॉक्टरों और नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी क्षण है, जो दुर्गम क्षेत्रों में जाकर हर बच्चे तक 'सुरक्षा की खुराक' पहुंचाना सुनिश्चित करते हैं। यदि हम भारत के संदर्भ में टीकाकरण की ऐतिहासिक विजय गाथा का विश्लेषण करें तो 16 मार्च की तिथि स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इसी दिन वर्ष 1995 में देश में ओरल पोलियो वैक्सीन की पहली खुराक दी गई थी, जो 'पल्स पोलियो अभियान' के व्यापक शंखनाद का प्रतीक बनी। 'दो बूंद जिंदगी की' का वह नारा केवल एक विज्ञापन नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन बन गया, जिसने देश के कोने-कोने में चेतना जगाई। उस समय भारत पोलियो के मामलों का प्रमुख केंद्र माना जाता था लेकिन निरंतर प्रयासों और टीकाकरण की शक्ति ने असंभव को संभव कर दिखाया। परिणामस्वरूप, वर्ष 2011 में पश्चिम बंगाल में अंतिम मामला मिलने के बाद 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया। यह उपलब्धि प्रमाणित करती है कि यदि इच्छाशक्ति और टीकाकरण का सही समन्वय हो तो किसी भी महामारी को परास्त किया जा सकता है। टीकाकरण की प्रासंगिकता केवल शिशुओं तक सीमित नहीं है। यद्यपि इसका आरंभ बाल्यकाल की सुरक्षा से होता है परंतु व्यस्क और वृद्धजनों के लिए भी यह उतना ही अनिवार्य है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस सत्य को वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित किया है। 2020 के बाद भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाकर यह सिद्ध किया कि आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना केवल वैज्ञानिक नवाचार से ही संभव है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मत है कि टीकाकरण के लाभ केवल व्यक्तिगत आरोग्य तक सीमित नहीं रहते बल्कि इसका व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ता है। एक स्वस्थ कार्यबल राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को गति देता है और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को कम करता है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत में टीकाकरण की जड़ें बहुत गहरी हैं। दस्तावेजी प्रमाण बताते हैं कि 1802 में मुंबई की एक नन्ही बालिका को चेचक का टीका लगाकर इस आधुनिक सुरक्षा चक्र की शुरुआत हुई थी। उसके बाद 1896 में अनिवार्य टीकाकरण अधिनियम का आना और 20वीं सदी के प्रारंभ तक हैजा, प्लेग और टाइफाइड जैसी महामारियों के विरुद्ध टीकों की उपलब्धता ने भारतीय स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान की। टीकाकरण केवल दवा की बूंद नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की पहली शर्त है। आज जब हम आधुनिक प्रौद्योगिकियों के युग में जी रहे हैं, तब हमारा यह दायित्व है कि हम भ्रांतियों और अफवाहों को दरकिनार कर टीकाकरण को एक नागरिक कर्तव्य के रूप में अपनाएं। यदि हम 'पूर्ण टीकाकरण' के लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं तो भविष्य की पीढ़ियों को हम एक रोगमुक्त और निर्भय संसार उपहार में दे सकेंगे। हर साल लाखों जिंदगियां बचाने का यह संकल्प तभी फलीभूत होगा, जब 'सुरक्षा का यह चक्र' समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

# दूसरों को कमजोर समझने की गलती न करें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बड़ा बोझ क्यों बन रही शादियां?

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*– मनीराम बहलान, सिरसा*

## ट्रेंड

### जनता देगी जवाब



टीएमसी वालों को यह याद रखना होगा कि उन्होंने केवल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी का अपमान नहीं किया है, बल्कि देश के आदिवासी समाज के साथ-साथ करोड़ों महिलाओं के सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है। पश्चिम बंगाल की जनता-जनार्दन इसका भरपूर जवाब देगी।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कांशीराम को मिले भारत रत्न



सरकार से सामाजिक न्याय के महान योद्धा और बहुजन चेतना के मार्गदर्शक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करता हूं। यह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान कांशीराम के साथ उस पूरे आंदोलन को श्रद्धांजलि होगी जिसने करोड़ों बहुजनों को हक़ और आत्मसम्मान की राह दिखाई।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### ब्याज-मुक्त ऋण



युवा शक्ति ही सशक्त राजस्थान की असली पहचान है। उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज-मुक्त ऋण दिया जा रहा है।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

### डबल इंजन सरकार



कुछ साल पहले किसने सोचा होगा कि असम के हर जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल होगा, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और एम्स होंगे, एक पानी के नीचे सुरंग होगी और भी बहुत कुछ। डबल इंजन सरकार ने इन सभी को हकीकत बना दिया है।

-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

## करंट अफेयर

# हमलों के बाद 'काली बारिश' से ईरान की जनता को खतरा

अमेरिका व इजराइल के ईरान के तेल भंडारों पर किये गये हवाई हमलों कारण उठे जहरीले धुएं के बादल धरती पर 'काली बारिश' हुई। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसके मद्देनजर जनता के लिए गंभीर खतरों की चेतावनी जारी की है।



पिछले हफ्ते ईरान के कई तेल डिपो और एक रिफाइनरी पर हमले के बाद तेहरान के पास काली और तैलीय बारिश हुई, जिससे राजधानी के निवासियों ने आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। दो सप्ताह से जारी युद्ध के दौरान क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी काले धुएं के गुबार देखे गए। ईरान भी फारस की खाड़ी के पड़ोसी देशों के तेल और प्राकृतिक गैस भंडारों पर ड्रोन व मिसाइलों से हमला कर अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों का जवाब दे रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश अपेक्षाकृत कम समय में वायुमंडल से खतरनाक रसायनों को साफ कर देती है लेकिन काली बारिश के संपर्क में आने वाले लोगों को अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिमों से बचने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। यह तब होता है, जब राख और जहरीले रसायन वायुमंडल में पानी की बूंदों के साथ मिलकर बारिश के दौरान वापस पृथ्वी पर गिरते हैं। तेल रिफाइनरियों या तेल क्षेत्रों में आग लगने के बाद यह आम बात है।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा

ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था – या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# सरकार 4 में नजर आएंगे अमिताभ और अभिषेक

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म 'सरकार 4' की कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग इस साल के बीच में करूंगा। जब निर्देशक से फिल्म की कास्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन दोनों इस फिल्म का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि वो इस फिल्म को एक साल में ही खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद वो 'सिंडिकेट'मूवी पर काम करना चाहते हैं, जिसका ऐलान उन्होंने पहले किया था।

लाइफ Style

# निकिता

## मुझे अफवाहें फैलाना पसंद नहीं

कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं। एक बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है। बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं।



हॉलीवुड मसाला



# मैं किसी चैटबॉल को डेट नहीं कर रहा हूं

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों एक पॉडकास्ट में बताया गया कि एक हॉलीवुड एक्टर चैटबॉट के साथ डेटिंग कर रहा है। इसके बारे ही सोशल मीडिया पर जैक ब्राफ का नाम इस मामले में उछाला गया। जब मामले में ज्यादा तूल पकड़ा तो एक्टर ने इंस्टाग्राम के जरिए अपना पक्ष रखा। वह पोस्ट में लिखते हैं, 'मैं किसी चैटबॉट को डेट नहीं कर रहा हूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे यह शब्द लिखने पड़ रहे हैं। यह सब 'स्क्रब्स'शो के एक एपिसोड की कहानी है, इसमें एक लड़का चैटबॉट को डेट करता है। हो सकता है कि उस बात के कारण यह अफवाह उड़ी है।'



# गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन

**लॉस एंजिल्स।** सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा।



# 100 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मधु मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और भले ही वे ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन अपने किरदारों से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्होंने 1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में काफी काम किया और 100 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहीं। उन्हें खास पहचान फिल्म हीरो के मशहूर गाने 'लंबी जुदाई'से मिली थी। यह गाना आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है और इसी गाने ने उन्हें दर्शकों के बीच यादगार बना दिया।



# गोलमाल-5 में अक्षय की हुई एंट्री...

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अपना 52वां जन्मदिन के मौके पर अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल'की पांचवीं फिल्म 'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए।

टीवी मसाला



# कृष्णा ने पलटा गेम, द 50 से आरुषि, सपना और मनीषा बाहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। यह शो अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। अब प्रतियोगी शो में बने रहने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। इस शो में बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भी बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया प्रोमो वह एक प्रतियोगी और अपनी टीम मेंबर से लड़ती-झगड़ती दिखीं। कृष्णा श्रॉफ ने अपनी ही टीम मेंबर आरुषि को शो से बाहर करने के लिए हामी भरी। यह बात आरुषि को बुरी लगी, उसने कृष्णा से सवाल-जवाब किया। इस दौरान कृष्णा ने कहा कि उनकी प्रायोरिटी सिर्फ 'द 50' शो है, ना कि कोई प्रतियोगी। इस तरह से कहीं ना कहीं कृष्णा ने अपने ही टीम मेंबर को शो में बने रहने के लिए धोखा दिया। आरुषि को वोट आउट करने से पहले ही कई प्रतियोगी दो दिन पहले ही शो से बाहर हो चुके थे। इस लिस्ट में डांसर सपना चौधरी और इंफ्लुएंसर मनीषा रानी शामिल हैं। सपना चौधरी इस शो के कारण काफी चर्चा में आईं, उनके बाकी प्रतियोगियों से काफी झगड़े भी हुए।'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं। इनके अलावा प्रिंस नरुला का नाम भी विनर के तौर पर सामने आ रहा है। दर्शक इन दोनों को काफी पसंद कर रहे हैं। 'द 50' शो की बात करें तो इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हुए थे। जिसमें कुछ एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन थे। अब तक कई लोग शो से बाहर हो चुके हैं। यह रियलिटी शो जीयो हॉटस्टार पर और कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट होता है।

## जसकोमल पर दिल हार बैठीं पवित्रा

**नई दिल्ली।** अपनी सगाई की घोषणा के लगभग छह महीने बाद, पवित्रा पुनिया एक बार फिर चर्चा में हैं। पवित्रा के मंगेतर का चेहरा सामने आ गया है। उनके होने वाले पति जसकोमल सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करके सबको चौंका दिया है, जिसमें वो पवित्रा को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। जसकोमल सिंह अमेरिका में रहते हैं और एक बिजनेसमैन हैं। मनोरंजन इंडस्ट्री से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह बहुत अच्छे और दयालु इंसान हैं, जैसा कि पवित्रा ने एक इंटरव्यू में कहा था। संगीत से उन्हें काफी लगाव है। उनका इंस्टाग्राम गाने के वीडियो से भरा पड़ा है।



उनके इंस्टाग्राम पर करीब 23.7 हजार फॉलोअर्स हैं, लेकिन वे सिर्फ 52 लोगों को फॉलो करते हैं। पवित्रा ने बताया था कि वे काफी समय से साथ हैं और यह रिश्ता उन्हें सही लगता है। उनका परिवार भी इस रिश्ते से बहुत खुश है। इससे पहले पवित्रा का रिश्ता अभिनेता एजाज खान से था।

# किसी ने महज 10 साल में जीता अवॉर्ड तो किसी को मिली प्लास्टर की ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** पहला ऑस्कर समारोह 16 मई 1929 को लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड रूजवेल्ट होटल में एक निजी डिनर के रूप में आयोजित किया गया था। यह समारोह सिर्फ 15 मिनट ही चला था। पहले ऑस्कर अवॉर्ड में विंग्स को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला था। जबकि एमिल जैनिंग्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और जेनेट गेनर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री बनी थीं। वहीं फ्रैंक बोरजेज को 'सेवन हेवन' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (ड्रामा) का ऑस्कर मिला था।

व्यक्तिगत तौर पर वाल्ट डिज्नी ने सबसे अधिक 26 ऑस्कर जीतने का रिकॉर्ड बनाया है, और उन्हें 59 बार नामांकित किया गया था।

अमेरिकी अभिनेत्री टैटम ओ नील सबसे कम उम्र में ऑस्कर जीतने वाली शख्स हैं। उन्होंने सिर्फ 10 साल की उम्र में 'पेपर मून' फिल्म के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया था।

क्रिस्टोफर प्लंबर ऑस्कर जीतने वाले सबसे उम्रदराज कलाकार हैं। उन्होंने 82 साल की उम्र में यह अवॉर्ड जीता।

कैथरीन बिगेलो ऑस्कर जीतने वाली पहली महिला निर्देशक हैं। उन्हें 2010 में फिल्म 'द हर्ट लॉकर' के लिए यह अवॉर्ड मिला था।



साउंड मिक्सर केविन ओ कोनेल एक ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने 20 नॉमिनेशंस के बावजूद आज तक कोई ऑस्कर नहीं जीता है।

जैक निकोलसन सबसे ज्यादा बार नॉमिनेट होने वाले एक्टर हैं जिन्हें 12 ऑस्कर्स मिल चुके हैं।

जीवित व्यक्तियों में सबसे ज्यादा बार कंपोजर जॉन विलियम्स को नॉमिनेट किया गया है। उन्हें 49 ऑस्कर नॉमिनेशन मिले हैं।

पीटर फिंच और हीथ लेजर एकमात्र ऐसे अभिनेता हैं जिन्हें मरणोपरांत ऑस्कर से सम्मानित किया गया है।

ऑस्कर की ट्रॉफी सोने की बनी होती है। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ऑस्कर की ट्रॉफी प्लास्टर की दी गई थी। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध के दौरान धातु की कमी के कारण, 3 साल तक ऑस्कर की मूर्तियां सोने के बजाय प्लास्टर की बनाई गई थीं।

1938 में अमेरिकी एक्टर एडगर बर्गन को ऑस्कर की अनोखी ट्रॉफी दी गई थी। ये ट्रॉफी लकड़ी की बनी हुई थी, जिसमें एक चलता हुआ मुंह था, जो चार्ली मैकार्थी की वेंट्रिलोक्विज्म विशेषता को दर्शाता था।

ऑस्कर के इतिहास में केवल 3 लोग ही ऐसे हैं जिन्होंने ये अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। इनमें डडली निकोल्स, जॉर्ज सी. स्कॉट और मार्लन ब्रांडो के नाम शामिल हैं। इन्होंने व्यक्तिगत सिद्धांतों और राजनीतिक विरोध के चलते पुरस्कार लेने से मना किया था।

जेनिफर लॉरेंस ने 2013 में ऑस्कर में 40 लाख डॉलर की ड्रेस पहनी थी, जो ऑस्कर इतिहास की सबसे महंगी ड्रेसों में से एक है।

# धुरंधर 2 की रिलीज से पहले रणवीर संग दिखीं दीपिका...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक साथ झलक पाने को फैंस हमेशा बेकरार रहते हैं। हील ही में रणवीर और दीपिका लंबे समय बाद एक साथ स्पॉट हुए। दोनों को एक साथ किसी खास की शादी में देखा गया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया हैंडल पर जमकर वायरल हो रही हैं।दीपिका और रणवीर काफी समय बाद सार्वजनिक रूप से एक साथ दिखाई दिए हैं। हाल ही में, रणवीर और उनकी पत्नी दीपिका एक शादी में साथ दिखे। दोनों स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में शामिल हुए, जो 14 मार्च को हुई। दोनों ने पैपराजी से बचने की कोशिश की, लेकिन एक मेहमान के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फैंस दोनों को एक साथ शादी में देखकर काफी खुश हैं। दीपिका ने गुलाबी ड्रेस पहनी हुई है। हैवी ज्वेलरी और हल्के मेकअप में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं रणवीर कढ़ाई वाले कुर्ते में बहुत हैंडसम दिख रहे हैं। रणवीर के फैंस हमेशा उन्हें और दीपिका को साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं, ऐसी तस्वीरें देखकर फैंस खुश हो जाते हैं।



स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में दीपिका और रणवीर के अलावा अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए। अदिति राव हैदरी की भी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। 'धुरंधरः द रिवेंज' की रिलीज से ठीक पहले दीपिका और रणवीर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## फिल्ममेकर्स मानते थे लकी, गरीबी में तोड़ा दम

# हीरालाल : भारतीय सिनेमा का पहला विलेन, देश की आजादी के लिए लड़ा

*मुंबई। जब भी भारतीय सिनेमा के आइकॉनिक विलेन्स की बात होती है, तो जेहन में शाकाल, मोगेम्बो और गब्बर जैसे किरदार और उन्हें निभाने वाले एक्टर्स के चेहरे ही उभरते हैं, लेकिन जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला विलेन कौन था? भारतीय सिनेमा की शुरुआत साल 1913 में हुई थी। तब पहली बार लोगों को फिल्मों और फिल्मी पर्दे के बारे में पता चला था। फिर धीरे-धीरे फिल्मों में नेगेटिव किरदारों की शुरुआत हुई, तो सबसे पहला मौका इसी एक्टर को मिला। ये थे हीरालाल यानी हीरालाल ठाकुर, जिन्हें भारतीय सिनेमा का पहला विलेन माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भारतीय सिनेमा में विलेन के किरदारों की शुरुआत हीरालाल ने ही की थी। लेकिन हीरालाल की उपलब्धि सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रही। बल्कि वह देश की आजादी की लड़ाई भी लड़े। हीरालाल ने अपने 50 साल से अधिक लंबे करियर में 150 फिल्में कीं, पर अफसोस कि जब उनकी मौत हुई, तो जेब में एक फूटी कौड़ी नहीं थी। 'संडे सिनेमा' की स्पेशल सेगमेंट में भारतीय सिनेमा के इसी नायाब हीरे यानी हीरालाल ठाकुर की कहानी बता रहे हैं।*



### निभाए ज्यादातर नेगेटिव किरदार

हीरालाल ठाकुर ने वैसे तो फिल्मों में कैरेक्टर आर्टिस्ट का रोल ही प्ले किया था, पर उनके ज्यादातर किरदार नेगेटिव थे। इसी वजह से उन्हें भारतीय सिनेमा का 'बैडमैन' कहा जाने लगा था। हीरालाल साल 1912 में लाहौर में पैदा हुए थे। परिवार में कोई भी फिल्मों में नहीं था, लेकिन उन्हें रामलीला देखकर एक्टिंग का शौक लग लग गया। रामलीला में भी वह रावण के किरदार से प्रभावित थे। यह प्रभाव इस कदर हावी था कि हीरालाल ने विलेन बनकर छाने और नेगेटिव किरदार से ही शुरुआत करने का फैसला कर लिया।

### इस फिल्म ने रातोंरात बनाया स्टार

हीरालाल इसी ख्वाहिश के साथ फिल्मों में आ गए। उन्होंने साइलेंट फिल्मों के दौर में सिनेमा में कदम रखे थे। हीरालाल ठाकुर को पहली फिल्म साल 1924 में ऑफर हुई थी, जिसका नाम 'सफदर जंग' था, लेकिन उन्होंने शूटिंग 1929 में फिल्मों में एंट्री के बाद शुरू की थी। इसी के साथ हीरालाल को 'डॉटर्स ऑफ टुडे' नाम की एक फिल्म भी ऑफर हुई। वह फिल्म 'सफदर जंग' से पहले रिलीज हो गई। यह 1928 में आई थी और हीरालाल की बतौर डेब्यू पहली फिल्म मानी जाती है। इसके बाद जब 'सफदर जंग' रिलीज हुई, तो वह ब्लॉकबस्टर रही और हीरालाल छा गए।

### बंटवारे के बाद भारत आए

फिर आया साल 1945, जब बंटवारे की बादल हावी होने लगे। उसी दौरान हीरालाल ने लाहौर में दर्पणरानी नाम की एक लड़की से शादी कर ली और पांच बेटे-एक बेटी के पिता बने। साल 1947 में बंटवारा हुआ तो हीरालाल पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए और कोलकाता में बस गए। फिर वहां से 1949 में बॉम्बे चले गए। चूंकि, हीरालाल की पंजाबी, उर्दू, हिंदी और इंग्लिश भाषा पर अच्छी-खासी पकड़ थी, इसलिए उन्हें बॉम्बें में काम ढूंढने में कोई दिक्कत नहीं हुई। फिल्मों में भी आसानी से काम मिल गया।

### ऑल टाइम हिट फिल्में



कृष्ण लीला (1946), सीता (1934), मेरी बहन (1944), अरेबियन नाइट्स (1946), महबूबा (1954), शाह बेहराम (1955), रियासत (1955), सिंदबाद, अलीबाबा और अल्लादीन (1965), शीबा और हरक्यूलिस (1967), अलीबाबा (1976)।

### 20 साल में 20 फिल्में

इस एक फिल्म ने हीरालाल को साइलेंट फिल्मों के दौर के टॉप स्टार्स में ला खड़ा किया। इसके बाद हीरालाल के पास फिल्मों की लाइन लग गई। 'सिनेमाजी' के मुताबिक, उन्होंने 1928 से साल 1948 के बीच करीब 20 फिल्में कीं, जिनमें विलेन और नेगेटिव रोल प्ले किए। वो सभी फिल्में हिट रहीं और मेकर्स उन्हें अपना लकी चार्म मानने लगे। बताया जाता है कि उसके बाद सभी मेकर्स हीरालाल को अपनी फिल्म में साइन करने के लिए उत्साहित रहते थे। उनकी ज्यादातर फिल्में हिट हो जाती थीं। इनमें 'कृष्ण लीला', 'सीता' और 'मेरी बहन' जैसी फिल्में शामिल हैं। अपने करियर में हीरालाल ने सिर्फ नेगेटिव किरदार ही निभाए, बल्कि पौराणिक, एक्शन और फैंटेसी जॉनर की फिल्मों में भी हाथ आजमाया, और वहां भी उन्हें सफलता ही हाथ लगी।

# पाक रात शब-ए-कद्र आज

## शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों में होगी हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी

**जबलपुर। रमजान मुबारक की पाक रात शबे कद्र के अवसर पर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की 100 से ज्यादा मस्जिदों और नमाजगाहों में रात्रिकालीन तरावीह की विशेष नमाज में कुरान शरीफ का पाठ किया पूर्ण जाएगा। इसके पश्चात हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी कर उनका स्वागत किया जाएगा।**

मस्जिद कमेटियों और नमाजियों द्वारा हाफिजों को नजराने और तोहफे भी भेंट किए जाएंगे। इस अवसर पर मस्जिदों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के अनुसार यह रात हजारों रातों से अधिक फज़ीलत वाली है और इस रात इबादत और गुनाहों की तौबा करना बहुत अफजल माना जाता है।मुस्लिम बहुल क्षेत्र चार खम्बा में मदनी मिल्लत सेवा समिति के तत्वावधान में मुफ्ती-ए- आजम मध्यप्रदेश हजरत डॉ. मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती व हज़रत मुफ्ती नईम अख्तर मिस्बाही, हज़रत मुफ्ती अब्दुर्रशिद मिस्बाही, बाबा सूफ़ी मेराज अहमद जमाली, समाज सेवी मतीन अंसारी की निगरानी में रात्रि 10 बजे जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शहर की तमाम मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज अदा कराने वाले हाफिज साहिबान को दस्तार पहनाकर सम्मानित किया जाएगा और तोहफे पेश किये जाएंगे।

समिति के संरक्षक समाजसेवी मतीन अंसारी, अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ, कुतुबुद्दीन अंसारी, शोएब, गुड्डू बाबा, अफरोज अंसारी, आबिद परवेश आलम, कयामुद्दीन, अनीश, शहजादा, सादिक, कलीम अब्बासी, शादाब ने हाफिज साहिबान और अकीदतमंदों से कार्यक्रम में शिरकत की गुजारिश की है। इसके अलावा शहर के अन्य स्थानों पर भी विभिन्न कमेटियों द्वारा हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी क़दीर सोनी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, पप्पू वसीम खान, हाजी मुईन खान, अशरफ़ मंसूरी, मुबारक अली क़ादरी, सैय्यद क़ादिर अली क़ादरी, बाबा रिज़वान, शमीम अंसारी, गुड्डु, एजाज़ उस्मानी, जवाहर क़ादरी आदि ने सभी नमाज़ियों से अपील की है इमाम साहब की दस्तारबंदी स्वागत मस्जिद के अंदर करने के बाद इमाम साहब को उनके मक़ाम तक पहुँचाया जाए और इस दौरान किसी भी प्रकार की नारेबाज़ी, पैदल या वाहन रैली न निकालें और दिखावा न करें। शांति-सद्भावना के साथ पर्व को शालीनतापूर्वक मनाएं।हैदर-ए-लंगर कमेटी द्वारा मुजावर मोहल्ला में पच्चीसवें रोज़े पर अफ्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया। इस मौके पर काफी तादाद में रोजेदारों ने शिरकत की और मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआ मांगी गई। कमेटी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

### शालीनता और सद्भावना की अपील



# सीओ का बयान बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण

## हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई संभल के डीएम और एसएसपी को



**जबलपुर।** आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सैय्यद ताहिर अली पूर्व पार्षद पंडित मोती लाल नेहरू वार्ड ने बताया कि विगत दो दिन पूर्व सम्भल के सी.ओ. के द्वारा एक बयान दिया गया था कि किसी ने एक ईरान के नाम पर छाती पीटी, तो बढ़िया वाला इलाज कर देंगे। क्या अब पुलिस प्रशासन की भाषा यही रह गई है?

किसी अधिकारी को धर्म या समुदाय का अपमान करने का अधिकार किसने दिया? पुलिस का काम नागरिकों की सुरक्षा करना है, न कि धमकी देकर डर का माहौल पैदा करना। एक अधिकारी को कानून और संविधान की बात करनी चाहिए, न कि धमकी और अपमान की भाषा बोलना चाहिए। भारत संविधान से चलता है, किसी अधिकारी की धमकी से नहीं। देश में अमन और भाईचारा बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। भारत का संविधान हर नागरिक को अपनी भावनाएं और राय रखने का अधिकार देता है। अगर कोई कानून तोड़े तो कार्रवाई कानून के तहत होनी चाहिए, लेकिन इस तरह की धमकी भरी भाषा प्रशासन की मानसिकता पर सवाल खड़े करती है। ऐसे बयान समाज में नफरत और तनाव बढ़ाते हैं।प्रशासन को इस मामले पर तुरंत संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। ताहिर ने बताया कि आज हाई कोर्ट इलाहाबाद ने कहा कि मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित नहीं की जा सकती है।संभल के DM-SSP से जज बोले- कानून व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कर सकते, तो इस्तीफा दे दो। सरकार को ऐसे अधिकारियों पर तुरंत कार्यवाही कर बर्खास्त करना चाहिए।

## किन्नर संत संतोषी माता को पुनः बनाया महामंडलेश्वर

**जबलपुर।** खाटू श्याम आश्रम संतोषी माता मंदिर मेहगवां ग्राम डुमना रोड बाबा श्याम के मंदिर में 14 मार्च को सनातन धर्म से विधि-विधानपूर्वक श्याम बाबा का पूजन अर्चन, आरती के बाद किन्नर संत संतोषी माता को खाटू श्याम अखाड़ा के महामंडलेश्वर के पद पर मंत्रोच्चार से चादर ओढ़ाकर पुनः सुशोभित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान, कोटा, मथुरा, उज्जैन के साधु-संत, अखाड़ा संस्थापक महंत गिरधर नंदगिरि, महामंडलेश्वर स्वामी राघवेन्द्र दास, महामंडलेश्वर कामना दास, महंत गिरधरगिरि, सीताराम दास, अनापति खाटू श्याम अखाड़ा के महामंडलेश्वर संत शिरोमणी प्रतिमा महाराज, हनुमानदास महाराज महामंडलेश्वर, महंत गोवर्धन दास, रुकमणि नंदगिरि महाराज सहित अनेक संत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जबलपुर की समाजसेविका पूर्व पार्षद सोना वर्मा, किरण तोमर, राजकुमार सोनकर, पूनम दुबे, घनश्याम यादव, रामरतन यादव, शैलेष लोधी, इन्द्रकुमार कुलस्ते, आकाश यादव, पूर्व पार्षद मुंशी प्रजापति सहित बड़ी संख्या में नगर के समाजसेवी उपस्थित रहे।



## जबलपुर डिव्हीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन का 59वाँ वार्षिक दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित

**जबलपुर।** "बीमाधारकों के हितों को सुरक्षित रखने एवं राष्ट्र के आर्थिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के अस्तित्व पर केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में बीमा कर्मियों को लामबंद होना आवश्यक है।" उक्त विचार कामरेड धर्मराज महापात्र, अध्यक्ष, आल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाईज एसोशियेशन ने व्यक्त किए।

आल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाईज एसोशियेशन से सम्बद्ध जबलपुर डिव्हीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन के दो दिवसीय 59वें वार्षिक महाअधिवेशन का शुभारंभ 14.03.2026 को स्थानीय मदन महल स्थित होटल बरगा इन में हुआ। इस सम्मेलन में जबलपुर एवं सागर संभाग में स्थित सभी भारतीय जीवन बीमा निगम की 21 शाखाओं और जबलपुर स्थित मंडल कार्यालय से यूनियन के प्रतिनिधि एवं प्रेक्षक साथियों सहित बड़ी संख्या में जीवन एवं आम बीमा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। बीमा कर्मियों का यह सम्मेलन 15.03.2026 तक आयोजित किया गया है।

महाअधिवेशन के पहले दिन मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता आल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोशियेशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कामरेड धर्मराज महापात्र द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय जीवन बीमा निगम की वर्तमान स्थिति और भविष्य को लेकर गंभीर चिंताएँ व्यक्त की गईं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एल.आई.सी. देश की सबसे बड़ी और विश्वसनीय सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा संस्था है, जिसने दशकों से करोड़ों भारतीय परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है और राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, धर्मराज महापात्र ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों और निर्णयों के माध्यम से एल.आई.सी. को कमजोर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीमा क्षेत्र में निजी कंपनियों को लगातार बढ़ावा देने, नीतिगत बदलावों और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं के स्वरूप में परिवर्तन जैसे कदम एल.आई.सी. एवं जी.आई.सी. की मजबूत स्थिति को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एल.आई.सी. केवल एक बीमा संस्था ही नहीं, बल्कि देश की आर्थिक संरचना का एक मजबूत स्तंभ है। इसलिए इसे कमजोर करने या इसके सार्वजनिक स्वरूप को प्रभावित करने वाले किसी भी कदम का कर्मचारी संगठन पुरजोर विरोध करेगा। अधिवेशन में उपस्थित प्रतिनिधियों और कर्मचारियों से उन्होंने आव्हान किया कि वे एम.आई.सी. एवं जी.आई.सी. की स्वायत्तता, सार्वजनिक चरित्र और पालिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिए संगठित होकर आवाज उठायें। सम्मेलन में कर्मचारियों की सभा की, सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष काम. एन. धक्रवती, जे.डी.आई.पी.ए. के काम. विजय मलाजपुरे, अध्यक्ष काम. जे.डी. यादव, काम. विवेकशील हरदहा आदि ने भी संबोधित किया। अधिवेशन में विशिष्ठ अतिथि के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम जबलपुर मंडल के वरि. मंडल प्रबंधक आर.के. यादव भी उपस्थित थे।



## श्री गुजराती महिला मंडल ने खेली फूलों की होली

**जबलपुर।** श्री गुजराती महिला मंडल द्वारा होली एवं महिला दिवस के उपलक्ष्य में फूलों की होली तथा महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल की सदस्य सुश्री स्नेहा चौहान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष नीलिमा सेठ, सचिव राजश्री पीठवा, कल्पना रघुवंशी, प्रीति नेगांधी, भावना सोनेजी, सपना त्रिवेदी, हर्षिता गांधी, जूली सोनी एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

## भाजपा प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल बघेल का प्रथम नगरागमन पर भव्य स्वागत

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल बघेल के जबलपुर संस्कारधानी प्रथम नगर आगमन पर चिकित्सा प्रकोष्ठ महानगर के सह संयोजक डॉ. सचिन बुधौलिया और भेड़ाघाट मंडल के उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला ने पुष्प माला, शाल, श्रीफल, माता जी की चुनरी और माँ नर्मदा जी का छाया चित्र भेंट कर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. अश्विनी त्रिवेदी और महानगर संयोजक डॉ. विवेक जैन ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष विश्वकर्मा, विपिन तंतवाय, सौरभ लोधी, सत्येंद्र लोधी, सुशील तिवारी, राजेंद्र सेन, राधे चौधरी उपस्थित हुए।



### वित्त विभाग में उलझा शिक्षकों का वेतनमान

## चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान के आदेश जारी न होना शिक्षकों के साथ नाइंसाफी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शिक्षकों को दिए जाने वाले चतुर्थ समयमान वेतनमान का मामला अब वित्त विभाग में उलझ कर रह गया है। क्योंकि वित्त विभाग द्वारा अभी तक किसी प्रकार से शिक्षकों के लिए समयमान वेतमान का आदेश जारी नहीं किया गया है, जो एक चिंता का विषय है। वहीं वित्त विभाग से आदेश जारी न होना शिक्षकों के साथ नाइंसाफी है जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है कि आखिर कब जारी होंगे वित्त विभाग से चतुर्थ क्रमोन्नत समयमान वेतनमान के आदेश? देखा जाए तो शिक्षकों के द्वारा शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले सभी कार्यों में अन्य विभागों की तुलना में शिक्षकों की सहभागिता अधिक रहती है फिर भी शिक्षकों के लिए वित्त विभाग द्वारा आदेश जारी नहीं करना समझ से परे है। इसलिए शिक्षक संवर्ग अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है।

संगठन ने आगे बताया कि अन्य विभागों में चतुर्थ समयमान वेतनमान दिए जाने के आदेश जारी किए जा चुके हैं जबकि शिक्षा विभाग में आदेश जारी नहीं होने से शिक्षक हैरान, परेशान और हलाकान हैं कि आखिर आदेश जारी नहीं होनी की वजह क्या है? वहीं आदेश जारी नहीं होने से जो शिक्षक सेवानिवृत्ति के करीब हैं या जो सेवानिवृत्त हो गए हैं उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। अतः संगठन वित्त विभाग सें मांग करता है कि शिक्षक संवर्ग को चतुर्थ समयमान वेतनमान दिए जाने के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, सुरेन्द्र चौधरी, रऊफ खान, गुडविन चार्ल्स, फिलिप अन्थोनी, लालजी प्रसाद, एनोस विक्टर, मनमोहन चौधरी, संतोष श्रीवास्तव, उमेश सिंह ठाकुर, धनराज पिल्ले, सुनील झारिया, देवेन्द्र पटेल, मनीष मिश्रा, आशाराम झारिया, रामेशवर प्रसाद दुबे, नीरज मरावी, क्रिस्टोफर नरोन्हा, दिपेश जैन, राकेश गुप्ता, गोपीशाह आदि ने मांग की है।

## नशा मुक्त भारत, मांसाहार मुक्त भारत गौ हत्या बंद हो, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करोः मांग

**जबलपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक संचालक परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के दिशा निर्देशन में पूरे देश में समाज को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, और चरित्रवान बनाने के लक्ष्य को लेकर अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न कराये जाते हैं। गुरुदेव जी द्वारा संगठन की स्थापना की गई तब से आज तक 20 लाख से अधिक लोगों को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, चरित्रवान बनाया गया है। उसी कड़ी में 15-16 मार्च 2026 को कटंगी नगर में नगर परिषद परिसर में 24 घंटे का जिला स्तरीय श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ संगठन द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसकी समापन की बेला में संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न पूजा दीदी और संगठन के केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी का शुभ आगमन हो रहा है। पूरे कटंगी क्षेत्र में घर-घर जाकर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा पाठ का प्रचार किया जा रहा है। इस क्रम में 5000 से अधिक लोग उपस्थित होंगे, जिसमें संकल्प लिया जाएगा नशा मुक्त भारत, मांसाहार मुक्त भारत, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए, गौ हत्या बंद की जाए, किसी भी प्रदेश में गौ हत्या वर्जित हो, कठिन से कठिन कानून बनाएं, गौ माता को कोई भी व्यक्ति जो सनातनी है वह कसाई को अपनी गाय को न भेजें, अगर वह ऐसा करता है, तो नर्क भोगेगा, गौ माता की रक्षा करने से सनातन की रक्षा होगी।

## रिजवान बने संगठन के संभागीय सचिव

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन एवं जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि जागरूक खेल संघ के संभागीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास की अनुशंसा पर रिजवान मंसूरी को संगठन का संभागीय सचिव बनाया गया। संगठन के द्वारा यह निर्णय सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में लिया गया, क्योंकि रिजवान के द्वारा लम्बे समय से संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य किया जा रहा है, वहीं खेल क्षेत्र में रिजवान का पूर्ण सहयोग रहा है, इसलिए संगठन के द्वारा उन्हें यह पद देकर महत्पूर्ण जिम्मेवारी दी गयी है।संगठन के सभी पदाधिकारियों द्वारा उन्हें पुष्प माला पहनाकर साथ ही मिष्ठान वितरित कर रिजवान को बधाई दी गई। साथ ही यह कामना की गई कि इनके द्वारा भविष्य में खेल क्षेत्र में अपना पूर्ण योगदान देने के साथ ही पूर्ण समर्पण भावना से संगठन हित में कार्य किया जाएगा।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, डी.एन1 झारिया, राम ठाकुर, राकेश श्रीवास, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, एडवोकेट सलमान मंसूरी, एनोस विक्टर, मनमोहन चौधरी सहित अन्य ने रिजवान को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### किताबों का नहीं आत्मा का विषय है योग

## महाकोशल महाविद्यालय में योग पर वैश्विक मंथन, 18 राज्यों के शोधार्थी हुए शामिल, विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, महाकोशल महाविद्यालय में भारतीय दर्शन और योग के माध्यम से जीवन जीने की कला और अनुशासन पर केंद्रित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य विषय "भारतीय दर्शन और योग, एक शारीरिक और मानसिक अनुशासन" रखा गया। आज आयोजित प्रथम तकनीकी सत्र में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के योग विभागाध्यक्ष डॉ. भरत तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय सीहोर के प्राचार्य डॉ. मोहितास शर्मा और इसी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मनोज शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संगोष्ठी की शुरुआत में वक्ताओं ने वर्तमान समय में योग की प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए।




### योग और भारतीय दर्शन का जीवन में महत्व

मुख्य अतिथि डॉ. भरत तिवारी ने सत्र को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि भारतीय दर्शन और योग को मात्र किताबी ज्ञान समझना उचित नहीं है, बल्कि यह वास्तविकता में जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में योग और भारतीय दर्शन के मूलभूत सिद्धांतों को आत्मसात कर ले, तो वह एक स्वस्थ, शांत और संतुलित जीवन व्यतीत करने में सक्षम हो सकता है। उनके अनुसार योग व्यक्ति को आंतरिक और बाह्य दोनों स्तरों पर सुदृढ़ बनाता है। इसी क्रम में डॉ. मोहितास शर्मा ने प्रतिपादित किया कि योगदर्शन के नियमित अभ्यास से ही शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान की जा सकती है। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए योग को अनिवार्य बताया।

### तनाव प्रबंधन और वैश्विक दृष्टिकोण

विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज शर्मा ने वर्तमान जीवनशैली में बढ़ते मानसिक और शारीरिक तनाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बढ़ते तनाव को योग के विभिन्न माध्यमों से प्रभावी रूप से नियंत्रित और ठीक किया जा सकता है। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में कनाडा से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े मुख्य वक्ता अंकित धवन ने अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में योग की महत्ता बताई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दर्शन जीवन का सही मार्ग प्रशस्त करने का कार्य करता है और योग उस निर्धारित मार्ग पर निरंतर चलने की शक्ति प्रदान करता है।

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2026
बिलासपुर, दिनांक : 10.03.2026

आवेदक श्री हिमांशु ग्लेडविन आत्मज श्री संजय ग्लेडविन मसीह उम्र 30 वर्ष निवासी करगी रोड कोटा डाक बंगला रोड रेस्टहाउस के पीछे थाना व तहसील कोटा जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं

आवेदिका कुमारी पूनम कुमारी आत्मजा श्री गिरधारी साह उम्र 28 वर्ष निवासी जबलपुर मकान नंबर 103 निर्माण नगर, कटिया घाट रोड कजरवारा थाना गोराबाजार तहसील व जिला जबलपुर म.प्र. पिन-482001

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 16.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।




(एस.एस. दुबे)
अतिरिक्त कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

## 20 रिपोर्टर, 30 गैस एजेंसी...कहीं भी नहीं मिला कमर्शियल सिलेंडर

# दूल्हा-दुल्हन तैयार, पर सिलेंडर ने बजा दिया बाजा कैटरिंग वालों ने बुकिंग कैंसिल की, कहा डेट बढ़ाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि के 20 रिपोर्टर घराती और बाराती बनकर 30 गैस एजेंसियों में पहुंचे। किसी भी जगह शादी-ब्याह या समारोह के लिए कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिला। कैटरिंग वालों ने कहा-हमारे पास कोई व्यवस्था नहीं है। शादी की डेट आगे बढ़ा दीजिए। कैटरिंग वालों ने कहा कि हम अब बुकिंग नहीं ले रहे। जो बुकिंग पहले से हैं उन्हें केंसिल कर रहे हैं। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि रायपुर सहित कई जिलों की करीब 30 गैस एजेंसियों में कमर्शियल सिलेंडर का स्टॉक लगभग खत्म है। जहां हैं, उन्हें सरकारी कामकाज वाली जगहों...जैसे आंगनबाड़ी, जेल या दूसरी जगहों पर सप्लाई किया जा रहा है।

***"कमर्शियल सिलेंडर नहीं है इंतजाम कहीं और कर लीजिए या कार्यक्रम की तारीख बढ़ा दीजिए।"***

रायपुर में कामर्शियल गैस सिलेंडरों का स्टॉक लगभग खत्म हो चुका है। गैस एजेंसियों के पास अब सिर्फ अस्पताल, सेंट्रल जेल सहित अन्य इमरजेंसी सेवा एवं सरकारी कार्यालयों की जरूरत के अनुसार ही स्टॉक बचा है। यह स्टॉक अब होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग का काम करने वालों को भी नहीं दिया जा रहा है। हरिभूमि के आधा दर्जन रिपोर्टर शनिवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में संचालित एचपी, इंडेन, भारत कंपनियों के 20 से अधिक गैस एजेंसियों के दफ्तर और गोदाम में ग्राहक बनकर पहुंचे और शादी-ब्याह, जनेऊ संस्कार, जन्मदिन सहित अन्य कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कामर्शियल गैस सिलेंडर ब्लैक में अधिक दाम पर लेने की बात कहीं। इस दौरान ज्यादातर गैस एजेंसियों के कर्मचारियों ने यहीं कहा कि ब्लैक में मिलना भी नामुमकिन है क्योंकि कामर्शियल गैस सिलेंडरों का स्टॉक ही खत्म हो गया है, जो कुछ बचे हैं वह सिर्फ इमरजेंसी सेवा एवं सरकारी कार्यालयों के लिए बचे हैं।

**केस 1**

गोगांव स्थित इंडेन और एचपी गैस एजेंसी के दफ्तर और गोदाम में मौजूद कर्मचारियों से रिपोर्टर छट्ठी कार्यक्रम के लिए 3 कामर्शियल गैस सिलेंडरों की जरूरत बताते हुए मांग की। इस पर यहां के कर्मचारियों ने कहा कि कामर्शियल का स्टॉक खत्म हो गया है, जो बचा है वह सिर्फ इमरजेंसी सेवा एवं सरकारी कार्यालयों के जरूरत के अनुसार है, इसलिए सिलेंडर मिल नहीं पाएगा तथा घरेलू सिलेंडर बिना बुकिंग के नहीं मिल पाएगा।

**केस 2**

कमर्शियल सिलेंडर की पड़ताल करने टीम श्रीनगर गुढ़ियारी पहुंची। यहां सिलेंडर मांगे जाने पर तत्काल में उपलब्ध नहीं होना बताया गया। एजेंसी कर्मचारी ने बताया कि कर्मशियल सिलेंडर मिलने में सप्ताहभर से अधिक का समय लग सकता है। कर्मचारी ने बताया कि बीते तीन दिनों से कमर्शियल सिलेडर लेने वाले दिन में 100 से अधिक लोग पहुंच रहे हैं।







### बिरगांव में वसूल रहे मुंहमांगी कीमत

बिरगांव निगम क्षेत्र में गैस सिलेंडर की चल रही कालाबाजारी की टोह ली। पता चला कि कमर्शियल उपभोक्ताओं को सप्ताहभर बाद भी आपूर्ति नहीं दी जा रही है। कमर्शियल सिलेंडर में 10 किलो गैस भरने का 1500 से 1600 रुपए वसूला जा रहा है। जरूरतमंदों को ज्यादा कीमत देने के बाद भी गैस के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

### दूसरे जिलों की हालत

रायपुर के अलावा महासमुंद, बीजापुर, बस्तर, धमतरी सहित अन्य जिलों में भी विभिन्न गैस एजेंसियों के दफ्तर एवं गोदाम में पड़ताल की गई। इस दौरान ज्यादातर गैस एजेंसियों में कामर्शियल गैस सिलेंडरों का स्टॉक लगभग खत्म हो चुका है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट के अलावा शादी-ब्याह सहित अन्य कार्यक्रमों में कैटरिंग का कार्य करने वालों का काम भी बंद पड़ा हुआ है।

### लकड़ी की मांग बढ़ी

वन विभाग के अनुसार उनके पास रोज होटल कारोबारियों के साथ अन्य लोगों के दो दर्जन से ज्यादा कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाले जलाऊ लकड़ी की कीमत जानने कॉल कर रहे। इसके साथ ही लकड़ी टॉल संचालित करने वाले संचालकों के पास लोग कॉल कर जलाऊ लकड़ी की कीमत के बारे में जानकारी ले रहे है।

**केस 3**

चंगोराभाटा गैस एजेंसी के कर्मचारी ने कमर्शियल सिलेंडर नया स्टॉक आने पर देने की बता कहीं। वर्तमान में केवल घरेलू सिलेंडर आसानी से मिल रहे हैं। अधिक दाम देने की बात कहने पर भी कमर्शियल सिलेंडर मिलने में 10 दिन से अधिक समय लगने की बात कही गई।

**केस 4**

आशीर्वाद भवन स्थित रूकमणी गैस एजेंसी एवं फायर ब्रिगेड चौक स्थित रायपुर गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने बताया कि उनके यहां कामर्शियल गैस सिलेंडरों का स्टॉक खत्म हो गया है, घरेलू सिलेंडर का भरपूर स्टॉक है, लेकिन बुकिंग करने पर ही मिलेगा।

**केस 5**

टैगोर नगर स्थित गणपति गैस एजेंसी के कर्मचारी ने भी बताया कि कामर्शियल सिलेंडर का स्टॉक नहीं हैं। घरेलू सिलेंडर बुकिंग करने पर ही मिल पाएगा। शादी हो या कोई भी पार्टी, स्टॉक नहीं है तो कहां से दें।

***आने का समय भी अलग, सबसे पहले आंध्रप्रदेश के आम आते हैं बाजार में***

## जानिए...आम की खास फसल के बारे में : उत्तर प्रदेश, ओडिशा में फूल खिले छत्तीसगढ़ में फल, आंध्र में पक गए आम, बफर फसल से कम रहेंगे इस बार दाम

राजकुमार ग्वालानी ▶▶| रायपुर

अलग खबर

गर्मी का आगाज होने के साथ ही आम का इंतजार होने लगता है। फसल की बात होने लगती है। देश में सबसे बड़ा आम उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश है, लेकिन सबसे पहले आंध्रप्रदेश की ही फसल बाजार में आती है। इस समय जहां उप्र और ओडिशा में आम की फसल में जहां महज फूल ही लगे हैं, वहीं अपने राज्य छत्तीसगढ़ में आम की फसल में फल आ गए हैं। आंध्रप्रदेश में तो आम पक गए हैं और तुड़ाई का काम भी प्रारंभ हो गया है।





**कच्चे आम के दाम अब कम:** डूमरतराई थोक सब्जी मंडी के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी के मुताबिक इस समय बाजार में आंध्र प्रदेश के कच्चे आम आ रहे हैं। इसकी कीमत पहले थोक में 180 रुपए थी, बाद में दाम 120 रुपए हुए और अब 70 रुपए किलो के हिसाब से कच्चे आम बिक रहे हैं। आने वाले समय में इसके दाम और कम होंगे।

### छत्तीसगढ़ के आम से बनता है अचार और अमचूर

अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी आम की खेती होती है, लेकिन यहां पर इसकी खेती कम होती है। कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि वैज्ञानिक जीएल शर्मा के मुताबिक अपने राज्य में व्यावसायिक खेती का अभाव है। ऐसे में अपने राज्य में आम की फसल कम होती है। यहां की फसल का ज्यादातर उपयोग अमचूर और अचार बनाने में होता है। बस्तर में आमों से अमचूरों भारी मात्रा में बनता है। इसी के साथ प्रदेश में जहां भी आम की खेती होती है, उन आमों का उपयोग अचार बनाने में होता है। पक्के आम बहुत कम मात्रा में बाजार में बिकते हैं।

### उप्र में फूलों की बहार

उप्र में आम की खेती में इस समय फूलों की बहार आई हुई है। उप्र के कृषि वैज्ञानिक शैलेन्द्र राजन ने बताया हमारे राज्य में आम की फसल में फरवरी और मार्च में फूल आते हैं। इस समय फसल में भारी मात्रा में फूल आने के कारण संभावना है कि इस बार फसल अच्छी होगी। लेकिन इसके लिए मौसम का साथ जरूरी है। कई बार मौसम की मार के कारण फसल प्रभावित हो जाती है। उप्र में आम की फसल जून के माह में बाजार में आती है। ऐसा ही ओडिशा में भी होता है। इस राज्य में उप्र की तरह की फरवरी मार्च में फसल में फूल आते हैं और मई में फसल बाजार में आती है।

### आंध्र के आम आएंगे बाजार में

राजधानी रायपुर के फल कारोबारी सतीश चौधरी के मुताबिक प्रदेश में सबसे पहले आंध्र प्रदेश के आम ही बाजार में आते हैं। देश में सबसे पहले इसी राज्य में आम की फसल पहले तैयार होती है। आंध्र के आम ही सबसे ज्यादा बिकते हैं। इस राज्य के आम बैगनपल्ली, तोतापुरी और नीलम को बहुत पसंद किया जाता है। इस बार जैसा की जानकारी मिल रही है कि फसल अच्छी है तो दाम भी कम रहने की संभावना है। वैसे शुरुआत में जब भी आम आते हैं तो पहले दाम कुछ ज्यादा रहते हैं, लेकिन जैसे-जैसे आवक बढ़ने लगती है तो दाम भी कम हो जाते हैं।

## छह महीने बाद वांगचुक की हिरासत रद्द, जेल से हुए रिहा

**हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। वांगचुक को शनिवार को जोधपुर केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। वांगचुक को लेह में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद लगभग छह महीने पहले गिरफ्तार किया गया था। केंद्र सरकार ने कहा है कि यह निर्णय लद्दाख में शांति को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि वह वांगचुक के भाषणों के वीडियो देखेगा और उनकी पत्नी की याचिका पर 17 मार्च को अंतिम सुनवाई करेगा। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद, 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को हिरासत में लिया गया था। इन प्रदर्शनों में 22 पुलिसकर्मियों सहित 45 से अधिक लोग घायल हुए थे। उन्हें लेह के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर 'जनव्यवस्था बनाए रखने' के लिए रासुका के तहत हिरासत में लिया गया और फिर जोधपुर जेल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## कथा करवाकर मंत्रीजी ने नहीं दिए पैसे, आत्महत्या करूंगा, मंत्री अग्रवाल ने कहा-आरोप झूठे, एफआईआर होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के कथावाचक डॉ. रामानुरागी महाराज ने वीडियो जारी कर विधानसभा के बाहर आत्मदाह करने की धमकी दी है। कथावाचक का कहना है कि संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने उनसे कथा कराई और पैसे नहीं दे रहे हैं। यह पैसे करीब 15 लाख रुपए हैं। श्री अग्रवाल ने आरोपों को झूठा बताया है। रामानुरागी महाराज ने आयोजन करने की बात कहकर संस्कृति विभाग में आवेदन दिया था। मैंने उनके आवदेन को रिमॉर्क किया था, जैसे सबका करता हूं। संस्कृति विभाग ऐसे आयोजनों पर राशि नहीं जारी करता। अब वीडियो वायरल कर झूठा आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा, ऐसे लोग जो अनर्गल रूप से वीडियो जारी कर वसूली का प्रयास करते उनके खिलाफ एफआईआर होना चाहिए।



डॉ. रामानुरागी महाराज



राजेश अग्रवाल

### *यह है मामला*

*कांग्रेस नेता धनंजय ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया पेज पर कथावाचक डॉ. रामानुरागी महाराज का वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में कथा वाचक कह रहा है कि 2 से 9 जनवरी तक उन्होंने मंत्री राजेश अग्रवाल के अंबिकापुर स्थित लखनपुर गांव में भव्य श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया था। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कथावाचन करवाया, लेकिन पैसा नहीं दिया। जब भी पैसे मांगने जाओ तो बात तक नहीं सुनी जाती। किनारे कर दिया जाता है।*

### *कथावाचक के आरोप गलत, मैंने नहीं कराया आयोजन- अग्रवाल*

*मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा, कथावाचक का आरोप पूरी तरह से गलत है। इस आयोजन पर मै और मेरा परिवार कहीं भी शामिल नहीं है। न ही इस आयोजन में मै गया। यह आयोजन लखनपुर में भारती नमो सेवा दल के द्वारा कराया गया था। आयोजन पूरी कराकर दो दिन पहले विधानसभा के बाहर डॉ. रामानुरानी महाराज मुझसे मिले थे, मैंने कहा, विधानसभा जा रहा हूं, जल्दी में हूँ। उसके बाद इस तरह का वीडियो वायरल हो रहा है।*

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## संजीवनी सेवा के लिए नई एजेंसी, एक अप्रैल से शुरुआत की

# पहली बार 108 सेवा में पीडियाट्रिक इमरजेंसी एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की बढ़ेगी संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आपात स्थिति में मरीजों की मदद करने वाली 108 सेवा से पीडियाट्रिक इमरजेंसी में भी मदद मिलेगी। एक अप्रैल से तीन सौ नई एंबुलेंस राज्य में सहायता के लिए दौड़ेगी। आवश्यकताओं को देखते हुए एडवांस लाइफ सपोर्ट वाले सिस्टम की संख्या बढ़ाकर 70 की जाएगी। दावा किया जा रहा है कि कॉल ट्रेकर सिस्टम से लैस इन एंबुलेंस से रिस्पांस टाइम को भी कम करने में मदद मिलेगी।लंबी प्रक्रिया और तीन बार की कोशिशों के बाद सीजीएमएससी ने सिंगल टेंडर के माध्यम से 108 संजीवनी सेवा के संचालन के लिए नई एजेंसी तय की गई है। उसके साथ अनुबंध हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद एक अप्रैल से इस एबुलेंस सेवा संचालन नई कंपनी के माध्यम से किया जाएगा। जानकारी के अनुसार नए टेंडर में सुविधा में बढ़ोतरी के दावे किए जा रहे है। नई एजेंसी को तीन सौ नई एंबुलेंस लाना है, जिससे हर जिले में नई गाड़ी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा इस योजना में 10 ऐसी एंबुलेंस को शामिल किए जाने का दावा किया जा रहा है जो पीडियाट्रिक यानी शिशु रोग की आपात सुविधाओं से लैस होगी। इनकी तैनाती जरूरत और इमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

### 3 सौ नई एंबुलेंस, रिस्पांस टाइम कम करने कॉल ट्रेकर सिस्टम का दावा

#### गर्भवती महिलाओं का केवल परिवहन

गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए 102 महतारी एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में संचालित वाहनों में आपात स्थिति के लिए इसमें पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती होती थी। इसके नए टेंडर के बाद भी 102 महतारी एक्सप्रेस का उपयोग केवल गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। पैरामेडिकल स्टाफ के अभाव में कई बार जरूरत के दौरान मरीज को दिक्कत भी सामने आ जाती है।




#### एमएमयू, डाक्टर नहीं तो संचालन नहीं

सुदूर इलाकों में रहने वालों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए पीएम जनमन योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक एमएमयू में जरूरी दवाओं के साथ एमबीबीएस डाक्टर की तैनाती जरूरी है। जिस यूनिट में डाक्टर की नियुक्ति नहीं की गई है उसका संचालन नहीं किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 6166



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6165 का हल



## सूडोकू नवताल - 6176

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6175 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |



असम में राहुल पर बरसे शाह, देश दुनिया में भारत की छवि को दाग लगा रहे

# संसद के दरवाजे पर पी रहे चाय और पकौड़े और बाहर कर रहे देश में एलपीजी की की कमी का प्रदर्शन, कांग्रेस ने केवल गबन किया

## गुवाहाटी में नवनिर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी गरमाहट है। सियासत के बीच 2 दिनी असम दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में नवनिर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया।उन्होंने राज्य में कई नई परियोजनाओं की शुरुआत भी की। शाह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कहा कि कभी-कभी संसद के दरवाजे पर बैठकर चाय और पकौड़े खाते हैं और विरोध प्रदर्शन करते हैं।

कई नई परियोजनाओं की शुरुआत भी की



कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री शाह और सीएम हिमंत सरमा

### लोकतांत्रिक परंपरा का उल्लंघन का आरोप जड़ा

उन्होंने कहा कि विपक्ष को सरकार का विरोध करने और प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार है, लेकिन संसद के अंदर चर्चा करने के बजाय इस तरह का तरीका अपनाना सही नहीं है। शाह ने यह भी कहा कि संसद में बहस से बचना और बाहर इस तरह की गतिविधियां करना लोकतांत्रिक परंपरा के खिलाफ है। इससे वे कदम देश की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं।

### कांग्रेस ने घुसपैठ को सामान्य बना दिया

शाह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भाजपा फिर से असम में सबसे बड़ी जनादेश के साथ सरकार बनाएगी। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के युवाओं के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन उसके नेता और उनके परिवार फायदे में रहे। कांग्रेस के शासन में असम हिंसा के लिए जाना जाता था और कई युवा मारे गए। यहां पर घुसपैठ सामान्य बात रही।

### गोलाघाट-तिनसुकिया में कैंसर केंद्रों का भी उद्घाटन किया

शाह ने गोलाघाट और तिनसुकिया में बने कैंसर केंद्रों का भी उद्घाटन किया। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से दिफू, जोरहाट और बरपेटा मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में बनने वाले सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की आधारशिला रखी।

### कांग्रेस ने 150 करोड़ का गबन किया

शाह ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के कार्यकाल के दौरान असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल लगभग 150 करोड़ रुपए का गबन किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को बुरी तरह से कमजोर कर दिया है।उन्होंने कांग्रेस शासन के दौरान हुए कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया।

### पूरे असम में 17 कैंसर अस्पताल बनाने की योजनाः सीएम सरमा

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यह भी बताया कि इस योजना के तहत अब तक 12 कैंसर अस्पताल बन चुके हैं और लोगों को बेहतर इलाज मिल रहा है। आज सरकारी क्षेत्र में कैंसर अस्पतालों का इतना बड़ा नेटवर्क शायद ही किसी दूसरे राज्य में हो। सरमा ने बताया कि असम में कैंसर इलाज के लिए बड़ा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नेचर बाजार में आग, 40 दुकानें हो गईं खाक



**नई दिल्ली।** रविवार सुबह दिल्ली के अंधेरिया मोड़ इलाके में स्थित नेचर बाजार में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते करीब 40 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों का नुकसान होने की आशंका है। हादसे में अब तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

### मशहूर एक्ट्रेस मधु मल्होत्रा का निधन



**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई।

### बैंक फ्रॉड में दो और कर्मचारी गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** एसीबी ने हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के फाइनेंस एंड अकाउंट्स विभाग के कंट्रोलर रणधीर सिंह और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के फाइनेंस एंड अकाउंट्स के कंट्रोलर को गिरफ्तार किया है।इन दोनों की मुख्य आरोपितों संग धोखाधड़ी को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका सामने आई थी। ज्वेलर राजन कटोदिया भी अरेस्ट है।

### चेन्नई में धमाके के साथ फटा सिलेंडर, 2 की मौत



**चेन्नई।** राजधानी चेन्नई के नवल्लूर इलाके में एक सिलेंडर में धमाके का मामला सामने आ रहा है। यहां सिलेंडर में धमाका होने से दो बच्चों की मौत हो गई है, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए हैं। धमाका इतना तेज था कि यहां तीन मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। लोग आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी।

### कानपुर के परफ्यूम कारोबारी के घर रेड



**कानपुर।** कानपुर के बड़े परफ्यूम कारोबारी के घर इनकम टैक्स की बड़ी छापेमारी ने सबके कान खड़े कर दिए हैं। करीब 62 घंटे तक इनकम टैक्स ने कारोबारी के घर ही डेरा डाले रखा। टीम ने एक्सप्रेस रोड स्थित आफिस समेत शहर के अन्य कई स्थानों पर पूरे दिन जांच की और बड़ी संख्या में कर चोर पकड़ी है। 12 स्थानों पर विभाग ने सर्वे किया।

## तमिलनाडु में डि-लिमिटेशन और बंगाल में छाया रहेगा घुसपैठ का मुद्दा

# असम-पड्डुचेरी के प्रति भाजपा आश्वस्त तो बंगाल और तमिलनाडु में रोचक मुकाबले के आसार बने



5 राज्यों में चुनावों की घोषण के बाद राजनीतिक दलों ने अपने- अपने दावे शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही पार्टियां जोड़ तोड़ की राजनीति भी कर रहीं

### 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए पार्टियों ने कसी कमर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

5 राज्यों में चुनावों की घोषण के बाद राजनीतिक दलों ने अपने- अपने दावे शुरू कर दिए हैं। हालांकि इतिहास पर गौर करे तो बंगाल में भाजपा ने आज तक कभी सरकार नहीं बनाई है। तमिलनाडु में भी कभी भाजपा सरकार में नहीं रही। केरल में ज़ीरो है। असम में भाजपा हैट्रिक मार सकती है। कांग्रेस असम हारी तो कांग्रेस की हार की हैट्रिक लगेगी। पुड्डुचेरी में एनडीए की सरकार है। असम के बारे में भाजपा को कोई संदेह ही नहीं है। हिमंता विश्व सरमा असम की नब्ज़ को अच्छी तरह समझ रहे हैं और उसी के मुताबिक अपने पत्ते फेंक रहे हैं। बंगाल में घुसपैठ और केंद्रीय विभागों का अपमान और आदेश की अवहेलना का मुद्दा हावी रहेगा। इसी तरह तमिलनाडु में हिंदीभाषियों के खिलाफ सरकार की सोच और कार्यवाही का भी मुद्दा उठेगा। बिहारियों के प्रति घृणा भी सरकार की सोच का एक कारण बन सकता है।

पार्टियों के अपने-अपने दावे

आरोप-और प्रत्यारोपों का दौरा शुरू

### तमिलनाडु में होगा रोचक मुकाबला



तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्य में डिलिमिटेशन को एक बड़ा मुद्दा बनाया है और केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वो दक्षिण भारतीय राज्यों की राजनीतिक ताक़त को कम करने की कोशिश कर रही है। इस बार के चुनाव में तमिलनाडु का मुक़ाबला भी काफ़ी रोचक हो सकता है। यहां भाजपा का प्रदर्शन दक्षिण भारतीय राज्यों में उसकी नई तस्वीर पेश कर सकती है। द्रमुक के नेता वर्तमान मुख्यमंत्री और करूणानिधि के पुत्र एमके स्टालिन हैं जिनको पूर्व जयललिता की पार्टी अन्ना द्रमुक के बड़े नेता पलानीस्वामी टक्कर दे रहे हैं।

### केरल में माकपा की सीटों में गिरावट एलडीएफ और यूडीएफ भी भिड़े



केरल में 23 मई को विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। पिछले चुनाव में माकपा के नेतृत्व में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की सरकार बनी थी। पिनरई विजयन मुख्यमंत्री बने थे। दूसरी तरफ यूडीएफ को बाकी बची 41 सीटों पर जीत मिली। यह पिछले चुनाव के मुकाबले छह सीटों की गिरावट थी। इसके अलावा एनडीए अपनी एकमात्र सीट भी इस चुनाव में हार गई और उसके वोट शेयर में भी गिरावट आई।

### केरल में एंटी इम्कबैंसी और कांग्रेस में फूट दिख रही

भाजपा को उम्मीद केरल से भी है, जहां पहली बार भाजपा का सांसद जीता है और राजधानी तिरुवनंतपुरम में भाजपाका मेयर बना है। केरल में विजयन के साथ 10 साल की एंटी इम्कबैंसी है और कांग्रेस के घर में फूट दिख रही है। ऐलान-ए-जंग के साथ ही पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

### बंगाल में घुसपैठ और और 'अपमान' का मुद्दा रहेगा भारी

बंगाल में इस बार हो रहे विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा सियासी मुक़ाबला इसी राज्य में माना जा रहा है। हुमायूं कबीर ने अपनी नई पार्टी बना ली है और उन्होंने कुछ इलाक़ों में एक नया सियासी समीकरण बनाने की कोशिश की है। यहां पर घुसपैठ का मुद्दा हावी रहेगा। इसके साथ ही ममता सरकार के प्रदर्शन और केंद्र के साथ राष्ट्रपति का अपमान का मुद्दा भी छाया रहेगा।

### *आयोग को मिला पात्र मतदाता रखने का संवैधानिक दायित्व*



*ईसी से पूछे गए चुनावी हिंसा और एसआईआर पर सवाल, दिए जवाब*

चुनावी तारीखों के एलान के बाद चुनाव आयोग से कई सवाल पूछ गए। जिसमें एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर लगे आरोप, आचार संहिता से ठीक पहले हुई घोषणाओं के साथ-साथ चुनावी हिंसा के सवाल पर सीईसी ने जवाब दिए हैं। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर लगे आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग को यह संवैधानिक दायित्व देता है कि वह सिर्फ पात्र लोगों को ही मतदाता सूची में रखे। चुनाव आयोग यह जिम्मेदारी एसआईआर के जरिए निभाता आया है। जहां तक राजनीतिक व्यक्तियों या राजनीतिक दलों की ओर से दिए गए राजनीतिक बयानों की बात है, आयोग इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता।

### आचार संहिता से पहले की जा सकती है घोषणा

उन्होंने कहा कि जहां तक कुछ राज्यों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के ठीक पहले घोषणाएं करने की बात है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में केंद्र और राज्य सरकारें आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले कोई भी नीति या निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

### राजनीतिक हिंसा और चुनाव को प्रभावित करने वाले कदम बर्दाश्त नहीं

उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा और चुनाव को प्रभावित करने वाले किसी भी कदम को चुनाव आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

## चुनाव से पहले ममता का 'खेला'

# पुजारी और मुअज्जिनों का मानदेय 500 से 2,000 रुपए किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा बढ़ा है। राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी रण की तैयारी में जुटे हैं। अब रैलियों और रणनीति बैठकों के बीच सीएम ममता बेनर्जी ने भी एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत उन्होंने राज्य के पुजारी और मुअज्जिनों की मासिक मानदेय राशि 500 बढ़ाकर 2000 रुपए प्रति माह करने की घोषणा की है। इसकी जानकारी ममता ने एक्स पर दी। ममता ने ने कहा कि ये लोग हमारी समुदायों के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए उन्हें यह सहयोग दिया जा रहा है। नए आवेदन राज्य सरकार को प्रस्तुत किए थे।

### सरकार हर समुदाय और परंपरा का सम्मान कर रही

ममता ने कहा कि उनकी सरकार हर समुदाय और परंपरा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करती है कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक को पूरा सहयोग और मान्यता मिले।

### डीए का बकाया भी इसी माह से देना शुरू करेंगे

ममता ने बंगाल के कर्मचारियों और पेंशनरों को लेकर भी बड़ा ऐलान किया। ममता ने घोषणा की है कि उनकी सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ-साथ राज्य के शैक्षिक संस्थानों के लाखों शिक्षक और गैर-शिक्षक स्टाफ, तथा पंचायत, नगरपालिका और अन्य स्थानीय निकायों के कर्मचारियों/पेंशनरों के लिए अपना वादा पूरा कर दिया है।डीए बकाया की राशि मार्च 2026 से प्राप्त करना शुरू कर देंगे।

## मंत्री जितेंद्र ने जम्मू-कश्मीर को दी सौगात

# 600 करोड़ की फार्मा उत्पादन इकाई का किया शिलान्यास

एजेंसी ▶▶ कठुआ



केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के गदाधर गांव में एक बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी की फार्मास्यूटिकल उत्पादन इकाई का शिलान्यास किया। ऑर्किड फार्मा की 600-700 करोड़ रुपए की यह परियोजना भारत सरकार के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की जैवप्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद् के सहयोग से स्थापित की जा रही है। डॉ. जितेंद्र ने कहा कि भारत सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लगभग 600 करोड़ रुपए का यह निवेश जम्मू कश्मीर क्षेत्र की औद्योगिक और नवोन्मेषी क्षमता में बढ़ते विश्वास को प्रतिबिंबित करता है। इस इकाई से लगभग 400 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इससे आपूर्ति, माल ढुलाई और अन्य संबंधित क्षेत्रों में इतने ही रोजगार के परोक्ष अवसर भी पैदा होंगे।

## राज्यसभा चुनाव की तैयारी

# मंत्री चौधरी के घर एनडीए की बैठक, सीएम नीतीश भी पहुंचे

एजेंसी ▶▶ पटना



राज्यसभा के चुनाव के पहले रविवार को बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी के आवास पर एक बड़ी बैठक हुई। इस बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अभी उनके आवास पर पहुंचे हैं। इस संबंध में संजय झा ने बताया कि राज्यसभा चुनाव में पांचों सीट पर जीत मिले इसके लिए अब जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय चौधरी के आवास पर विधायकों की बैठक बुलाई गई है। सोमवार को राज्यसभा के पांच सीटों पर होने वाले चुनाव को देखते हुए राजधानी पटना में सुबह से सियासती हलचल देखी गई। एक तरफ एनडीए अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए सुबह से ही लगातार बैठक कर रही है वहीं दूसरी तरफ महागठबंधन यानी मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने सारे विधायकों को एक निजी होटल में बुलाकर गहन बैठक कर रहे हैं।

## शिमला में बारिश



शिमला : रविवार को शिमला में बारिश के बाद लोग रिज के आसपास घूमते नजर आए।

## आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक

# पंजाब चुनाव से पहले सिख संगत दल को मजबूत करेगा संघ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का मुख्य एजेंडा सांगठनिक ढांचे में बदलाव और शताब्दी वर्ष के आगामी कार्यक्रम तय करना तो है ही, साथ ही आने वाले विधान सभा चुनावों पर चर्चा भी है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत की लंबी बातचीत हुई है। नबीन एक दिन पहले ही पहुंच गए थे। बताया जा रहा पंजाब चुनाव के मद्देनजर सिख संगत दल को और मजबूत करने पर भी बात हुई है। राष्ट्रीय सिख संगत दल संघ से संबद्ध है। पंजाब चुनाव से पहले संगठन की गतिविधियां तेज की जाएंगी। संघ इसके माध्यम से घर-घर संपर्क करेगा।

### राज्यों के चुनाव के लिए भी रणनीति तैयार, गतिविधियां की तेज

### नशा के खिलाफ जनजागरण अभियान चलेगा




पंजाब में नशे के खिलाफ व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाए जाएंगे। इसके साथ विदेश में जाकर बसे पंजाब के लोगों को अपनी मिट्टी और संस्कृति से जोड़ेगा। इसी साल तमिलनाडु और केरल में विधानसभा के चुनाव हैं। इसके बाद 2027 में उत्तर प्रदेश में चुनाव हैं। संघ ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती बड़े स्तर पर मनाने की भी तैयारी की है।

### संत रविदास को श्रद्धासुमन अर्पित किए

सभा की बैठक पानीपत के पट्टीकल्याणा स्थित माधव सृष्टि केंद्र में शनिवार को दूसरे दिन सुबह नौ बजे शुरू हुई। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत व सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने बैठक शुरू कराई। दत्तात्रेय होसबोले ने संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष पर अपना वक्तव्य दिया।

### संघ प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में करेगा काम

संघ प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करेगा। इसके लिए सिखों के सातवें गुरु हरराय साहिब के जीवन और प्रकृति संरक्षण को आधार मानकर काम करेगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर देशभर में पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर पौधरोपण के कार्य किए जाएंगे। संघ की तीन दिवसीय बैठक के दूसरे दिन शनिवार को इस पर चर्चा की। सुरेश जोशी ने समाज को संदेश दिया।

## राहुल ने पीएम मोदी को पत्र लिखा

# कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग, नेहरू सीएम बनाते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की है। उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर अपनी मांग सामने रखी है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि अगर नेहरू जीवित होते तो कांग्रेस की तरफ से कांशीराम को मुख्यमंत्री बनाया जाता। यूपी सरकार के मंत्री ने कहा कि कांशीराम ने कांग्रेस के विरोध में ही बसपा बनाई थी। कांशीराम ने 1984 में बसपा का गठन किया।



### कांग्रेस अपना काम ठीक से करती तो कांशीराम सफल नहीं होते

राहुल ने पूर्व इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संविधान सम्मेलन में डॉ.भीमराव आंबेडकर और कांशीराम की सराहना की। अगर कांग्रेस ठीक तरह से काम करती तो कांशीराम जी कभी सफल न होते।

# 16 साल के डोमैन ने प्रीमियर लीग में रचा इतिहास, बने सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया।

डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था।

### डोमैन ने जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा

आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा, ' वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था।' डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। डोमैन अब भी स्कूल में पढ़ रहे हैं।





### आर्सेनल की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में न्यूकैसल ने चेल्सी को 1-0 से हराया।

### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर

- 1. मैक्स डोमैन: 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन)।
- 2. जेम्स वॉन: 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस)।
- 3. जेम्स मिलनर: 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड) ।
- 4. वायने रूनी: 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल) ।
- 5. रियो न्गुमोहा: 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)।

## खबर संक्षेप

### थीगाला ने की बढ़त मजबूत, शीर्ष पर वापसी



**फ्लोरिडा।** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी सहित थीगला ने चार-अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाकर 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर इनामी प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप में एक राउंड शेष रहते हुए शीर्ष 10 में वापसी की। थीगाला ने दो बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाईं, जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर पार हो गया है। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के लुडविग एबर्ग से छह शॉट पीछे हैं। एबर्ग ने एक-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट कर दिया है। उनका कुल स्कोर अब 13-अंडर पार है। थीगाला फिलहाल रॉबर्ट मैकिंटायर, ऑस्टिन स्मॉथरमैन, जैकब ब्रिजमैन और सेप स्ट्राका के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर हैं।

### 31 मार्च को भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालीफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। भारत क्वालीफाइंग का अपना तीसरा मैच घरेलू मैदान पर खेलेगा। इससे पहले उसने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ शिलांग में और अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ मडगांव में मैच खेला था।

### पावरप्ले में मैच छीन सकते हैं संजू : गंभीर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया। गंभीर ने कहा, 'हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है।' गंभीर ने कहा, ' मैंने उसे जिम में यह बात बताई।

## इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट : दानिल ने सीधे सेटों में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से हराया

# अल्कारेज की अजेय लय टूटी, मेदवेदेव ने दी साल की पहली हार, फाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

**खिताब के लिए मेदवेदेव का मुकाबला सिनर से**

### मेदवेदेव की 2023 के बाद अल्कारेज पर पहली जीत

मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है।

### सिनर ने ज़्वेरेव को 1 घंटे 23 मिनट में ही हराया

सिनर ने ज़्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।




### आंद्रेओजी और गुइनार्ड ने जीता डबल्स का खिताब

गुइडो आंद्रेओजी और मैनुअल गुइनार्ड ने इंडियन वेल्स ओपन के डबल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार को हुए फाइनल में आंद्रेओजी और गुइनार्ड की जोड़ी ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटिन वचेरोट को 7-6(3), 6-3 से हराकर खिताब जीता। यह मैच 1 घंटा 23 मिनट तक चला। कैलिफोर्निया में उनकी खिताबी जीत के सफर में कई बड़ी जीतें शामिल रहीं। इस जोड़ी ने टूर्नामेंट में पहले चौथी सीड क्रिश्चियन हैरिसन और नील स्कूप्स्की को हराया, फिर टॉप सीड मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। गुइनार्ड के लिए, इंडियन वेल्स का टाइटल उनका दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 क्राउन है। इससे पहले, उन्होंने 2025 में रोमेन अर्नेओडो के साथ रोलेक्स मोंटे-कार्लो मास्टर्स में जीत हासिल की थी। आंद्रेओजी ने एटीपी टूर फाइनल्स में अपने मजबूत रिकॉर्ड को पांच में से चार जीत तक बेहतर किया, इससे पहले उन्होंने क्रोएशिया ओपन उमाग (2024), अर्जेंटीना ओपन (2025), और स्वीडिश ओपन (2025) में खिताब जीते थे।

## स्पेनिश फुटबॉल लीग

### रियाल मैड्रिड ने एल्चे को हराया पहुंचा बार्सिलोना के करीब



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

फेडेरिको वाल्वरडे ने तीन मैचों में पांचवां गोल दागकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे रियाल मैड्रिड एल्चे को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है।

उरुग्वे के मिडफील्डर वाल्वरडे ने हाफ टाइम से ठीक पहले दाएं पैर से घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। वाल्वरडे ने इससे पहले चैंपियंस लीग के अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में रियाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। उससे पहले उन्होंने लालिगा के पिछले दौर में सेल्टा विगो के खिलाफ 2-1 से जीत में भी गोल किया था। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 66 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना के 27 मैच में 67 अंक हैं। इस बीच स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे का मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण के मैच में खेलना भी संदिग्ध है। उन्होंने घुटने की चोट के कारण 21 फरवरी के बाद कोई मैच नहीं खेला है।

**वाल्वरडे ने घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को किया दोगुना**

# दक्षिण अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता पहला टी-20, न्यूजीलैंड को 91 रन पर समेटा

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे चार खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 14.3 ओवर में 91 रन पर समेटने के बाद पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच सात विकेट से जीत लिया।



दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन की 48 गेंद में नाबाद 45 रन की पारी की बदौलत 20 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 93 रन बनाकर जीत दर्ज की। पदार्पण कर रहे डियान फोरेस्टर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। एस्टरहुइजेन ने 17वें ओवर में काइल जेमीसन पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।

### न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में गंवाए पांच विकेट

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए और अंततः टी20 में अपने 10वें सबसे कम स्कोर पर सिमट गई, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा सबसे कम स्कोर है। गेराल्ड कोएट्जी (14 रन पर दो विकेट) ने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (01) और टॉम लैथम (07) को पवेलियन भेजा जबकि ओटनील बार्टमैन (22 रन पर दो विकेट) ने टिम रोबिनसन (06) और निक कैली (02) की पारी का अंत किया। बेवन जैकब्स (10) इसके बाद रन आउट हुए, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 36 रन हो गया। नकोबानी मोकोएना (26 रन पर तीन विकेट) ने न्यूजीलैंड के निचले क्रम को समेटा। जिमी नीशाम (26) और मिचेल सेंटनर (15) ने सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े, जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

# प्रभु ने लगाई 17.05 मीटर की छलांग, जीता सिल्वर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी कॅरियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं, जिसके कारण अक्सर नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन सहित विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि वे एएफआई की तकनीकी और डोपिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं। एनसीएए अपना डोप परीक्षण कार्यक्रम स्वयं संचालित करता है, लेकिन उसे विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी वाडा से मान्यता प्राप्त नहीं है।

# सरफराज अहमद ने छोड़ा बल्ला सभी प्रारुपों को कहा अलविदा



एजेंसी ▶▶| कराची

भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया।

सरफराज ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। बोर्ड के सूत्र ने बताया कि सरफराज के संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा के बाद अब पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

सरफराज ने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल अक्टूबर ने खेला था। उन्होंने कहा कि वह अपनी अन्य भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ' मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं पाकिस्तान की तीनों प्रारुप में कप्तानी करूंगा तथा 2006 में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतूंगा। ये मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण रहे हैं।' सरफराज ने पाकिस्तान की तरफ से 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने तीनों प्रारुप में 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी भी की है।

## मर्सीडीज के लिए पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन

# चीन ग्रां प्री: फॉर्मूला वन के दूसरे कम उम्र के विजेता बने एंटोनेली

एजेंसी ▶▶| शंघाई

किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए।

इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला



### रसेल ने किया दूसरा स्थान हासिल

एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा। कम उम्र में ग्रां प्री जीतने वाले एकमात्र ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन हैं, जिन्होंने 2016 में जब अपनी पहली जीत हासिल की थी तब उनकी उम्र 18 साल थी।

### बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली फॉर्मूला वन रेस रद्द



**शंघाई।** फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई। एफवन ने कहा, 'पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी।' उन्होंने कहा, ''हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा।' एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, 'हालांकि यह एक मुश्किल फ़ैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।' फिया ने कहा कि ये दोनों रेस 'अप्रैल में नहीं होंगी' और इनकी जगह कोई दूसरी रेस आयोजित नहीं की जाएगी।फिया के अध्यक्ष मोहम्मद बेन सुलेयम ने कहा, 'फिया हमेशा हमारे समुदाय और सहकर्मियों की सुरक्षा और भलाई को सबसे पहले रखेगी।

## विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप : भारत ने जीते 5 पदक, चंद्रिका को स्वर्ण

**बैंकॉक।** भारत ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में अपना अभियान पांच पदक के साथ खत्म किया, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। युवा ओलंपिक वजन वर्ग में मुकाबला करते हुए भारत की अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान की अगुवाई चंद्रिका पुजारी ने की, जिन्होंने महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की मार्दोनोवा नाजोकत को सर्वसम्मत फैसले से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन भारतीय मुक्केबाजों ने अपने वजन वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद रजत पदक जीते। गुंजन (48 किग्रा) इंग्लैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी से 5-0 के फैसले से हार गईं जबकि जॉयश्री देवी (54 किग्रा) कड़े मुकाबले के बाद अमेरिका की एक मुक्केबाज से 1-4 से पराजित हो गईं। पुरुषों के 50 किग्रा वजन वर्ग में एल अंबेकर मीतेई को फाइनल में यूक्रेन के मुक्केबाज से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

**कालाबाजारी या जमाखोरी पर भी कड़ी नजर**

# घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग रोकने के आदेश जारी

हरिभूमि जबलपुर।

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग तथा इंडक्शन चूल्हाल, इलेक्ट्रिक चूल्हा और गैस भट्टी जैसे उपकरणों की कालाबाजारी पर रोक लगाने विस्तृ त आदेश जारी कर सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों, खाद्य अधिकारियों तथा नापतौल विभाग के अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। आदेश में कहा गया है कि कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा इंडक्शन चूल्हा,



इलेक्ट्रिक चूल्हा और गैस भट्टी जैसे आवश्यक उपकरणों को निर्धारित एमआरपी से अधिक मूल्य पर बेचकर उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। आदेश में इस विसंगति को दूर करने हेतु सभी अनुविभागीय अधिकारियों, जिला आपूर्ति नियंत्रक और नापतौल विभाग को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और केटरिंग संस्थानों में घरेलू सिलेंडरों के अवैध उपयोग की सघन जांच की जाएगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी भी व्यावसायिक संस्थान में घरेलू एलपीजी का उपयोग पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और विनियमन आदेश 2000 के प्रावधानों के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अवैध भंडारण पाए जाने की स्थिति में सिलेंडरों को जब्त करने के साथ-साथ विक्रेताओं द्वारा की जा रही कालाबाजारी या जमाखोरी पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। आदेश में सभी गैस एजेंसियों को भी निर्देशित किया है कि वे केवल पात्र उपभोक्ताओं को ही सिलेंडरों का वितरण सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

## पिस्टल समेत पकड़ाया बदमाश

**जबलपुर।** बेलबाग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुद्दे गौड अखाड़ा के समीप दबिश देकर हुलिये के आधार पर एक युवक को दबोच लिया तलाशी के दौरान युवक के पेंट की जेब में एक पिस्टल मिली है जिसमें कारतूस लोड था संभवतः युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत उसे अभिरक्षा में लेकर पिस्टल के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बेलबाग थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक जो नीले रंग की जीन्स व सफेद रंग की लाईनिंग वाली शर्ट पहना है अपने पास अवैध पिस्टल रखे बुद्दे गौंड अखाड़ा के सामने किसी वारदात को अंजाम देने के लिए खड़ा है। पुलिस ने मुखबिर के बताये हुलिये के आधार पर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम विकास रजक बताया। आरोपी की तलाशी के दौरान एक देशी पिस्टल मिली है जिसमें एक कारतूस लोड था।

**जवाब नहीं आया तो कलेक्टर को हाईकोर्ट आना पड़ेगा**

# सरकार पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने एक मामले में पिछले 13 वर्षों से जवाब पेश न करने पर सरकार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि तीन फरवरी 2026 को अंतिम मोहलत देने के बावजूद जवाब पेश नहीं किया गया, यह उचित नहीं है। कोर्ट ने लापरवाही को आड़े हाथों लेकर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। यह राशि मप्र हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के खाते में जमा कराने के निर्देश दे दिए। कोर्ट ने कहा है कि इसकी भरपाई मामले के ओआईसी से की जाए। कोर्ट ने कहा कि यदि अगली सुनवाई तक जवाब नहीं आया तो कलेक्टर बैतूल को हाजिर होना पड़ेगा। याचिकाकर्ता बैतूल की मां बंजारी स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष निर्मला बाई की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की आपूर्ति करती थी। तत्कालीन कलेक्टर ने मई 2008 में उक्त कार्य आवंटित किया था। दरअसल, एक जनप्रतिनिधि की शिकायत पर याचिकाकर्ता की जांच की गई। दलील दी गई कि



याचिकाकर्ता द्वारा किए हुए कार्य का भुगतान नहीं किया गया। कई बार कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को अभ्यावेदन दिए गए। जब कार्रवाई नहीं हुई तो हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

# एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं द्वितीय परीक्षा 7 मई से, टाइम टेबल जारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2026 की 10वीं और 12वीं कक्षा की द्वितीय परीक्षा का समय सारणी जारी कर दी है। इस फैसले से उन विद्यार्थियों को राहत मिलेगी जो मुख्य परीक्षा में असफल रहे या अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं। द्वितीय परीक्षा 7 मई से



प्रदेशभर में शुरू होगी। मुख्य परीक्षाएं फरवरी में शुरू होकर 7 मार्च को समाप्त हुई थीं। मूल्यांकन कार्य जारी है और परिणाम 25 अप्रैल के बाद कभी भी घोषित किए जा सकते हैं। परिणाम जारी होने के बाद पात्र विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। 12वीं की परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होंगी। 7 मई से परीक्षा शुरू होगी। हिंदी का पेपर 8 मई, रसायन शास्त्र व इतिहास 9 मई, भौतिक शास्त्र 12 मई, भूगोल 13 मई, कृषि व एकाउंटेंसी 14 मई, संस्कृत 15 मई, अंग्रेजी 16 मई, बायोलॉजी 18 मई, समाजशास्त्र 20 मई, गणित व मनोविज्ञान 21 मई और अंतिम पेपर राजनीति शास्त्र 25 मई को होगा। अन्य विषयों की परीक्षाएं भी निर्धारित तिथियों पर आयोजित की जाएंगी।

### 10वीं का टाइम टेबल

10वीं की परीक्षा भी सुबह 9 से 12 बजे तक होगी। 7 मई को हिंदी, 11 मई को गणित, 14 मई को सामाजिक विज्ञान, 16 मई को विज्ञान और 19 मई को अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। अन्य भाषाओं और वैकल्पिक विषयों के पेपर 8, 9 और 12 मई को आयोजित किए जाएंगे। मंडल का उद्देश्य है कि द्वितीय परीक्षा के जरिए विद्यार्थियों को इसी सत्र में अगली कक्षा में प्रवेश का अवसर मिल सके। सभी परीक्षा केंद्रों पर सख्त नियमों के साथ परीक्षा कराई जाएगी।

## एमपी स्टेट बार की प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन आज

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल (राज्य अधिवक्ता परिषद) की प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन आज सोमवार 16 मार्च को किया जाएगा। स्टेट बार चुनाव-2026 के संबंध में अधिवक्ताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न सूचनाएं, अधिसूचनाएं व दिशा-निर्देश समय-समय पर जारी किए जा रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत प्रोविजनल मतदाता सूची, आपत्तियां प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, अंतिम मतदाता सूची, नामांकन प्रक्रिया, मतदान केंद्रों की जानकारी तथा अन्य आवश्यक चुनाव संबंधी निर्देश परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं। सभी अधिवक्ता संघों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने अधिवक्ताओं को उक्त वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध जानकारी से अवगत कराएं। चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार हाई पावर्ड इलेक्शन कमेटी का गठन किया गया है, जिसके रिटर्निंग आफिसर न्यायमूर्ति सुशील कुमार पालो, पूर्व न्यायाधीश हैं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया हाई कोर्ट व भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा समय-समय पर निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। साथ ही, चुनाव के दौरान निर्धारित माडल आचार संहिता का पालन सभी प्रत्याशियों व मतदाताओं के लिए अनिवार्य होगा।

**वर्षों से फरार आरोपी न्यायालय में पेश किये गये**

# काम्बिंग गश्त: 280 वारंट तामील

**जबलपुर।** अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए सम्पत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक जबलपुर के निर्देशन में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कांबिंग गश्त 14 मार्च की रात 9 बजे से 15 मार्च की रात 2 बजे पूरे जिले में की गई, इस दौरान कई वर्षों से फरार आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने 132 गैर-म्यादी वारंट, 81 गिरफ्तारी वारंट और 67 जमानती वारंट तामील किए। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बच रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। साथ ही गश्त के दौरान सक्रिय गुंडे-बदमाशों की चेकिंग की गई। देर रात घूमने वालों से पूछताछ की गई तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखानों में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच की गई। एसपी सम्पत उपाध्याय ने बताया कि जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और कानून का पालन



सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गश्त में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) अंजना तिवारी सहित सभी नगर पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी और थाना प्रभारियों की मौजूदगी रही। क्राइम ब्रांच की टीमों को भी विशेष रूप से लगाया गया।

**चरगवां के कुलौन गांव में अग्नि दुर्घटना**

## आग की भेंट चढ़ गई डेढ़ एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल

**जबलपुर।** गर्मी के साथ ही शहर व ग्रामीण क्षेत्रों मुं आग लगने की घटनाओं का दौर शुरूर हो गया है। इसी क्रम में चरगवां क्षेत्र के ग्राम कुलोन के एक खेत में पकी खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और किसान की मेहनत कुछ ही देर में राख में बदल गई। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण लगी इस आग में किसान बैनी प्रसाद पटेल की लगभग डेढ एकड़ में लगी गेहूं की कटने को तैयार फसल जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी फसल धू-धू कर जलने लगी। खेत से उठती तेज लपटें और आसमान में उठते धुएं के गुबार को देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। पाइपलाइन के माध्यम से खेत में पानी डाला गया और पेड़ों की पत्तियों की मदद से आग को काबू करने की कोशिश की गई। काफी देर की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने मिलकर आग पर नियंत्रण पा लिया। ग्रामीणों की तत्परता के कारण आसपास के खेतों में खड़ी अन्य किसानों की फसलों को तबाही से बचा लिया गया। यदि आग समय रहते नहीं बुझती तो कई किसानों सैकड़ों एकड़ में लगी फसल आग की भेंट चढ़ सकती थी।

**महिला सहित 3 गांजा तस्कर**

## 75 हजार का डेढ किलो गांजा बरामद

**जबलपुर।** ग्वारीघाट अधारताल और क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्यवाही करते हुये महिला सहित तीन अरोपियों को गिरफ्तार कर डेढ किलो गांजा और 10 हजार रुपये नगद जप्त किये हैं. पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक क्राइम ब्रांच को मुख्बिर से मिली



सूचना के आधार पर लटकारी के पड़ाव में प्रेम केसरवानी को पकड़ा गया, उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 1 हजार 680 रूपये तथा पहनी हुई बनियान के अंदर एक पालीथीन में 267 ग्राम गांजा जप्त किया गया. इसी प्रकार अधारताल पुलिस ने मुख्बिर की सूचना पर शंकर टोला महाराजपुर निवासी मुन्नी बाई कोल के घर में दबिश देकर नगद 9 हजार रूपये मिले व 882 ग्राम गांजा जप्त किया गया. इसी तरह ग्वारीघाट पुलिस ने पोलीपाथर स्थित चंडी माता मंदिर के पास यही के रहने वाले युवक 24 वर्षीय राहुल अहिरवार 366 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जप्त किये गये गांजे की कीमत 75 हजार रुपये करीब बताई गई है

### *कार की टक्कर से बाईक सवार दो युवक गंभीर*

**जबलपुर।** शहपुरा थानान्तर्गत कल शाम ग्राम गंज कटंगा तिराहा एनएच 45 पर तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। घटना में दोनों युवकों को चोटें आयीं है जिनमें एक युवक को मेडिकल अस्पताल में रिफर किया गया है। आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। शहपुरा पुलिस ने बताया कि ग्राम मालाकला निवासी लखन सिंह लोधी अपने साथी राममप्रसाद वर्मन के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर ग्राम मालाकला पाटन जा रहे थे। शाम जैसे ही ग्राम गंजकटंगा तिराहा एनएच45 रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार शिप्ट कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल को टक्कर मार दी।

## सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी के खाते से साढ़े चार लाख उड़ाये

**जबलपुर।** गोरखपुर थानान्तर्गत पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त एक कर्मचारी घर से पुल नंबर 4 तरफ टहलने के लिए निकला था इसी दौरान उसका मोबाईल फोन रास्ते में कहीं गिर गया। मोबाईल फोन में लगी सिम के नंबरों से उसके खाते लिंक थे। ठगी की आशंका को देखते हुए पुलिस कर्मी ने उसी नंबर पर कंपनी से नयी सिम जारी करा ली। इसके बाद उसने नया मोबाईल खरीदकर जब सिम उसमें लगाकर अपनी पेंशन की जानकारी देखी तो उसे पता चला कि उसके मोबाईल में पैसे कटने के मैसेज आये हैं दुकानदार ने बताया कि पुलिस कर्मी के साथ फ्राड हुआ है उसके खाते से किसी जालसाज ने लगभग साढ़े चार लाख रूपए निकाल लिये हैं। अज्ञात आरोपी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि भंडारी अस्पताल गोरखपुर निवासी 64वर्षीय मधुसूदन पाण्डे पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं गत 22 जनवरी को सुबह टहलने के लिए निकले थे इसी दौरान उनका मोबाईल फोन कहीं गिर गया था उनके मोबाईल में लगी सिम से बैंक खाते लिंक थे जिसके कारण उन्हें साईबर ठगी की आशंका होने लगी। पुलिस कर्मी ने कंपनी से उसकी नंबर पर नई सिम अलाट करवा ली और नया मोबाईल खरीदकर उसमें सिम लगाने के बाद पेंशन देखने के लिए पैलेंस चैक किया तो पता चला कि किसी अज्ञात ने उनके खाते से साढ़ चार लाख रूपए निकाल लिये हैं।

### चाकू अड़ा कर एमआर का मोबाईल लूटा

**जबलपुर।** आधारताल थानान्तर्गत गत धनी की कुटिया के समीप मो बाईल पर बात



करते हुए पैदल घर जा रहे दवा कंपनी के एमआर से स्कूटी सवार दो बदमाशों ने चाकू अड़ाकर दो बदमाशों ने उसका मोबाईल छीन लिया। मोबाईल की कीमत 26 हजार रूपए हें घटना को अंजाम देकर आरोपी एक्टिवा से न्यू राम नगर तरफ भाग गये। आरोपियों की उम्र 18 वर्ष बतायी गई है। आधारताल पुलिस ने बताया न्यू रामनगर सुराही बिल्डिंग निवासी राजेश्वर बडगैंया दवा कंपनी में एमआर का काम करता है। राजेश्वर धनी की कुटिया से पैदल घर की ओर जा रहा थ। धनी की कुटिया के समीप एक्टिवा में सवार होकर आये दो लड़कों ने चाकू अड़ाकर एमआर राजेश्वर से वन प्लस कंपनी का मोबाईल छीन लिया है। घटना के बाद न्यू रामनगर की तरफ भाग गये।




# यूरिन की थैली से निकलीं 500 से ज्यादा पथरियां

**जबलपुर।** उखरी चौक स्थित गैलेक्सी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने 78 वर्षीय बुजुर्ग मरीज की यूरिन की थैली से 500 से अधिक छोटे-बड़े पथरी के टुकड़े सफलतापूर्वक निकालकर नई मिसाल पेश की है। मरीज अंधमूक बाईपास क्षेत्र का निवासी बताया गया है।अस्पताल के यूरोसर्जन डॉ. अवतार पचौरी के नेतृत्व में यह जटिल ऑपरेशन अत्याधुनिक दूरबीन (एंडोस्कोपिक) तकनीक से किया गया। डॉक्टरों के अनुसार मरीज लंबे समय से पेशाब में जलन की समस्या से परेशान थे। हाल के दिनों में उन्हें पेशाब रुक-रुककर आना, पेशाब के साथ छोटे-छोटे कंकड़ निकलना और खून आना जैसी गंभीर शिकायतें होने लगी थीं। जांच के बाद पता चला कि



यूरिन की थैली में बड़ी संख्या में पथरियां जमा हैं। इसके बाद सर्जरी का निर्णय लिया गया। दूरबीन पद्धति से बिना बड़ा चीरा लगाए पथरियों को तोड़कर बाहर निकाला गया। ऑपरेशन सफल रहा और मरीज अब स्वस्थ हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यूरिन में मौजूद खनिज पदार्थ जैसे कैल्शियम और यूरिक एसिड अधिक मात्रा में जमा होकर क्रिस्टल का रूप ले लेते हैं, जो धीरे-धीरे पथरी बन जाते हैं। कम पानी पीना, अधिक नमक और प्रोटीन वाला भोजन, मधुमेह, मोटापा तथा पारिवारिक इतिहास इसके प्रमुख कारण माने जाते हैं। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि रोजाना 3 से 4 लीटर पानी पीना, संतुलित आहार लेना और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना पथरी से बचाव में सहायक हो सकता है।

**सीमांकन के बाद भी कार्रवाई नहीं**

## श्मशान भूमि पर कथित अवैध कब्जा!

**जबलपुर।** पाटन तहसील के ग्राम गुरु पिपरिया में श्मशान भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन और पंचनामा तैयार किए जाने के बावजूद तहसील प्रशासन ने अब तक कब्जा हटाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इससे गांव में नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक शिकायत मिलने के बाद राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर श्मशान भूमि का सीमांकन किया था। सीमांकन के दौरान कथित कब्जाधारी पक्ष के विवेक शर्मा, विश्वरतन शर्मा और मूलचंद शर्मा भी मौजूद थे। इस दौरान सीमांकन को लेकर विवाद की स्थिति भी बनी थी। बताया जा रहा है कि पूरे घटनाक्रम का उल्लेख राजस्व निरीक्षक द्वारा तैयार पंचनामा में दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि स्पष्ट रूप से श्मशान भूमि के रूप में दर्ज है, जो सार्वजनिक उपयोग की जमीन है। इसके बावजूद सीमांकन और पंचनामा की कार्रवाई पूरी होने के बाद भी अवैध कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। मामले को लेकर ग्रामीण लगातार तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनका आरोप है कि शासकीय भूमि का सीमांकन हो जाने के बाद भी कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है। गांव में यह चर्चा भी तेज है कि कहीं किसी प्रकार के दबाव या लेन-देन के चलते कार्रवाई को टाला तो नहीं जा रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाए, ताकि श्मशान भूमि का उपयोग पूर्ववत सार्वजनिक हित में हो सके। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की जांच जारी है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240